हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, मंगलवार 12 अगस्त, 2025, वर्ष: 34 अंक : 138, मूल्य: 3 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe Koylanchal sambad news


## लोकसभा में नया आयकर बिल पास दो खेल विधेयक भी किए गए पेश



नई दिल्ली,(ईएमएस)। संसद के मानसून सत्र में सोमवार को हंगामे और विरोध प्रदर्शनों के बीच सरकार ने नया आयकर बिल (नंबर-2) 2025 और कराधान कानून (संशोधन) विधेयक-2025 लोकसभा में पारित करा लिए। इसके साथ ही दो महत्वपूर्ण खेल विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक 2025 भी सदन में पेश किए गए।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आयकर और कराधान कानून संशोधन विधेयक पारित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने मंजूरी दे दी।

वहीं, केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन और डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक पेश किए। बिहार मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी को लेकर विपक्ष का विरोध जारी रहा, लेकिन इसके बीच ही लोकसभा ने खेल संचालन विधेयक भी पारित कर दिया। इसके बाद सदन को शाम 4 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

इससे पहले संसद की कार्यवाही विपक्ष के तीखे विरोध के बीच हुई। वोटर वेरिफिकेशन और मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोपों पर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चर्चा के बिना बिल पारित करना लोकतंत्र के साथ धोखा है। लोकतंत्र की रक्षा होनी चाहिए और चेयर व नेता सदन को इस पर स्पष्ट करना चाहिए।

### मुनीर ने अमेरिका से दी भारत को परमाणु हमले की धमकी कहा, आधी दुनिया ले डूबेंगे

वाशिंगटन। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने अमेरिका की धरती से भारत के खिलाफ परमाणु धमकी दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस्लामाबाद को भारत से अस्तित्व का खतरा महसूस हुआ, तो वह आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। यह अपनी तरह का पहला मामला है जब किसी देश के सेना प्रमुख ने अमेरिकी धरती से किसी तीसरे देश के खिलाफ परमाणु धमकी दी हो।टैम्पा में आयोजित एक ब्लैक-टाई डिनर में पहुंचने मुनीर ने वहां मौजूद लोगों से कहा, हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं। अगर हमें लगा कि हम डूब रहे हैं, तो आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेंगे। मुनीर ने अमेरिकी राजनीतिक और सैन्य अधिकारियों के साथ-साथ पाकिस्तानी प्रवासियों से भी मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने निवर्तमान अमेरिकी सेंट्रल कमांड के कमांडर जनरल माइकल कुरील के सेवानिवृत्ति समारोह और एडमिरल ब्रैड कूपर के कार्यभार ग्रहण समारोह में भाग लिया। मुनीर ने कुरिल्ला के नेतृत्व और अमेरिका-पाकिस्तान सैन्य संबंधों में उनके योगदान की प्रशंसा की।

## संक्षिप्त खबरें

### पटना के पूर्व मेयर कृष्ण मुरारी यादव के निधन पर राजद परिवार ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की

पटना, (ईएमएस)। पटना के पूर्व मेयर कृष्ण मुरारी यादव का निधन हो गया। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ.मीसा भारती, प्रदेश राजद के अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ.कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो.मनोज कुमार झा, सांसद संजय यादव, सुरेन्द्र यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ.सुनील कुमार सिंह, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ.तनवीर हसन, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, शिवचंद्र राम, प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव एवं एजाज अहमद सहित राजद परिवार के नेताओं ने पूर्व मेयर कृष्ण मुरारी यादव के निधन पर अपनी गहरी शोक संवेदना प्रकट की और कहा कि इनके निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में अपुरणीय क्षति हुई है।

### बिहार के 19 जिलों के लिए अलर्ट जारी, 48 घंटे होगी मूसलाधार बारिश

पटना, (ईएमएस)। एक बार फिर बिहार में बारिश अपना रौद्र रूप दिखाने वाली है। दरअसल मौसम विभाग ने अगले 48 तक तक मूसलाधार बारिश होने का अनुमान जताया है। उत्तर बिहार में आंधी-तूफान के साथ मूसलाधार बारिश की चेतावनी है, जबकि दक्षिण बिहार में रुक-रुककर भारी बारिश होगी। बताया गया है कि 12 और 13 अगस्त को भारी बारिश, बाढ़ और वज्रपात का खतरा है। मौसम विभाग ने राज्य के 19 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए मूसलाधार बारिश, 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं और बिजली गिरने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार शिवहर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, सहरसा, शेखपुरा, बांका, लखीसराय, वैशाली, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, पश्चिम चंपारण और पूर्व चंपारण में 12 एवं 13 अगस्त को भारी बारिश और वज्रपात की संभावना है। कटिहार में पिछले 24 घंटों में 140 मिमी, नालंदा में 70 मिमी, शेखपुरा और बांका में 65 मिमी और पटना में 57 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### एसीबी कोर्ट ने दी घूसखोर राजस्व कर्मचारी आनंद को 7 साल की सजा

रांची(ईएमएस)।रांची एसीबी की स्पेशल कोर्ट ने रिश्वतखोर राजस्व कर्मचारी आनंद खलखो को सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने दोषी पर दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माना की राशि नहीं देने पर दोषी को अतिरिक्त सजा काटनी होगी।राजस्व कर्मचारी आनंद खलखो पर जमीन का नामांतरण करने के एवज में 3 डिसमिल जमीन और 40 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। आनंद ने केस के सूचक माधो उरांव से 3 डिसमिल जमीन अपने नाम लिखवा भी लिया था और 40 हजार रुपए की मांग कर रहा था।जिसके बाद माधो उरांव ने एसीबी से शिकायत की थी।एसीबी ने उसे 4 मार्च 2014 को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद राजस्व कर्मचारी आनंद के घर से 9 लाख रुपए भी बरामद किया गया था।

### सांसद जोबा माझी ने मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य की ली जानकारी

रांची(ईएमएस)।सिंहभूम से लोकसभा सांसद जोबा माझी ने सोमवार को दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने अस्पताल में इलाजरत झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली।यहां उन्होंने मंत्री के बड़े पुत्र सोमेस सोरेन से मुलाकात की मंत्री के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। सोमेस सोरेन ने सांसद को बताया कि उसके पिता की स्थिति पहले जैसी ही है। फिलहाल ऑपरेशन के बारे में अभी कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है।सांसद ने मंत्री पुत्र को ढांढस बंधाते हुए कहा कि झारखंड के हजारों लोग मंत्री के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।ईश्वर हम सभी लोगों की प्रार्थना सुनेंगे और रामदास सोरेन स्वस्थ्य होकर पहले की तरह जनसेवा में जुटेंगे।

### गुरूजी के श्राद्धकर्म में 9 आईपीएस संभालेंगे विधि व्यवस्था



रामगढ़(ईएमएस)।दिशोम गुरु शिबू सोरेन का श्राद्धकर्म 16 अगस्त को उनके पैतृक गांव नेमरा,रामगढ़ में आयोजित होगा। इस दौरान पूरे झारखंड से कई लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचेंगे।ऐसे में श्राद्ध कार्यक्रम में विधि व्यवस्था संभालने के लिए नौ आईपीएस अधिकारियों को तैनात किया गया है। इससे संबंधित आदेश डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जारी कर दिया है।जारी आदेश के मुताबिक, सभी आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति तीन दिनों (14 से 16 अगस्त) के लिए की गई है, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।प्रतिनियुक्त किए गए नौ आईपीएस अधिकारियों में प्रियदर्शी आलोक (रेल डीआईजी),किशोर कौशल (जैप 7 कमांडेंट),अंजनी अंजन (एसपी, जेपीए),एचपी जनार्दनन (एसपी, स्पेशल ब्रांच),आशुतोष शेखर (एसपी, पीटीसी),एहतेशाम वकारिब (एसपी),सौरभ (जैप 1 कमांडेंट), अजय सिन्हा (एसपी, आईटीएस) और मनोज स्वर्गीयरी (एसपी) शामिल हैं।

## रेप के दोषी आसाराम को अंतरिम-जमानत मिली



### बीमारी को आधार बनाया था, कार्डियोलॉजिस्ट सेहत की जांच कर कोर्ट को रिपोर्ट सौंपेंगे

जोधपुर(ईएमएस)। गुजरात और राजस्थान में आजीवन कारावास की सजा काट रहे रेप के दोषी 86 साल के आसाराम को एक बार फिर राहत मिली है। राजस्थान हाईकोर्ट ने आसाराम की ओर से दायर अपील पर सोमवार को सुनवाई की। कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत 29 अगस्त तक बढ़ा दी है।

आसाराम की ओर से वकील निशांत बोड़ा ने हाल की मेडिकल रिपोट्र्स कोर्ट में पेश की थी। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने भी पिछले दिनों इसी ग्राउंड पर आसाराम की अंतरिम जमानत 29 अगस्त तक बढ़ाई थी।

इंदौर के हॉस्पिटल में भर्ती है रेपिस्ट गुजरात हाईकोर्ट की ओर से जारी आदेश से सामने आया था कि आसाराम की ट्रोपोनिन लेवल बहुत ज्यादा है। यह चिंताजनक है। उसका इलाज कर रहे डॉक्टर के अनुसार, आसाराम की स्थिति क्रिटिकल है। वर्तमान में इंदौर के जूपिटर हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती है।

### बाइक-स्कॉर्पियो हादसे में 5 की मौत

अनूपपुर(ईएमएस)। अनूपपुर में एक स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद पलटी खाते हुए निर्माणाधीन मकान में घुस गई। गाड़ी इतनी रफ्तार से पलटते हुए गई की आगे का कांच टूट गया, जिससे निकलकर दो युवक बाहर गिर गए। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

## महाराष्ट्रः सड़क से 30 फीट नीचे गिरी पिकअप वैन, आठ महिलाओं की मौत

### पीएम मोदी ने किया मुआवजे का एलान

### मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये घायलों को 50,000




मुंबई : महाराष्ट्र के पुणे में पहाड़ी इलाके में एक पिकअप वैन सोमवार को सड़क से 25 से 30 फीट नीचे गिर गई। इस हादसे में आठ महिलाओं की मौत हो गई और 25 लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये का मुआवजा देने का एलान किया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, 30 से 35 यात्रियों को ले जा रही पिकअप वैन के चालक के वाहन पर नियंत्रण खोने से यह हादसा हुआ। पापलवाड़ी गांव के रहने वाले ये लोग श्रावण मास में पश्चिमी महाराष्ट्र के खेड़ तहसील में श्री क्षेत्र महादेव कुंडेश्वर मंदिर जा रहे थे।

पिंपरी चिंचवाड़ पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, पैत गांव से गुजरते वक्त दोपहर एक बजे चालक के नियंत्रण खोने से पिकअप वैन सड़क से नीचे गिर गई। पिकअप वैन में अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया और हादसे में घायल लोगों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

मृतकों में शोभा ज्ञानेश्वर पापड़, सुमन कालूराम पापड़, शारदा रामदास चोरगे, मंदा कनिफ दरेकर, संजीवनी कैलास दरेकर, मीराबाई संभाजी चोरगे, बयदाबाई नयनेश्वर दरेकर और शकुंतला तानाजी चोरगे शामिल हैं। पीएमओ की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि महाराष्ट्र के पुणे में हुई एक दुर्घटना में हुई जान-माल की हानि से दुखी हूं। इस दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## 15 अगस्त को राज्यपाल मोरहाबादी में फहराएंगे तिरंगा गुरुजी के निधन की वजह से कार्यक्रम में आया बदलाव





रांची(ईएमएस)।स्वतंत्रता दिवस पर इस साल रांची स्थित मोरहाबादी मैदान में 15 अगस्त को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार झंडोत्तोलन करेंगे। परंपरा के अनुसार इस मुख्य राजकीय समारोह में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी रांची में मुख्यमंत्री के द्वारा और उप राजधानी दुमका में राज्यपाल के द्वारा झंडोत्तोलन किया जाता है। वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर रांची में राज्यपाल और दुमका में मुख्यमंत्री के द्वारा तिरंगा फहराया जाता है। लेकिन इस साल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध-कर्म में व्यस्त हैं। और यही कारण है कि वे इस बार झंडोत्तोलन नहीं कर रहे हैं।बता दें कि वे 16 अगस्त तक नेमरा रहेंगे और अपने पिता के श्राद्ध-कर्म कार्यक्रम में शामिल रहेंगे।

और यही कारण है कि में राज्य सरकार ने राज्यपाल को इस मुख्य समारोह में झंडोत्तोलन का दायित्व सौंपने का निर्णय लिया है।वहीं दुमका में प्रमंडलीय आयुक्त को यह दायित्व सौंपने पर सहमति बनी है। हालांकि इस बात की औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। लेकिन राजभवन को इस विषय पर आग्रह प्रस्ताव भेज दिया गया है।

बात दें कि राज्यपाल वर्तमान में राज्य से बाहर हैं। उनकी सहमती के बाद ही इसकी औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी।

## बिहार में कई नदियां उफान पर, बाढ़ का पानी घरों और खेतों में घुसा

### 11 लोगों की मौत हो, 10 लाख से अधिक लोग प्रभावित

पटना, (ईएमएस)। एक ओर जहाँ बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल अपनी रणनीति बनाने में जुटे हैं तो दूसरी और आम जनता बाढ़ की विभीषिका से त्रस्त है। क्योंकि गंगा, कोसी, बागमती समेत 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं, जिससे पटना, वैशाली, मुंगेर, बेगूसराय, बक्सर, भागलपुर और खगड़िया में बाढ़ का पानी घरों और खेतों में घुस गया है। अब तक 11 लोगों की मौत होने की खबर है जबकि 10 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी से कई जिलों में बाढ़ ने विकराल रूप ले लिया है। चारों ओर फैले पानी के बीच ग्रामीण त्राहिमाम कर रहे हैं। हालांकि प्रशासन राहत कार्य में जुटा है, लेकिन बड़ी आबादी अब भी सरकारी सुविधाओं से वंचित है। उधर गंगा नदी पटना में दीघा घाट पर 51.62 मीटर (117 सेमी ऊपर) और गांधी घाट पर 50.20 मीटर (160 सेमी ऊपर) खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बक्सर में स्टेट हाइवे पर पानी बह रहा है और भागलपुर में कटाव के कारण कई घर नदी में समा गए हैं। कोसी में बराह से 94,775 क्यूसेक और बीरपुर से 1.19 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जिससे सुपौल और अररिया में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। साथ ही कोसी बैराज से लगातार हो रहे जल प्रवाह और डिस्चार्ज के कारण मधेपुरा जिले के आलमनगर और चौसा प्रखंड के निचले इलाकों में बाढ़ का कहर तेज हो गया है। कोसी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे दर्जनों गांव प्रभावित हो चुके हैं। बाढ़ के पानी ने अब ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ घरों और स्कूलों में भी दस्तक दे दी है।

### एसआईआर और वोट चोरी मामले को लेकर विपक्ष का मेगा मार्च

## राहुल गांधी समेत अनेक नेता गिरफ्तार, बाद में रिहा




नई दिल्ली,(ईएमएस)। वोटर वेरिफिकेशन और वोट चोरी मामले को लेकर विपक्ष के 300 सांसद सोमवार सुबह संसद से चुनाव आयोग कार्यालय तक मेगा मार्च के लिए निकले हैं। इस मार्च में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसद शामिल हुए हैं। मार्च को रोकने के लिए पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेडिंग कर रखी थी, जिसे फांद कर अखिलेश यादव चुनाव आयोग दफ्तर की ओर आगे बढ़े। इस बीच प्रदर्शन कर रहे विपक्षी नेताओं की पुलिस से बहस भी हुई, जिसके बाद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और डिंपल समेत अनेक नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना था कि विपक्षी सांसदों की ओर से इस मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। पुलिस की ओर से रोके जाने के बाद अखिलेश यादव, महुआ मोइत्रा समेत कई सांसदों ने बैरिकेड्स पर चढ़ने की कोशिश की। कुछ सांसद बैरिकेड्स कूदकर बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे सांसदों को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब सांसदों ने सड़क से हटने से इनकार किया तो राहुल-प्रियंका गांधी समेत तमाम नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। हालांकि, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। मल्लिकार्जुन खरगे और शरद पवार समेत विपक्षी सांसदों ने सोमवार को बिहार में मतदाता सूची संशोधन के विरोध में संसद भवन से चुनाव आयोग मुख्यालय तक मार्च निकाला। हालांकि, पुलिस ने उन्हें परिवहन भवन के पास बीच रास्ते में ही रोक दिया।

## डिप्टी सीएम चौधरी को जेड प्लस तो तेजस्वी जेड श्रेणी की सुरक्षा समेत पांच नेताओं की सुरक्षा बढ़ी



पटना,(ईएमएस)। बिहार में विधानसभा चुनाव करीब हैं। इससे पहले बिहार के सीएम नीतीश सरकार ने उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित पांच नेताओं की सुरक्षा बढ़ा दी है। पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, अररिया सांसद प्रदीप कुमार, बाढ़ के विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू और जदयू विधान पार्षद नीरज कुमार सिंह की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। गृह विभाग की अधिसूचना के मुताबिक बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को जेड प्लस और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को जेड श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव, प्रदीप सिंह और ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू को वाई प्लस जबकि नीरज कुमार को वाई श्रेणी सुरक्षा दिए जाने का फैसला लिया है। विभाग ने डीजीपी को पत्र लिखकर सुरक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। बता दें कुछ दिनों पहले बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की सुरक्षा को लेकर सवाल उठे थे। नवादा से पटना लौटते समय पटना के मरीन ड्राइव के पास उनके काफिले में एक कार घुस गई थी। इससे पहले उनके काफिले में शामिल एक कार को टक्करर मारने की घटना भी हुई थी। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को हाल ही में जान से मारने की धमकी मिली थी। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव लंबे समय से अपनी सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग कर रहे थे।

बता दें जेड प्लस सुरक्षा श्रेणी सबसे उच्च स्तर की सुरक्षा श्रेणी होती है। किसी व्यक्ति को यह सुरक्षा देने से पहले गृह मंत्रालय राज्य सरकार से सलाह के बाद फैसला लेता है। जेड प्लस सुरक्षा में करीब 55 जवान वीआईपी की सुरक्षा में 24 घंटे तैनात रहते हैं। यह एनएसजी के कमांडो होते हैं। यह कमांडो वीआईपी के घर से लेकर उनके दफ्तर तक उनके साथ रहते हैं।

जेड श्रेणी की सुरक्षा एक हाईलेवल सुरक्षा व्यवस्था है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को यह सुरक्षा प्रदान की गई है। अब 22 सुरक्षा कर्मी तेजस्वी के साथ साए की तरह हमेशा साथ रहेंगे। इसमें एनएसजी कमांडो और पुलिसकर्मी दोनों शामिल रहते हैं। इस कैटेगरी की सुरक्षा में आईटीबीटी या सीआरपीएफ के जवान भी शामिल रहते हैं।

पप्पू यादव को वाई प्लस सुरक्षा दी गई है। इस सुरक्षा श्रेणी के तहत वीआईपी की सुरक्षा में करीब एक दर्जन जवान तैनात रहते हैं। इनमें 2-4 कमांडो और तीन पीएसओ होते हैं। इसके अलावा वाई श्रेणी सुरक्षा व्यवस्था के तहत वीआईपी की सुरक्षा में करीब 8 जवान हमेशा तैनात रहते हैं। इन जवानों के लिए दो गाड़ियां रहती हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## दो अलग अलग दुर्घटनाओं में चार लोग घायल, एक की हालत गंभीर

खूंटी(ईएमएस)।मुरहू सीएचसी से ड्यूटी कर लौट लौटने के क्रम में खूंटी के नामकोम सड़क मार्ग पर नशे में धुत बाइक सवार ने जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना में गनालोया निवासी नंदलाल गंझू अपनी पत्नी रिंकी कुमारी और दो बच्चों के साथ अपने घर वापस जा रहे थे। नशे की हालत में बाइक सवार ने स्कूटी सवार नंदलाल और रिंकी कुमारी को टक्कर मारी। जिससे स्कूटी सवार रिंकी कुमारी और बच्चे समेत तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को खूंटी सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल में सभी घायलों का इलाज चल रहा है। वहीं एक दूसरी घटना में हुलहुडु सिलादोन निवासी 21 वर्षीय युवक अंकित रूणडा ( पिता बर्नाबास रूणडा) दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अज्ञात लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।घायलों की जानकारी होने पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि लगातार नशे के कारण युवा वर्ग तेज रफ्तार में बाइक चलाते हैं और दुर्घटना में राहगीरों की जान तक ले लेते हैं। पुलिस प्रशासन को नशे के विरुद्ध कड़ाई से अभियान चलाना चाहिए।

## चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय से निकाली गई तिरंगा यात्रा

धनबाद(ईएमएस)।चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय में आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाला गया। इनसे पहले कार्यालय में स्वछता को लेकर कार्यशाला आयोजन हुआ। जिसके बाद चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय से चिरकुंडा शहीद चौक तक तिरंगा यात्रा ले जाया गया। जहां चौक पर शहीदों के प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इधर मीडिया से बात करते हुए नगर परिषद के ईओ सुश्री प्रियंका कुमारी ने कहा की केंद्र सरकार के अभियान तिरंगा यात्रा 2अगस्त से 15 अगस्त तक चलाया जा रहा है इसी के तहत स्वछता को लेकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा जिस प्रखर हर घर तिरंगा रखना जरूरी है उसी प्रकार हर घर स्वछता भी जरूरी है। जागरूकता रैली के द्वारा लोगो के बीच संदेश पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

## भूस्खलन की वजह से बभनबे पहाड़ का एक हिस्सा खिसककर आया नीचे, भारी मात्रा में मलवा जमा

हजारीबाग(ईएमएस)।मानसून के वक्त पहाड़ी क्षेत्र में भूस्खलन की घटना सामान सी बात है।अब हजारीबाग जैसे क्षेत्र में भी भूस्खलन जैसी घटना घट रही है। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित बभनबे पहाड़ पर भारी बारिश के कारण अचानक भूस्खलन हो गया। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण पहाड़ का बड़ा हिस्सा खिसककर नीचे आ गया। जिससे बड़ी मात्रा में मालवा जमा हो गया।घटना स्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर ग्रामीणों के घर हैं।हालांकि, किसी तरह का जनहानि या संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ है।इलाके में डर का माहौल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसा नजारा पहले केवल उत्तराखंड या अन्य पहाड़ी राज्यों में देखा था।इस बार की बारिश ने हजारीबाग में भी पहाड़ खिसकने जैसी घटना हो रही है।घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। मुफस्सिल थाना प्रभारी कुणाल किशोर ने बताया कि इलाके में एहतियात के तौर पर लोगों की आवाजाही रोक दी गई है।

## सिमडेगा में पंचायत उन्नति सूचकांक को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

सिमडेगा(ईएमएस)।सिमडेगा जिले में पंचायत उन्नति सूचकांक को लेकर सोमवार को नगर भवन में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक पदाधिकारियों ने अपने विचार साझा करते हुए पंचायत के विकास के लिए आपकी समन्वय और जन सहयोग पर जोर दिया।उपयुक्त कंचन सिंह ने कहा कि इन सूचकांकों से हमें अपने कार्यों के बारे में जानकारी मिलती है। इन सूचकांकों के आधार पर अपनी कमियों का आकलन करते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है।उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी ने पंचायत उन्नति के सभी नौ विषयों पर सफलता प्राप्ति के लिए व्यावहारिक धरातल पर कार्य करने के टिप्स दिए।वही पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी ने पंचायत उन्नति सूचकांक के आधार पर कार्य करने के महत्व के बारे में बताया।वहीं जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा और जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने पंचायत के विकास के लिए प्रशासनिक पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी समन्वय पर जोर दिया।

## मंदिर में चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।धालभूमगढ़ हनुमान वाटिका मंदिर से पीतल के बर्तन और घंटी चोरी मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी फरार है। मामला धालभूमगढ़ थाने में इस मामले में केस दर्ज किया गया था।इस मामले में शिकायतकर्ता धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के नरसिंहगढ के रहने वाले विप्लव ने लिखित आवेदन में बताया था कि 19-20 जुलाई की रात अज्ञात चोर मंदिर से पीतल की चार थाली, एक लोटा, एक दीया, एक छोटी घंटी और मुख्य द्वार पर टंगी बड़ी घंटी चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने आरोपी जमशेदपुर के जवाहर नगर बागान शाही के अरमान को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी में प्रयुक्त काला एक्टिवा स्कूटी बरामद हुई है। चोरी का सामान मानगो के दाईगुट्टू की रहने वाली महिला सोनी कुमारी साव ने खरीदा था। महिला को भी पकड़ा गया। पुलिस ने पचन बर्तन भंडार से चोरी का सामान बरामद किया है।

## लोगों को भेंट स्वरूप उपलब्ध कराया जा रहा है तिरंगा, अभियान को लेकर लोगों में उत्साह

हजारीबाग(ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में इन दिनों भारतीय जनता पार्टी तिरंगा अभियान चला रही है।जिसके तहत प्रदेश भाजपा राज्य के हर घर तक तिरंगा पहुंचाने का काम कर रही है।पार्टी ने इसके लिए बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय ध्वज मंगवाया है।जिसकी बिक्री के साथ साथ लोगों को मुफ्त में घर पर लगाने के लिए दिया जा रहा है। हजारीबाग में भी तिरंगा अभियान को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों में भी उत्साह है। लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।साथ ही तिरंगा लोगों को उपलब्ध भी कराया जा रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जादो बाबू चौक पर राहगीरों को तिरंगा भेंट स्वरूप उपलब्ध कराया है।उनसे अपील की जा रही है कि वह अपने घर में तिरंगा अवश्य लगाएं। शाम चार बजे के बाद तिरंगा उतार भी ले। अगले दिन सूर्योदय के साथ तिरंगा लगे और 15 अगस्त तक यह प्रक्रिया जारी रखें।

## गैंगस्टर से राजनीति में आए पूर्व भाजपा नेता सुर्यनारायण उर्फ सूर्या हांसदा पुलिस एनकाउंटर में मारा गया

गोड्डा। राजमहल कोल परियोजना क्षेत्र डकैता गांव के पूर्व भाजपा नेता सुर्यनारायण उर्फ सूर्या हांसदा बीती रात पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। सोमवार की सुबह सूर्या के शव को पुलिस भारी सुरक्षा के बीच ललमटिया थाना के जोलोकुण्डी राहरबड़िया पहाड़ के तराई ए जंगल से लेकर सदर अस्पताल पहुंची है।सुर्यनारायण हांसदा के खिलाफ ईसीएल कोयला खदान क्षेत्र में दहशत फैलाने को लेकर गोलीबारी करने वो हाइवा जलाने को लेकर गोड्डा के बोआरीजोर थाना में मामला दर्ज था। पुलिस सूर्या की गिरफ्तारी को लेकर एसआईटी का गठन कर सर्च अभियान चला रही थी।ललमटिया वो आस पास के क्षेत्र में लगातार कार्रवाई के बीच रविवार को देवघर जिला के मोहनपुर थाना के नवाडीह गांव से सूर्या को गिरफ्तार कर लिया गया था। नवाडीह गांव सूर्या मौसी के घर जा रहा था। गुप्त सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

# उदय योजना का पलामू में हुआ शुभारंभ,पीवीटीजी के बीच डाक्यूमेंट्स का किया गया वितरण

पलामू(ईएमएस)। जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की विशेष पहल उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना उदय का सोमवार को जिले में शुभारंभ हुआ।रामगढ़ के उलडंडा पंचायत भवन में डीसी,डीडीसी,सहायक समाहर्ता सहित स्थानीय मुखिया ने दीप प्रज्वलन कर इस अभियान की शुरआत की।इसके बाद नवाडीह पंचायत में भी अभियान की शुरूआत की गयी।इसके पूर्व दोनों ही पंचायतों में उपायुक्त के पहुंचने पर परंपरागत रूप से ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया।रामगढ़ पहुंची उपायुक्त ने दोनों ही पंचायतों के लोगों के बीच उनके रोजमर्रा में जरूरत पड़ने वाले दस्तावेजों का वितरण किया।इस दौरान उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र,आयुषमान कार्ड,जाति प्रमाण पत्र,पेंशन स्वीकृति संबंधी दस्तावेज,स्थानीय प्रमाण पत्र,राशन कार्ड,आधार कार्ड,पीएम जनमन आवास से संबंधी दस्तावेज,जॉब कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों का वितरण किया गया।

इस दौरान उपायुक्त ने कई बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया।इसके अलावे नवाडीह पंचायत में वन पट्टा का भी वितरण किया गया।अभियान को लेकर उपायुक्त ने पीवीटीजी समुदाय के लोगों से कहा कि आज हम सभी आपके यहां जो आप सबों के हक एवं



अधिकार है वो देने हैं।उन्होंने कहा कि आज जो दस्तावेजों का वितरण आप सबके बीच किया गया है,इन सभी को संभाल कर रखें।उन्होंने कहा कि इन दस्तावेजों के जरिए आप विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।उन्होंने कहा कि उलडंडा में मोबाइल नेटवर्क के अधिष्ठापन को लेकर योजना बनायी जायेगी। उन्होंने कहा कि आज इन दोनों पंचायतों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत अभियान की शुरुआत की गई है।आज के अभियान का आकलन कर इसे अन्य पंचायतों में लागू किया जायेगा।उन्होंने कहा कि अभी भी किसी का कुछ दस्तावेज छूट गया है,तो वे बलॉक के कर्मी से बनवा सकते हैं।

ज्ञातव्य है कि उपरोक्त दोनों पंचायतों में डॉक्यूमेंट से छूटे हुए लाभुकों का सर्वे पूर्व में ही करा लिया गया था तत्पश्चात सभी से आवेदन भी प्राप्त कर लिए गये थे।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन,सहायक समाहर्ता हिमांशु कुमार,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान,रामगढ़ बीडीओ, चैनपुर सीओ, स्थानीय मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समेत बड़ी संख्या में पीवीटीजी समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## डीसी का निर्देश:राइट टू एजुकेशन के तहत अगले शैक्षणिक सत्र में एक भी सीट खाली नहीं रहे

पलामू(ईएमएस)।उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने सोमवार को शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक कर जिले में शिक्षा विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने छात्रवृत्ति,पोशाक,पाठ्य पुस्तक मध्यान भोजन,आदि की समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये।समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि प्रायः ऐसा देखा जाता है कि बच्चों को वितरण किये जाने वाले साईकल को खुले छत में रखने संबंधी खबरें प्रकाशित की जाती है।उन्होंने डीईओ को कहा कि खुले में कोई भी साईकल ना रहे,यह सुनिश्चित करें।इसके अलावे छात्रों के बीच तय समय से साईकल वितरण करना सुनिश्चित करें।उन्होंने डीईओ को डीडब्लूयू से बेहतर समन्वय स्थापित करने की बात कही।इस दौरान डीईओ ने बताया



कि वित्तिय वर्ष 2024-25 में शिक्षा विभाग द्वारा किये जाने वाले साईकल वितरण के लक्ष्य को पूर्ण कर लिया गया है।बैठक में उपायुक्त ने टीचर्स की अटेंडेंस की समीक्षा की।इस दौरान उंटारी रोड एवं तरहसी में कम अटेंडेंस होने के कारणों से अवगत हुईं।इसके अलावे बच्चों की अटेंडेंस की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें भी सुधार करने की ज़रूरत है।उन्होंने सभो बीपीओ व बीईईओ को हर हाल में बच्चों के अटेंडेंस में बढ़ोतरी लाने की दिशा में कार्य करने की बात कही।बैठक में आरटीई के तहत बच्चों के एडमिशन की समीक्षा करते हुए डीसी ने पाया कि आरटीई के तहत कई सीटें खाली रह गयी हैं।इसमें कारण बताया गया कि आवेदन नहीं होने के कारण सीटें खाली रह गयी है।इस विषय पर डीसी ने चिंता जाहिर करते हुए अगले शैक्षणिक सत्र में इस तरह की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिये नवंबर माह से ही आरटीई के तहत एडमिशन की प्रक्रिया को शुरू करने की बात कही।इसको लेकर उन्होंने डीएसइ को इस विषय का व्यापक प्रचार-प्रसार करवाने पर बल दिया।इस कार्य के लिये उन्होंने प्रखंड स्तर पर कार्यरत बीआरपी,सीआरपी व अन्य स्टाफ का सहयोग लेने की बात कही।इसके अलावे समग्र शिक्षा अभियान की गतिविधि,कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन की अद्यतन स्थिति,विद्यालय में बच्चों की इन रोलमेंट,स्कूलसर्टिफिकेशन,डिजिटल शिक्षा, साइकिल वितरण,स्कूल किट, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई के माध्यम से चयन, आइसीटी प्रोग्राम एवं स्मार्ट क्लास,किचन गार्डन,विद्यालयों में लाइब्रेरी की उपलब्धता व मध्याह्न भोजन से संबंधित समीक्षा की गयी।मौके पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन,सहायक समाहर्ता हिमांशु कुमार,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान,जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक,सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, अकाउंटेंट,बीपीओ, विभिन्न वार्डन समेत अन्य उपस्थित थे।

## पंचायत उन्नति सूचकांक पर जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

खूंटी(ईएमएस)।खूंटी के गोल्डन पैलेस सभागार में सोमवार को पंचायत उन्नति सूचकांक पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला के सभी विभागों के पदाधिकारी और त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि पंचायत की उन्नति के लिए विभिन्न बिंदुओं पर कार्य करने की आवश्यकता है। समावेशी विकास के आधार पर ही पंचायत सशक्त होंगे। शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर भी पंचायत स्तर पर विशेष रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। खास कर महिलाओं के सशक्तिकरण से गांव गांव में अयवृद्धि होगी। पंचायतों के विकास पर सरकार का ध्यान रहा है। ग्रामसभा सशक्त होंगे तो पंचायत मजबूत होंगे। गांव की गरीबी कैसे मिटे इसपर कार्य करने पर जोर दिया गया। पंचायतों में चल रहे कार्यों की डाटा एंट्री का मिलान सही नहीं होने पर पंचायत विकास के सूचकांक में पिछड़ जाएंगे। इसलिए पंचायत उन्नति सूचकांक पर पंचायत प्रतिनिधियों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त आर रॉनिटा ने कहा कि विकास के सूचकांक को देखना हो तो पंचायत स्तर पर गांव गांव में विकास कार्यों को प्राथमिकता देनी होगी। गांव सशक्त होंगे तो पंचायत मजबूत होगी और पंचायत सशक्त होंगे तो जिला, राज्य और राष्ट्र मजबूत होगा। पंचायतों के उन्नयन को लेकर ग्रामीण विकास के विभिन्न सूचकांकों पर ग्रामसभा से लेकर पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर विकास कार्यों को प्राथमिकता देनी होगी। जिला स्तरीय कार्यशाला में उपायुक्त आर रॉनिटा, उपविकास आयुक्त आलोक कुमार, एसडीओ दीपेश कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार सील, डीएसपी वरुण रजक, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, उपाध्यक्ष मंजू देवी, पंचायती राज पदाधिकारी समेत सभी प्रखंड के पदाधिकारी और त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

## गोलीकांड में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।परसुडीह थाना अंतर्गत कीताडीह ग्वाला पट्टी इलाके में 5 अगस्त की शाम को रवि यादव को गोली मारने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में एक नामजद आरोपीय और दो सहयोगी शामिल है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था जिसने कार्रवाई करते हुए सफलता हासिल की। इस मामले में फरार आरोपियों की धर पकड़ के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जिन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उसमें बागबेड़ा रेलवे ट्रैफिक कॉलोनी निवासी समीर कुमार सिंह उर्फ पांडू, कीताडीह राजू बागान के संजय वर्मा उर्फ संजू वर्मा और विवेक शाह शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त स्कूटी और सैमसंग मोबाइल फोन बरामद किया गया है। जिसका इस्तेमाल रेकी और आपसी संपर्क के लिए किया गया था।घटना के दिन शाम करीब 5:38 में रवि यादव अपनी गाड़ी से घर लौट रहा था। तभी किताडीह ग्वाला पट्टी नाले के पास स्कूटी पर सवार दो युवकों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। फायरिंग में रवि यादव घायल हो गया था। जिसे तुरंत टाटा मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया।घटना के बाद से ही पुलिस अभियुक्त की तलाश में लगातार छापे मारी कर रही थी। सीसीटीवी में भी वारदात रिकॉर्ड हुई थी। जिसमें दो आरोपी मौके से भागते हुए दिखाई दिए थे। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि घायल रवि यादव और निहाल तिवारी के बीच कुछ माह पूर्व मारपीट हुई थी। जो बाद में समझौते में बदल गई, लेकिन निहाल ने रंजिश पालते हुए रवि को जान से मारने की योजना बनाई और अपने साथियों के साथ हमले को अंजाम दिया।एसपी ने बताया कि दो व्यक्ति रवि यादव की रेकी कर रहा था, बाकी और तीन लोग इस घटना में शामिल थे। जिसमें तीन पकड़ा गया। पुलिस चार राज्यों में अपराधियों को पकड़ने के लिए छापामारी कर रही है। यह एक महीना पहले से बड़े ही प्लानिंग ढंग से तैयार किया गया था।आरोपी प्रतिदिन अपना स्थान और राज्य बदल लेते थे। जिससे पुलिस की पकड़ में ना आए, हालांकि रवि यादव हर छोटी बातों पर लड़ाई करता था। उस पर भी 8 केस दर्ज हैं। रवि यादव की स्थिति अभी स्थिर बताई जाती है।

## रिम्स निदेशक को व्हाट्सएप कॉल पर मिली धमकी

रांची(ईएमएस)।रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को व्हाट्सएप कॉल पर 15 दिनों के अंदर राँची से बाहर करने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने खुद को चंदन कुमार बताते हुए कहा कि वह 15 दिनों के अंदर डॉ.राजकुमार को राँची से बाहर कर देगा। इस मामले में रिम्स डायरेक्टर ने बरियातू थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी चंदन कुमार ने इससे पहले मई महीने में डॉ. राजकुमार से मुलाकात की थी। इस दौरान उसने खुद को राँची के विनायक हास्पिटल का सीईओ बताया था।मुलाकात के दौरान उसने रिम्स में ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित कुछ मांगें रखी थीं। मांगें पूरी न होने पर उसने यह धमकी दी है। डायरेक्टर ने बताया कि धमकी के बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। बरियातू थाना पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुट गई है और व्हाट्सएप कॉल के नंबर की जांच कर रही है। साथ ही चंदन को पकड़ने के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है।

## एसयूवी ने कई वाहनों में मारी टक्कर फिर तीन राहगीरों को कुचला, मौत

रांची,(ईएमएस)। झारखंड के रांची में एक तेज रफ्तार एसयूवी ने कई वाहनों को टक्कर मारने के बाद एक महिला और दो बच्चों को कुचल दिया जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसा हरमू रोड पर बीजेपी कार्यालय के पास हुआ। इस दौरान दो बाइक सवार भी घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक एडीएम ने बताया कि तेज रफ्तार 'फॉर्च्यूनर' ने पहले एक छोटी कार से टकराई, फिर एक बाइक को टक्कर मारी और उसके बाद तीन राहगीरों को कुचल दिया। फिर एक अन्य बाइक से टकराकर रुक गई। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि घायलों का अस्पताल में भर्ती कराया गया रहा है। उन्होंने कहा कि तीनों मृतक पैदल जा रहे थे। एसयूवी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मिले पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की

रांची(ईएमएस)।ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से सोमवार को राज्य के पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने मुलाकात की।इस दौरान बंधु तिर्की ने पेसा कानून को लेकर तैयार प्रारूप में आवश्यक संशोधन से संबंधित सुझाव का दस्तावेज सौंपा।मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात के बाद बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड जैसे प्रदेश के लिए पेसा कानून महत्वपूर्ण है।

झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
न्यायालय-अनुज्ञापन पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गिरिडीह पश्चिमी वन प्रमण्डल

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जप्त अवैध आरा मिल संयंत्र एवं प्रकाष्ठ के विरूद्ध राज्यसात की सुनवाई की अगली तिथि 19.08.2025 को निर्धारित की गई है। नीचे दिये गये प्रतिवादी के अलावे भी उन सभी व्यक्तियों जिनकी अभिरूची निम्नलिखित जप्त आरामिल संयंत्र एवं प्रकाश्ठ से है एवं जो इस पर अपना दावा करना चाहते हैं दिनांक 19.08.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे निर्धारित तिथि को ससमय अनुज्ञापन पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गिरिडीह पश्चिमी वन प्रमण्डल के न्यायालय कक्ष में आप स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर कारण पृच्छा समर्पित करें। अन्यथा वाद में एक तरफा निर्णय ले लिया जाएगा।

| क0 सं0 | अधिहरण वाद सं0 | वादी का नाम | प्रतिवादी का नाम | शिकायद वाद सं0 | घटना की तिथि | जप्त आरा मिल संयंत्र | जप्त वन सम्पदा | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 04/2022 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | केदार साव, पिता–स्व0 गोवर्धन साव, ग्राम–बांधी थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह। | 878 / 2022 | 02.04. 2022 | 1. आरा पत्ती–02 | 1. विविध प्रजाति की लकड़ी–1.90 घन मीटर 2. चिरान भुसी–01 बोरा | 19.08.2025 |
| 2 | 06/2022 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | रोहन साव, पिता–स्व0 गोवर्धन साव, ग्राम–बांधी थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह। | 877 / 2022 | 02.04. 2022 | 1. आरा पत्ती–02 | 1. विविध प्रजाति की लकड़ी–1.8735 घन मीटर 2. चिरान भुसी–01 बोरा | 9.08.2025 |
| 3 | 13/2022 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | शिव कुमार राणा पिता–सन्तु राणा ग्राम–पलौंजिया, थाना–बिरनी, जिला–गिरिडीह। | 1063 / 2022 | 28.04. 2022 | 1. बैंड भॉ–01 2. डीजल इंजन–01 3. आरा पत्ती–02 4. चकरी–01 | 1. विविध प्रजाति की लकड़ी–1.1147 घन मीटर 2. चिरान भुसी–01 बोरा | 9.08.2025 |
| 4 | 14/2022 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | 1. केदार साव, पिता–स्व0 गोवर्धन साव, 2.धर्मेन्द्र प्रसाद साहु, पिता–केदार साव, ग्राम–बांधी थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह। | 1062 / 2022 | 28.04. 2022 | 1. बैंड भॉ–01 2. आरा पत्ती–02 | 1. विविध प्रजाति की लकड़ी– 3.7673 घन मीटर 2. चिरान भुसी–01 बोरा | 19.08.2025 |
| 5 | 11/2023 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | सहदेव साव, पिता– स्व0 गोवर्धन साव, ग्राम– बांधी, थाना–धनवार जिला–गिरिडीह। | 613 / 2023 | 24.02. 2023 | 1.बैड शॉ – 1 पीस 2.डीजल इंजन–1पीस 3.आरा पती–2 पीस 4. ट्राली – 1 पीस 5. चकरी – 2 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–0.4906 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 1 बोरा | 19.08.2025 |
| 06 | 12/2023 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | 1. रोहन साव, पिता– स्व0 गोवर्धन साव, 2. भौलेन्द्र साव, पिता–रोहनसाव, ग्राम–बांधी,थाना–धनवार जिला–गिरिडीह। | 614 / 2023 | 24.02. 2023 | 1.बैड शॉ – 1 पीस 2.डीजल इंजन–1पीस 3.आरा पती–2 पीस 4. ट्राली – 1 पीस 5. चकरी – 1 पीस 6. लाईन सॉफ्ट–1 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–1.3461 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 1 बोरा | 19.08.2025 |
| 07 | 13/2023 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | 1. केदार साव, पिता–स्व0 गोबर्धन साव 2. धमेन्द्र प्रसाद साहू, पिता–केदार साव ग्राम–बांधी, थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह। | 615 / 2023 | 24.02. 2023 | 1.बैड शॉ – 1 पीस 2.डीजल इंजन–1पीस 3.आरा पती–2 पीस 4. ट्राली – 1 पीस 5. चकरी – 2 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–0.3043 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 1बोरा | 19.08.2025 |
| 08 | 02/2025 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | विनोद कुमार राणा, पिता–धानुखी राणा, ग्राम–बेको, थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह। | 902 / 2025 | 09.05. 2025 | 1. बैड शॉ – 1 पीस 2. आरा पती–2 पीस 3. ट्राली – 1 पीस 4. चकरी – 2 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–1.258 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 1 बोरा | 19.08.2025 |
| 09 | 03/2025 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | सुनील राणा, पिता–मुरारी राणा, ग्राम–बेको, थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह। | 903 / 2025 | 09.05. 2025 | 1.बैड शॉ – 1 पीस 2.डीजल इंजन–1पीस 3.आरा पती–1 पीस 4. ट्राली – 1 पीस 5. चकरी – 1 पीस 6. लोहा प्लेट–1 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–1.3 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 1 बोरा | 19.08.2025 |
| 10 | 04/2025 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | रंजीत राणा, पिता–शंकर राणा, ग्राम–गुड़ीटाँड़, थाना–बिरनी, जिला–गिरिडीह। | 904 / 2025 | 09.05. 2025 | 1.बैड शॉ – 1 पीस 2.डीजल इंजन–1पीस 3.आरा पती–1 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–0.72 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 2 बोरा | 19.08.2025 |
| 11 | 05/2025 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | 1. रीतलाल राणा, 2. भुखदेव राणा दोनों के पिता–स्व0 बासों राणा, ग्राम–बोदगों,थाना–बिरनी, जिला–गिरिडीह। | 905 / 2025 | 09.05. 2025 | 1.बैड शॉ – 1 पीस 2.भॉफ्ट–1पीस 3.आरा पती–2 पीस 4. ट्राली – 1 पीस 5. चकरी – 2 पीस 6. लोहा प्लेट–1 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–0.79 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 2 बोरा | 19.08.2025 |
| 12 | 06/2025 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | 1. अहमद अंसारी पिता–गफुर मियां, 2. राजकुमार दास पिता–खुशी दास, 3. सहदेव दास, पिता–डीलो दास सभी ग्राम–परसन (महुआटांड़) थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह। | 906 / 2025 | 09.05. 2025 | 1.डीजल इंजन– 1 पीस 2.आरा पती–1 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–0.58 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 2 बोरा | 19.08.2025 |
| 13 | 07/2025 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | केदार वि वकर्मा, पिता–स्व0 किशुन वि वकर्मा, ग्राम–परसन, थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह। | 907 / 2025 | 09.05. 2025 | 1.डीजन इंजन– 1 पीस 2. आरा पती–1 पीस 3. ट्राली – 1 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–0.85 2. चिरान भुसी – 2 बोरा | 19.08.2025 |
| 14 | 08/2025 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | घन याम वर्मा, पिता–गोविन्द वर्मा, ग्राम–पोटमा, थाना–सरिया, जिला–गिरिडीह। | 908 / 2025 | 09.05. 2025 | 1. बैड शॉ – 1 पीस 2. भॉफ्ट– 1 पीस 3. आरा पती–1 पीस 4. डीजल इंजन–1पीस 5. चकरी – 1 पीस 6. लोहा प्लेट–1 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–2.43 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 2 बोरा | 19.08.2025 |

अंकित कुमार सिंह, भा0व0से0
अनुज्ञापन पदाधिकारी,–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गिरिडीह पश्चिमी वन प्रमण्डल।

PR.NO.359319 Forest, Environment and Climate Changes(25-26):D

## संक्षिप्त ख़बरें

### डॉ अमिता रक्षित को मिला स्टार प्रेसिडेंट अवार्ड

दुमकाःजमशेदपुर में अयोजित लायंस क्लब 322 ए का अवार्ड समारोह में दुमका लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ अमिता रक्षित को स्टार लायन प्रेसिडेंट अवार्ड एवं दुमका लायंस क्लब को मिला.5 स्टाररेटिंग,अवार्ड( पुरस्कार )इसके अलावा मेंबरशिप ग्रोथ अवार्ड, (स्कैर्ब ) बुक प्रदशन मे द्वितीय पुरस्कार, आउटस्टैंडिंग परफॉरमेंस अवार्ड, सहित कुल 6 अवार्ड, दुमका क्लब को अच्छे काम करने के हेतु मिला ।लायंस क्लब दुमका के अध्यक्ष डॉ अमिता रक्षित ने महत्व पूर्ण योगदान के लिए बहुत बहुत धन्यबाद दिए, मेंबर के सहयोग के बिना इतना अवार्ड कभी सम्भव नहीं होता ।पीएमजीएफ लायन डॉ अखिलेश कुमार सिन्हा को एल सी आई एफ के डोनेशन एवं वैल्यूबल कंट्रीब्यूशन के लिए फाइव स्टार जोन अप्रैसिएसन अवार्ड मिला। साथ ही सचिव चन्दन कुमार साह एवं सतीश कुमार को वैल्यूवल एफर्ट एवंग कंट्रीब्यूशन के लिए अप्रैसिएसन सटिफिकेट से नवाज़ा गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पी एम जे एफ सीमा वाजपेई ने दुमका लायंस क्लब के जन कल्याण के किये गये काम का भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवार्ड सेरेमनी मे दुमका से लायन डॉ अमिता रक्षित , पी एम जे एफ लायन डॉ ए के सिन्हा, लायन चन्दन कुमार साह, लायन सतीश कुमार जमशेदपुर मे अवार्ड सेरेमनी मे भाग लिया।

### आंदोलनकारियों ने कोयला डंपिग यार्ड हटाने और रेल परिसर में धरना देने की अनुमति को लेकर आसनसोल डी आर एम को सौंपा ज्ञापन

दुमका : उपराजधानी दुमका के रेलवे स्टेशन पर बने कोयला डंपिग यार्ड हटाने और रेलवे परिसर में धरना देने की अनुमति प्रदान करने को लेकर पिछले 45 सप्ताह से धरना प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को आसनसोल डी आर एम कार्यालय पहुंच कर एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि दुमका रेलवे स्टेशन पर बने कोयला डंपिग यार्ड से विभिन्न प्रकार की बिमारियां उत्पन्न हो रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पीने का पानी भी प्रदुषित हो गया है। जिसके कारण स्थानीय लोगों के लिए बहुत ही परेशानी उत्पन्न हो गया है। साथ ही विगत एक वर्ष से स्टेशन परिसर में वे सब धरना प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन दवाब बना कर वहां से हटने पर मजबूर किया गया। उन लोगों की एक ही मांग है दुमका रेलवे स्टेशन के किसी जगह धरना देने की अनुमति दी जाए और परेशानी का कारण बने उपराजधानी दुमका के रेलवे स्टेशन पर बने कोयला डंपिग यार्ड को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में रवि शंकर मंडल, बिमल मरांडी, हेमंत श्रीवास्तव, संजय मंडल और अभय गुप्ता शामिल थे।

### नीलामी की पूरी प्रक्रिया विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप की जाएगी : उपायुक्त

दुमकाःसमाहरणालय सभागार में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में बालू घाट नीलामी से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नीलामी समिति के सदस्य उपस्थित थे।उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि नीलामी की पूरी प्रक्रिया विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप की जाएगी। उन्होंने कहा कि नीलामी से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि प्रक्रिया निष्पक्ष और सुचारू रूप से पूरी हो सके।बैठक में समिति के सदस्यों के साथ नीलामी से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई और आगामी कार्य योजना पर सहमति बनी।

### उपायुक्त ने दिया दाखिल-खारिज के लंबित मामलों पर शीघ्र गति लाने और समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने का निर्देश

दुमकाःसमाहरणालय सभागार में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में नीलम पत्र, आंतरिक संसाधन, राजस्व भू-लगान,भू- हस्तांतरण एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि नीलम पत्र से जुड़े सभी लंबित मामलों का मिशन मोड में त्वरित निष्पादन किया जाय।उन्होंने आंतरिक संसाधन की प्रगति पर विशेष जोर देते हुए परिवहन कार्यालय, रजिस्ट्री ऑफिस और खनन विभाग को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप टैक्स वसूली करने और राजस्व वृद्धि में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा।दाखिल-खारिज के लंबित मामलों पर उन्होंने शीघ्र गति लाने और समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण योजनाओं के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने और भू हस्तांतरण से जुड़े मामलों के निपटारे में तेजी लाने पर बल दिया।बैठक में अंचल अधिकारी संबंधित विभागों के सभी वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल में करेंगे ध्वजारोहण

#### 28 जिला मुख्यालयों पर मंत्रीगण करेंगे ध्वजारोहण

भोपाल(ईएमएस)। स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ पर 15 अगस्त 2025 को प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राजधानी भोपाल में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों के नाम संदेश देंगे। उप मुख्यमंत्री मंत्री जगदीश देवड़ा जबलपुर में और उप मुख्यमंत्री मंत्री राजेंद्र शुक्ल शहडोल में ध्वजारोहण करेंगे। मंत्री कुंवर विजय शाह रतलाम, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सतना, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भिण्ड, मंत्री राकेश सिंह नर्मदापुरम, मंत्री करन सिंह वर्मा मुरैना, मंत्री उदय प्रताप सिंह बालाघाट, मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके मंडला, मंत्री तुलसीराम सिलावट बुरहानपुर, मंत्री एदल सिंह कंसाना छतरपुर, मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया मंदसौर, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत नरसिंहपुर, मंत्री विश्वास सारंग खरगौन, मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ग्वालियर, मंत्री नागर सिंह चौहान अलीराजपुर, मंत्री प्रदुम्न सिंह तोमर पांढुर्ना और मंत्री राकेश शुक्ला श्योपुर में ध्वजारोहण करेंगे।मंत्री चैतन्य काश्यप राजगढ़, मंत्री इन्दर सिंह परमार दमोह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर सीहोर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी खंडवा, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल सीधी, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल बड़वानी, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल मउगंज, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार रायसेन, राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल बैतूल, राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी डिंडोरी, राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार अनूपपुर और राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह मैहर में ध्वजारोहण करेंगे।

### स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता : मंत्री श्रीमती उईके

#### पांच दिवसीय आकांक्षा हाट का शुभारंभ

भोपाल(ईएमएस)। मंडला में पांच दिन तक चलने वाले आकांक्षा हाट की सोमवार को जल संसाधन विभाग के विश्राम गृह प्रांगण में शुरुआत हुई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने फीता काटकर शुभारंभ किया। आकांक्षा हाट 11 से 15 अगस्त तक आयोजित की जा रही है।मंत्री श्रीमती उईके ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार आमजन के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय स्तर पर हमारे कारीगर हों या स्व-सहायता समूह की बहनें, इनके द्वारा बहुत ही अच्छे उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। मण्डला की बहनों द्वारा तैयार की जा रही गोण्डी पेंटिंग को जीआई टैग भी मिल चुका है। अंतिम पंक्ति के लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री लगातार प्रयासरत हैं। प्रशासन लगातार इस दिशा में कार्य कर रहा है, चाहे मिलेट्स फेस्टिवल का आयोजन हो, चाहे शिल्पी मेला हो या फूड फेस्टिवल का आयोजन हो। सभी के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। आकांक्षा हाट में यहाँ पर 22 स्टाल लगाये गये हैं। अगले पाँच दिनों तक नागरिक यहाँ आयेंगे और स्व-सहायता समूह तथा अन्य कारीगरों द्वारा बनाई वस्तुओं और उत्पादों को क्रय करेंगे। इससे स्थानीय कारीगरों को भी फायदा मिलेगा।सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि जिले के मवई और नारायणगंज का चयन आकांक्षी विकासखण्ड के रूप में किया गया था। यह हाट प्रधानमंत्री मोदी की 'वोकल फॉर लोकल' कल्पना को साकार करने का कदम है। हमारे लोकल उत्पादों को उचित बाजार मिले इसकी चिंता हमें करनी होगी। हमारे क्षेत्र की कोदो-कुटकी-रागी जैसी फसलों की अच्छी मांग है। मण्डला का शहद भी प्रसिद्ध है।

# पुलिस ने किया मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन को गिरफ्तार कर भेजा जेल, दो फरार, सात मोटरसाइकिल बरामद




दुमकाःजामा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तीनों बाइक चोर जामा, हंसडीहा और पकुड़िया थाना क्षेत्र के रहने वाले है। मामले में दुमका पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बीते कुछ दिनो से दुमका जिला अन्तर्गत विभिन्न थाना क्षेत्र में मोटरसाईकिल चोरी की घटना हो रही थी। इस तरह की चोरी की घटना को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार के द्वारा सभी थाना प्रभारी को मोटरसाईकिल चोर गिरोह पर कड़ी निगरानी रखते हुए जगह बदल-बदल कर वाहन जाँच कर कांड का उद्भेदन करने का निर्देश दिया गया था।इसी क्रम में रविवार को गुप्त सूचना मिली कि जामा थाना क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट के तीन मोटरसाईकिल से मोटरसाईकिल चोर गिरोह के सदस्य घुम रहे है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए छापामारी दल का गठन किया गया एवं थाना गेट पर सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया।चैकिंग के दौरान दुमका की ओर से आ रहे खाकी रंग की बुलेट पर सवार एक व्यक्ति, काले रंग की ग्लैमर पर सवार दो व्यक्ति एवं काले रंग की पल्सर पर सवार दो व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया, परंतु तीनो मोटरसाईकिल पर सवार सभी लोग मोटरसाईकिल को घुमाकर पुनः दुमका की ओर भागने लगे। तत्पश्चात छापामारी दल के द्वारा गाड़ी से पीछा कर थाना से करीब पांच सौ मीटर आगे दुमका की ओर बुलेट पर सवार एक व्यक्ति एवं ग्लैमर पर सवार दो व्यक्ति को ओवरटेक कर रोका गया।जिसके उपरांत दोनो मोटरसाईकिल सावर व्यक्ति मोटरसाईकिल छोड़कर भागने लगे, जिसे छापामारी दल के द्वारा खदेड़ कर पकड़ा गया। पल्सर मोटरसाईकिल पर सवार दो व्यक्ति भागने में सफल रहे।गिरफ्त में लिए गए तीनों व्यक्ति से उनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम क्रमशः अजय चौधरी, पिता देवल चौधरी, ग्राम बलवारा थाना हंसडीहा जिला-दुमका, विरेन्द्र राय पिता स्वर्गीय हरिकिशन राय, ग्राम- कुण्डाडीह, थाना- जामा जिला- दुमका तथा राजेश कुमार गुप्ता पिता स्व० हीरालाल गुप्ता ग्राम चौकीसाल, थाना- पाकुडिया, जिला पाकुड़ बताया। उनसे बुलेट एवं ग्लैमर मोटसाईकिल के संबंध में कागजात की माँग करने पर कोई भी कागजात प्रस्तुत नही किया गया।गहन पुछताछ करने पर तीनो व्यक्तियों के द्वारा बताया गया कि हम तीनो के अलावे दो अन्य साथी मिलकर दुमका जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो से तथा अन्य कई जगहो से मोटरसाईकिल चोरी करते हैं। तीनों ने चोरी की मोटरसाइकिल का उपयोग एवं मोटरसाइकिल चोरी करने में तथा बेचने की बात स्वीकार की। उक्त तीनो अभियुक्तो के स्वीकारोक्ति ब्यान एवं निशानदेही के आधार पर कुल- सात मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस संबंध में जामा थाना प्रभारी के ब्यान के आधार पर गिरफ्तार तीनों अभियुक्त एवं दो अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध जामा थाना कांड संख्या -45/25 धारा- 317 (4),317 (5), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत् प्राथीमिकी दर्ज कर गिरफ्तार तीनो अभियुक्तो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।छापेमारी दल में एसडीपीओ जरमुंडी अमित कुमार कच्छप, पु०अ०नि० सह थाना प्रभारी जामा अजीत कुमार , पु०अ०नि० संजय कुमार जामा थाना, स०अ०नि० अनुरंजन मिंज, स०अ०नि० मधुसूदन प्रसाद सहायक पुलिस- दिपक चन्द दे,सहायक पुलिस- मदन मोहन वर्मा एवं सहायक पुलिस- पंकज मंडल शामिल थे।

### महापौर और सभापति गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने कमरछठ पर्व की दी अग्रिम शुभकामनायें

रायपुर,(ईएमएस)। रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और सभापति सूर्यकान्त राठौड और संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने व्रती महिलाओं सहित समस्त नगरवासियों को बहुला चौथ अंगारकी चतुर्थी 12 अगस्त 2025 और हलषष्ठी कमरछठ दिनांक 14 अगस्त 2025 के पर्व अवसरों पर अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुए समस्त नगरवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य, शान्ति प्रदान करने हेतु और रायपुर को राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रथम रैंकिंग दिलवाने सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने सकारात्मक ऊर्जा शक्ति प्रदान करने हेतु प्रथम पूज्य देव श्रीगणेश और हलधर भगवान श्री बलराम के दिव्य श्रीचरणों में विनम्र प्रार्थना की है। बहुला चौथ अंगारकी चतुर्थी पर्व दिनांक 12 अगस्त 2025 मंगलवार को है. उक्त दिवस भगवान श्रीगणेश की विशेष पूजा - आराधना व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं द्वारा की जाती है.

### वोट चोरी को लेकर गुजरात कांग्रेस आक्रामक मूड में, राज्य में मतदाता सूची की करेगी जांच

अहमदाबाद (ईएमएस)| एक तरफ जहां राहुल गांधी दिल्ली में वोटों में धांधली के आरोप लगाते हुए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ गुजरात कांग्रेस ने भी इस मुद्दे को आक्रामकता के साथ आगे बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। गुजरात कांग्रेस गुजरात में मतदाता सूची की भी जांच करेगी। गुजरात प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव गांधी भवन में आज वोट चोरी के संबंध में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा में वोट चोरी का सिलसिलेवार तथ्यात्मक विवरण का पत्रकारों की उपस्थिति में पुनः प्रसारित किया गया। वोट चोरी के जरिए लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश करने के लिए भाजपा पर निशाना साधते हुए गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया संयोजक और प्रवक्ता डॉ. मनीष दोशी ने कहा कि वोट चोरी ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। भाजपा सरकार और उसके समर्थकों के राज में वोट चोरी के अलग-अलग तरीके सामने आए। विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में फर्जी मतदाता, फर्जी तस्वीरें और फॉर्म 6 का दुरुपयोग देखा गया।

# सेना के पराक्रम के सम्मान में चलाया जा रहा है हर घर तिरंगा अभियान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अगुआई में ग्वालियर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

#### तिरंगा यात्रा से उठीं देशभक्ति के जज्बे की हिलोरें

भोपाल(ईएमएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेना के पराक्रम को नमन करने के लिये "हर घर तिरंगा" अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत् वीर सपूतों, बलिदानियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती ग्वालियर में आयोजित हुई देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। गर्व की बात है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने इस बार पाकिस्तान में आतंकवादियों को मारने के साथ उनके विमान और अस्त्र-शस्त्र नष्ट करने का साहसिक काम किया है।ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अगुआई में राजमाता विजयाराजे सिंधिया चौराहा से विशाल तिरंगा यात्रा निकली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव खुले वाहन पर सवार होकर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और जयप्रकाश राजौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक सहभागी बने।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगा यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कहा कि पूरे देश में घर-घर तिरंगा अभियान चल रहा है। मध्यप्रदेश के सभी हिस्सों में रैलियों के माध्यम से देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में जो कर दिखाया है, उसके प्रति सम्मान प्रकट करते हुए स्वतंत्रता का उत्सव मनाया जा रहा है। मेरी ओर से ग्वालियरवासियों को इस अभियान को भव्यता के साथ मनाने के लिये बधाई। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया के सामने हमारी सेना ने जो दमखम दिखाया है, वह वाकई में अद्भुत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह खुशी की बात है कि आज ग्वालियर में सेना के पराक्रम के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। साथ ही एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर केन्द्रित कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

#### मुख्यमंत्री ने महापुरुषों की वेशभूषा में आए बच्चों पर की पुष्प वर्षा

तिरंगा यात्रा शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया चौराहे पर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में महापुरुषों की वेशभूषा में आए बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया। तिरंगा यात्रा सिटी सेंटर, पटेल नगर, गाँधी रोड़ व आकाशवाणी तिराहे से होते हुए राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय पहुँची। इसका एक वृहद हिस्सा आकाशवाणी तिराहे से ठाठीपुर, कुम्हरपुरा व शहीद गेट होते हुए बारादरी मुरार तक पहुँचा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगा यात्रा के सम्मान में खड़े लोगों एवं प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा कर सभी का उत्साहवर्धन किया।

#### सम्पूर्ण यात्रा मार्ग हुआ तिरंगामय

भारतीय आन-बान और शान के प्रतीक तिरंगा थामकर बाइकर्स, सैन्य व पुलिस बल के जवान, एनसीसी की सभी विंग, भूतपूर्व सैनिक, विद्यार्थी, दिव्यांग, जनप्रतिनिधि, विभिन्न शासकीय, सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण तिरंगा यात्रा में निकले तो सम्पूर्ण यात्रा मार्ग तिरंगामय हो गया। बीच-बीच में विभिन्न स्थानों पर बने मंचों पर गूँज रहे आजादी के तराने व भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत रंगारंग कार्यक्रमों से लोगों में देश भक्ति का जज्बा हिलोरें लेने लगा। साथ ही जगह-जगह पर रंगों व फूलों की रंगोलियां और आजादी व देश की रक्षा के लिये अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की वेशभूषा में सजे-धजे बच्चे व कलाकार एवं तिरंगा लेकर शामिल हुए दिव्यांग बाइकर्स एवं एसएएफ द्वितीय वाहिनी बैंड की प्रस्तुतियाँ भी आकर्षण का केन्द्र रहीं।

#### कलेक्टर एवं एसएसपी सहित अन्य अधिकारी भी हुए यात्रा में शामिल

संभाग आयुक्त मनोज खत्री, पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सेना और पुलिस उप महानिरीक्षक अमित सांघी भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। साथ ही कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय व अपर कलेक्टर कुमार सत्यम सहित जिला प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तिरंगा थामकर स्कूटी व बाइक पर सवार होकर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

# योग, ध्यान और सकारात्मक सोच से ही मानसिक स्वास्थ्य मजबूत होगा : श्री डेका

रायपुर,(ईएमएस)। राज्यपाल रमेन डेका ने युवाओं का आव्हान किया है कि डिजिटल तकनीक का उपयोग नवाचार और रचनात्मकता के लिए करें लेकिन उस पर निर्भरता से बचें। उन्होंने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में सोमवार को डिजिटल मानसिक स्वास्थ्य विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि कोविड-19 के बाद डिजिटल माध्यम ने शिक्षा, कार्य और रिश्तों को आसान बनाया पर इससे तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं भी बढ़ी हैं। योग ध्यान और संतुलित जीवन अपनाकार ही मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत रखा जा सकता है। कार्यशाला में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक शोधार्थी, सामाजिक संगठनों से जुड़े बुद्धिजीवी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। प्रतिभागियों ने डिजिटल युग में मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने के उपायो पर विचार विमर्श किया। राज्यपाल श्री डेका ने कार्यशाला में कहा कि 21 सदी में हमारी जीवनशैली में बड़ा बदलाव आया लेकिन प्रकृति का स्वरूप आज भी वैसा ही है। सूर्य पूर्व में उगता है और पश्चिम में अस्त होता है। धरती अब भी हरियाली का चादर ओढ़ कर हमे जीवन देती है, परंतु बदलाव हमारी सभ्यता व दिनचर्या में हुआ है। सतत् विकास की कमी और बदलते परिवेश ने मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया है।राज्यपाल ने कहा कि एकल परिवारों की बढ़ती प्रवृत्ति और परिवारजनों के बीच संवाद की कमी ने भी मानसिक स्वास्थ्य को कमजोर किया है। आज अधिकांश लोग मोबाईल और इंटरनेट में व्यस्त रहते है और आपसी संवाद व भावनात्मक जुड़ाव कम होता जा रहा है। श्री डेका ने विद्यार्थियों से कहा कि मानसिक दबाव न हो इसके लिए वे अपनी क्षमता के अनुरूप अपने कैरियर का चुनाव करें और अनावश्यक प्रतिस्पर्धा से बचें। ओवरथिंकिंग और संदेह से दूर रह कर जीवन का आनंद लें। मनोवैज्ञानिक परामर्श लेने में संकोच न करें और अंतरात्मा की आवाज सुनकर अपने लिए सही रास्ते का चुनाव करें। उन्होंने कहा कि प्रार्थना, योग, ध्यान, प्राणायाम और सात्विक जीवन शैली भारतीय परंपरा में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के मूल आधार रहे हैं, यदि इन्हें दिनचर्या में शामिल किया जाए तो जीवन की कई चुनौतियों का समाधान स्वतः मिल सकता है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में ख्याति प्राप्त मनोवैज्ञानिक और मानसिक शक्ति फाउंडेशन मुंबई के संस्थापक डॉ. अमरेश श्रीवास्तव ने अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का विषय नहीं है बल्कि समाज की चेतना और मानसिक शक्ति का भी प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव को गंभीर समस्या मानते हुए इस दिशा में अनुसंधान और गहन अध्ययन को आवश्यक बताया। कार्यशाला में स्वागत भाषण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला ने दिया। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्यपाल रमेन डेका की पहल पर यह कार्यशाला आयोजित की गई है तथा डिजिटल युग में स्वास्थ्य पर गहन चर्चा समय की आवश्यकता है। आभार प्रदर्शन प्रोफेसर श्री अंबर व्यास ने किया। इस अवसर पर एमसीए के छात्र शिवकुमार महोबिया और शोध छात्र अरूण कुमार पटेल को उत्कृष्ट इनोवेशन के लिए राज्यपाल ने सम्मानित किया।

### शिप्रा एक्सप्रेस में शराबियों ने किया हंगामा आरपीएफ ने उतार कराया मेडीकल

इन्दौर (ईएमएस) चलती ट्रेन में सवार शराबियों द्वारा हंगामा करने के साथ अन्य यात्रियों से अभद्रता पूर्ण व्यवहार की शिकायत पर रेलवे पुलिस ने ट्रेन में पहुंच उसमें हंगामा करने वाले शराबियों को रतलाम स्टेशन पर उतार दिया। मामला इंदौर से चलने वाली शिप्रा एक्सप्रेस के कोच नंबर एस 1 का है जिसमें कल रात यात्रियों को उस समय परेशानी का सामना करना पड़ा जब कुछ शराबी ट्रेन में चढ़कर हंगामा करने लगे। बताया जा रहा है कि इंदौर से ट्रेन चलने के समय ये लोग मौजूद नहीं थे, लेकिन कुछ देर बाद अचानक एस 1 कोच में आकर बैठ गए और शराब के नशे में जोर-जोर से चिल्लाने और अभद्र हरकतें करने लगे। इस दौरान परिवार और महिलाओं के साथ ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों में डर और असहजता का माहौल बन गया। कुछ यात्रियों ने तुरंत रेलवे स्टाफ को इस बारे में सूचना दी। मौके पर पहुंच ट्रेन स्टाफ ने स्थिति को शांत करने की कोशिश की, लेकिन शराबियों के आक्रामक व्यवहार के कारण मामला बिगड़ता गया। जिसके बाद रेलवे अधिकारियों को शिकायत की गई तो उन्होंने कंट्रोल रूम से सुरक्षा टीम को अलर्ट किया तथा रतलाम स्टेशन के पास रेलवे पुलिस को सक्रिय किया और तब तक ट्रेन रतलाम पहुंच चुकी थी और शराबियों का हंगामा भी जारी था। इसके बाद रेलवे पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी शराबियों को ट्रेन से नीचे उतार उनका मेडिकल टेस्ट कराने और आगे की कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी।

# छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने वाली स्वच्छता दीदियों का पद-प्रक्षालन कर होगा सम्मान

रायपुर,(ईएमएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा बिलासपुर जिले में 12 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले 'स्वच्छता संगम-2025' में, छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने वाली स्वच्छता दीदियों का पद-प्रक्षालन कर उन्हें सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर वे स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों को भी सम्मान प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय 12 अगस्त को बिलासपुर के बहतराई स्थित इंडोर स्टेडियम में 260 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री तोखन साहू, विधायकगण धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, दिलीप लहरिया, सुशांत शुक्ला एवं अटल श्रीवास्तव तथा बिलासपुर की महापौर श्रीमती पूजा विधानी उपस्थित रहेंगी। 'स्वच्छता संगम' में राज्य के सभी नगर निगमों के महापौर, सभापति, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य, निगम आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगरीय निकायों के वरिष्ठ अभियंता तथा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के नोडल अधिकारी सहित नौ हजार स्वच्छता दीदियों को आमंत्रित किया गया है।नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने बताया कि 'स्वच्छता संगम' में शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली स्वच्छता दीदियों का पद-प्रक्षालन कर सम्मानित किया जाएगा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सात नगरीय निकायों को नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के करकमलों से पुरस्कृत होने का गौरव प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में इन नगरीय निकायों के साथ ही संभाग स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 30 से अधिक नगरीय निकायों को भी सम्मान प्रदान किया जाएगा। स्वच्छता संगम में नगरीय निकायों में स्वच्छता और शहरी सौंदर्यीकरण के मानकों को बढ़ाने हेतु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के माध्यम से शहरी स्वच्छता को सुदृढ़ करने के साथ ही सुशासन द्वारा प्रशासनिक कौशल में सुधार तथा नगरीय सौंदर्यीकरण को प्रोत्साहन मिलेगा। यह पहल न केवल शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहायक होगी, बल्कि नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को भी संवर्धित करेगी। यह हर नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों को स्वच्छता और शहरी सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करेगी। कार्यक्रम में तीन नगर निगम—बिरगांव, भिलाई-चरोदा और धमतरी—तथा 43 नगर पालिकाओं में ऑनलाइन संपत्ति कर जमा करने की सुविधा हेतु जीआईएस आधारित प्रॉपर्टी टैक्स लाइव पोर्टल का लोकार्पण किया जाएगा। इस प्रकार एक साथ 46 शहरों में ऑनलाइन संपत्ति कर जमा करने की सुविधा प्रारंभ होना, स्थानीय स्वशासन को आधुनिक बनाने और नागरिकों को घर बैठे सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


बीसीसीएल BCCL भारत कोकिंग कोल लिमिटेड Bharat Coking Coal Limited

## भारत कोकिंग कोल लिमिटेड

(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड का एक अंग)

पत्रांकः म.प्र./क्षेत्र-1/भू० सं० न्याया०/अ०नो०/2025/25 दिनांकः 18/07/2025

### अतिक्रमण नोटिस

परियोजना पदाधिकारी, दमोदा कोलियरी ......................प्रथम पक्ष

बनाम

श्री मनोज भुइया एवं अन्य 09 (नों) व्यक्तियों .................. द्वितीय पक्ष

| थाना | जहां अवस्थित है |
| --- | --- |
| बोकारो झरिया ओ.पी. | दमोदा (सिजुआ) |

| क्र. सं. | मुकदमा सं० | द्वितीय पक्ष का नाम | आवास (बीसीसीएल आवास सं०) | रकवा (वर्ग फीट) |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 01 | 02/2025 | श्री मनोज भुइया | Qtr. No.- 58 | 01 Dismil |
| 02 | 03/2025 | श्री गणेश भुइया | Qtr. No.- 59 | 01 Dismil |
| 03 | 04/2025 | श्री सुल्च लाल चौहान | Qtr. No.- 61 | 01 Dismil |
| 04 | 05/2025 | श्री गुजर भुइया | Qtr. No.- 63 | 01 Dismil |
| 05 | 06/2025 | श्री अजय भुइया | Qtr. No.- 64 | 01 Dismil |
| 06 | 07/2025 | श्री गौरा शंकर चौहान | Qtr. No.- 66 | 01 Dismil |
| 07 | 08/2025 | श्री मिथुन भुइया | Qtr. No.- 67 | 01 Dismil |
| 08 | 09/2025 | श्री छोटे लाल चौहान | Qtr. No.- 69 | 01 Dismil |
| 09 | 10/2025 | श्री मुकेश चौहान | Qtr. No.- 70 | 01 Dismil |
| 10 | 11/2025 | श्री कारिका चौहान | Qtr. No.-72 | 01 Dismil |

भा0 को0 को0 लि0 के परियोजना पदाधिकारी, कोलियरी, बरोरा क्षेत्र ने लोक परिसर (अनधिकृत दखलकारों की बेदखली) अधिनियम, 1971 की धारा 4(1) के अंतर्गत् इनके विरूद्ध भू-सम्पदा न्यायालय, बरोरा क्षेत्र में मुकदमा दायर किया है। मुकदमा में कारणपृच्छा दाखिल करने हेतु इनकों नोटिस भेजी गई थी, फिर भी आप न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे हैं।

निवेदन है कि स्थानीय समाचार पत्र के माध्यम से इनको सूचित किया जाए कि ये स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा दिनांक 19/08/2025 को हाजिर होकर कारणपृच्छा दाखिल करें अन्यथा एकतरफा कार्रवाई सुनिश्चित कर समुचित आदेश पारित कर दिया जाएगा।

भवदीय
ह0/-
भू-सम्पदा पदाधिकारी
भू-सम्पदा न्यायालय,
बरोरा क्षेत्र

यह सूचना बीसीसीएल की वेबसाइट www.bcclweb.in पर भी उपलब्ध है।

# जन्माष्टमी महोत्सव पर इस साल अंतरराष्ट्रीय रंग बिखेरेगा पटना का इस्कॉन मंदिर

### आठ देशों के फूलों से सजाया जाएगा बांके बिहारी का दरबार

पटना, (ईएमएस)। इस साल जन्माष्टमी के अवसर पटना का इस्कॉन मंदिर भव्य और दो दिवसीय धार्मिक आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है. इस्कॉन मंदिर के प्रवक्ता नंद गोपाल दास ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि आगामी 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का मुख्य आयोजन इस्कॉन मंदिर होगा, जबकि 17 अगस्त को 'प्रभुपाद आविर्भाव महोत्सव' मनाया जाएगा. दोनों दिनों में मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट, आध्यात्मिक कार्यक्रमों और भक्तिमय वातावरण से भरपूर रखा जाएगा. 16 अगस्त की रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का विशेष महाभिषेक होगा, जो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेगा. इस महाभिषेक में 251 चांदी के कलश और पवित्र शंखों का उपयोग किया जाएगा. इसके साथ ही भगवान की दिव्य लीलाओं का भी मंचन भी किया जाएगा. इस अवसर पर भक्तों के लिए 501 प्रकार के पकवानों का महाभोग तैयार किया जाएगा. यह प्रसाद भगवान श्रीकृष्ण को अर्पित करने के बाद भक्तों में वितरित होगा. इस दौरान इस्कॉन मंदिर के भक्तों द्वारा सुमधुर नाम-संकीर्तन, भव्य आरती और भक्ति संगीत प्रस्तुत किया जाएगा. वृंदावन और मायापुर से भगवान के विशेष वस्त्र मंगवाए गए हैं, जिनसे श्रीकृष्ण का श्रृंगार होगा. यहीं से कीर्तन मंडली भी आ रही है, जो 2 दिन के इस भव्य कार्यक्रम में भगवान का भजन करेगी. इतना ही नहीं इस साल रसिया, यूक्रेन, इंग्लैंड, दक्षिण और अफ्रीका सहित आठ देशों से फूल मंगाए जा रहे हैं और इन फूलों से बांके बिहारी का दरबार सजाया जाएगा. साथ ही कई देशों से भी भक्त इस आयोजन में भाग लेने आ रहे हैं. इन अंतरराष्ट्रीय भक्तों के आगमन से कार्यक्रम की भव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा में और भी वृद्धि होगी. विदेशी भक्त पारंपरिक कीर्तन और भक्ति नृत्य भी प्रस्तुत करेंगे, जिससे पूरे परिसर में भक्तिमय माहौल होगा. होने वाली भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए इस साल सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया है. मंदिर परिसर के बाहर मौर्या लोक और जीपीओ तक बैरिकेडिंग लगाने की योजना है. इसके लिए बुधवार को प्रशासन और मंदिर समिति के बीच बैठक भी निर्धारित है. पुरुष और महिला भक्तों के लिए अलग-अलग कतारें बनाई जाएंगी.

जिससे भीड़ का प्रबंधन बेहतर तरीके से किया जा सके. साथ ही बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, ताकि सामाजिक तत्वों के हरकतों की मॉनिटरिंग हो सके. भक्तों को अंदर जाकर दर्शन करने के बाद तुरंत बाहर निकलने की प्रक्रिया अपनानी होगी. किसी को भी मंदिर परिसर में अधिक समय तक रुकने की अनुमति नहीं दी जाएगी. मंदिर परिसर में मंदिर के वॉलिंटियर्स रहेंगे, जो भक्तों की सुविधा का ध्यान रखेंगे.




# उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस, 14 अगस्त तक जवाब देने का निर्देश

### मामला दो-दो जगहों पर मतदाता सूची में नाम रखने का

पटना, (ईएमएस)। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर दो-दो जगहों पर मतदाता सूची में नाम रखने का मामला उठाए जाने के बाद पटना के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता पटना सदर की ओर से उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को नोटिस जारी किया गया है। निर्वाची पदाधिकारी बांकीपुर ने विजय कुमार सिन्हा को नोटिस जारी कर पूछा है कि आपका दो जगहों पर मतदाता सूची में नाम क्यों है? इस संबंध में आप जवाब दें। विजय कुमार सिन्हा को 14 अगस्त तक जवाब देने को कहा गया है। खबर है कि 182-बांकीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-सह-भूमि सुधार उप समाहर्ता, पटना सदर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को नोटिस जारी कर यह पूछा है कि आपका नाम विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 के दौरान प्रकाशित प्रारूप निर्वाचक सूची में 182-बांकीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र सं0-405, मतदाता सूची क्रम सं0-757, ईपिक नं०-एएफएस0853341 पर अंकित है। इसके अतिरिक्त 168-लखीसराय विधान सभा क्षेत्र, लखीसराय, ईपिक नं०-आईएएफ3939337 में भी विजय कुमार सिन्हा का नाम अंकित है।इसके साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण के पूर्व में भी दोनों जगह आपका नाम अंकित पाया गया। इस संबंध में अपना जवाब दिनांक 14 अगस्त के अपराह्न 5 बजे तक निश्चित रूप से देने की कृपा की जाए ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने 14 अगस्त शाम 5 बजे तक उपमुख्यमंत्री से इस मामले में जवाब देने को कहा है, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। आपको बता दें कि तेजस्वी यादव और बिहार कांग्रेस के नेताओं ने विजय सिन्हा पर दो-दो वोटर आईडी रखने का आरोप लगाया था।

### उन्होंने पहले भी अपने नाम को हटाने के लिए आवेदन दिया था- उपमुख्यमंत्री

इस मामले में उपमुख्यमंत्री का कहना है कि उन्होंने पहले भी अपने नाम को हटाने के लिए आवेदन दिया था और 5 अगस्त को भी पुनः आवेदन किया गया है। दो वोटर आईडी की जानकारी के अनुसार, लखीसराय के कार्ड में उम्र 57 वर्ष और पिता का नाम शारदा रमन सिंह दर्ज है। जबकि बांकीपुर के कार्ड में पिता का नाम शारदा रमन सिंह के साथ उम्र 60 वर्ष है। नोटिस मिलने के बाद उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा दो वोटर आईडी रखने के मामले में भेजे गए नोटिस का वह जवाब देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि संवैधानिक पद पर रहते हुए कानून का पालन करना उनकी जिम्मेदारी है और वह हर परिस्थिति में नोटिस का उत्तर देंगे।

### राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना यह विवाद

यह विवाद राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है और अब इस पर चुनाव आयोग की ओर से स्पष्ट जवाब का सभी को इंतजार है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अब सीआईएसफ की तर्ज पर बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल करेगी काम

पटना, (ईएमएस)। बढ़ते अपराध को देखते हुए अब बिहार में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल को सीआईएसएफ के तर्ज पर काम करने की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। यह बल औद्योगिक क्षेत्रों, बड़े-बड़े संस्थानों, हवाई अड्डों और जल्द शुरू होने वाली पटना मेट्रो परियोजना की सुरक्षा संभालेगा। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल को हर उस स्थान पर तैनात किया जाए जहां सुरक्षा के लिए विशेष कौशल और त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता होती है। पुलिस मुख्यालय का दावा है कि यह पहल बिहार को सुरक्षा के मामले में देश के अग्रणी राज्यों की कतार में खड़ा कर देगी। पुलिस मुख्यालय का ये भी मानना है कि इस कदम से न केवल संवेदनशील स्थानों की निगरानी व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि राज्य में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को भी नई गति मिलेगी। बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल को ऐसे स्थानों पर तैनात किया जाएगा जहां सुरक्षा की आवश्यकता सबसे अधिक है। इसमें बड़े औद्योगिक क्षेत्र, प्रमुख सरकारी प्रतिष्ठान, हवाई अड्डे और पटना मेट्रो के सभी स्टेशन व डिपो शामिल हैं। सीआईएसएफ की तरह यह बल भी हाई-टेक उपकरणों और आधुनिक प्रशिक्षण से लैस होगा। पुलिस मुख्यालय के एडीजी (आधुनिकीकरण) सुधांशु कुमार के अनुसार, पटना, मुजफ्फरपुर, गया और बेगूसराय जिलों में नए भवन, कंट्रोल सेंटर और विशेष इकाइयों के कार्यालयों के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा कर लिया गया है। इन जिलों में जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण के साथ आवश्यक उपकरण, तकनीकी संसाधन और संचार सुविधाओं को उन्नत किया जा रहा है। बेहतर ढांचा मिलने से पुलिस बल की तैनाती, अपराध नियंत्रण और आपातकालीन सेवाओं की दक्षता में सुधार होगा।

### सोलर हाउस वेयरहाउस में लगी भीषण आग

पटना, (ईएमएस)। सोमवार सुबह पटना के बाईपास थाना क्षेत्र में एनएच-30 के पास स्थित सोलर हाउस वेयरहाउस में भीषण आग लग गई। इस घटन में किसी के हताहत होने की खबर तो नहीं है लेकिन इस आगजनि में वेयरहाउस में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक होने की बात बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग लगने के समय वेयरहाउस में कुछ लोग मौजूद थे, लेकिन सभी सुरक्षित बाहर निकल आए। दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुटी रही। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आसपास के इलाकों को खाली करा लिया गया है। फ़िलहाल आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। हालांकि शार्ट सर्किट के चलते आग लगने का अनुमान जताया गया है। पुलिस व दमकल विभाग आग लगने की जांच में जुटे हैं।

### अब बिहार में बिल्ली के नाम से आवासीय प्रमाण पत्र का आवेदन, एफआईआर दर्ज

#### डॉग बाबू से लेकर डोनाल्ड ट्रंप तक आ चुके हैं आवेदन

पटना, (ईएमएस)। इन दिनों बिहार में आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर अजीबो गरीब मामले सामने आ रहे हैं। पहले डॉग बाबू, सोनालिका ट्रैक्टर, डोनाल्ड ट्रंप और अब बिल्ली के नाम से आवासीय प्रमाण पत्र बनाने का आवेदन दिए जाने की खबर सामने आई है। यह सुनकर लोग भी हैरान परेशान हैं। जागरूक लोगों का कहना है कि यदि ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले समय में सरकार द्वारा आवासीय प्रमाण पत्र ऑनलाइन बनाने का नियम कड़ा किया जा सकता है। इससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस बीच बिल्ली के नाम से आवासीय प्रमाण पत्र का आवेदन का अजीबोगरीब मामला बिहार के रोहतास जिले से सामने आया है। खबर है कि रोहतास के नासरीगंज प्रखंड में ऑनलाइन आवासीय प्रमाण पत्र बनाने के लिए बिल्ली के नाम से आवेदन आने के बाद से हड़कंप मचा है। रोहतास के जिलाधिकारी उदिता सिंह के निर्देश पर नासरीगंज के राजस्व कर्मी कौशल पटेल ने नासरीगंज थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए ऑनलाइन प्राप्त आवेदन में आवेदक का नाम कैट कुमार, पिता का नाम- कैटी बॉस तथा माता का नाम- कैटिया देवी तथा पंचायत का नाम अतमीगंज बताया गया है। जिला प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है तथा इसे सरकारी काम में बाधा सहित अन्य आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है।आपको बता दें कि पहले भी बिहार के अलग-अलग जिलों में पहले ही कुत्ता, ट्रैक्टर, ट्रंप के नाम पर आवासीय प्रमाण पत्र के लिए दिये गये आवेदन चर्चा में रहा है। अब रोहतास में बिल्ली के नाम पर आवासीय प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन प्राप्त होने से हड़कंप मचा है। अब यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर आवासीय प्रमाण पत्र को लेकर कुछ लोग इस तरह के आवेदन करके क्या साबित करना चाहते हैं?

### एसआईआर पर कांग्रेस-राजद का दोहरा रवैया उनकी हताशा का परिणाम : राजीव रंजन प्रसाद

पटना, (ईएमएस)। जद (यू) राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बिहार में एसआईआर को लेकर बेवजह सवाल उठाने वाले राष्ट्रीय जनता दल एवं कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मीडिया में जारी एक बयान में उन्होंने दोनों दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि जैसे-जैसे बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं और विपक्ष को अपनी हार की आहट साफ सुनाई देने लगी है, वैसे-वैसे उनकी भाषा और तेवर बदल रहे हैं। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले ये वही नेता हैं, जिनका राजनीतिक इतिहास बूथ लूट, बाहुबल और बोगस वोटिंग जैसे काले अध्यायों से भरा पड़ा है। आज जब बिहार और देश में मतदाता सूची को स्वच्छ एवं पारदर्शी बनाने के लिए एसआईआर जैसी प्रक्रिया लागू की गई है, तब कांग्रेस और राजद को अचानक से लोकतंत्र की चिंता सताने लगी है। यह वही दल हैं जिन्होंने अतीत में बाहुबली तत्वों को संरक्षण देकर खुलेआम बूथ कब्जा कराया और वोटरों के मताधिकार का हनन किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि बिना नोटिस और जवाब के किसी भी मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा।

# जहानाबाद को 11.25 करोड़ की सौगात अगले साल से जलजमाव से मिलेगी मुक्ति




जहानाबाद : जहानाबाद नगर विकास विभाग ने जिले के नगर परिषद और सभी नगर पंचायतों के लिए 11 करोड़ 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। रविवार को समाहरणालय स्थित ग्रामप्लेक्स भवन में आयोजित कार्यक्रम में नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा ने विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की और सभी कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। मंत्री मिश्रा ने कहा कि जहानाबाद को जलजमाव से मुक्त कराने के लिए 318 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने राजाबाजार मोहल्ला के निवासियों से माफी मांगते हुए आश्वासन दिया कि अगले बरसात में उन्हें जल कैदी नहीं बनना पड़ेगा। इसके अलावा, राजाबाजार रेलवे अंडरपास निर्माण के लिए 45 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। यह परियोजना इलाके के यातायात को सुगम बनाएगी और जलनिकासी की समस्या दूर करेगी। कार्यक्रम में बिहार में बाढ़ की मौजूदा स्थिति पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वयं स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और प्रभावित क्षेत्रों में राहत-बचाव कार्य तेज कर दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी प्रभावित व्यक्ति को परेशानी न हो।इस मौके पर जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय, पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार, स्थानीय विधायक, मेयर, डिप्टी मेयर सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। नागरिकों ने मंत्री की घोषणाओं का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि योजनाओं के पूर्ण होने पर शहर की तस्वीर बदल जाएगी और जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान होगा। जहानाबाद के टाउन हॉल में दवा निर्माण की प्रसिद्ध कंपनी एल्केम लैबोरेट्रीज़ के संस्थापक स्वर्गीय सम्प्रदा सिंह की 100वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा और पूर्व सांसद अरुण कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर मंत्री जीवेश मिश्रा ने स्वर्गीय सम्प्रदा सिंह के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि चुनाव से पहले ही विपक्ष हार मान चुका है। उन्होंने प्रशांत किशोर को लेकर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि एनडीए के सामने विपक्ष द्वारा उतारे गए प्रशांत किशोर भी कोई लाभ नहीं दिला पा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के दो-दो ईपीआईसी कार्ड होने के आरोप पर पूछे गए सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है, और यदि ऐसा है तो यह मामला चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर बाजार पटा तिरंगों से, बैज,बैंड की खूब हो रही बिक्री

मधुबनी, (ईएमएस)। आसन्न 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मधुबनी शहर के बाजारों में देशभक्ति का रंग दिखाई देना शुरू हो गया है। जगह-जगह तिरंगे झंडे, बैज, बैंड, कैप, रिबन, स्टिकर, हेयर बैंड और पोस्टर की दुकानों पर खरीददारों की भीड़ जुटनी शुरू हो गयी है। छोटे-बड़े व्यापारी अपने स्टॉल और दुकानों पर तरह-तरह के देशभक्ति से जुड़े सामान सजा कर रखे हैं। स्कूल-कॉलेज के छात्र, सरकारी और निजी संस्थानों के कर्मचारी, सामाजिक संगठन और आम लोग उत्साह के साथ इन वस्तुओं की खरीददारी करने पहुचनें शुरू हो गए हैं। दुकानदारों के अनुसार 15 अगस्त के नजदीक आते ही इन सामानों की मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी हो जाती है। बच्चे तिरंगा, बैज और हाथ में पकड़ने वाले झंडे खरीदने में सबसे ज्यादा उत्साहित हैं। वहीं विभिन्न संस्थाएं बड़े आकार के कपड़े और प्लास्टिक के झंडों की अधिक खरीददारी कर रहे हैं। बाजार में हर तरफ तिरंगे के रंगों से सजी रौनक स्वतंत्रता दिवस के जोश और उमंग को बयां कर रही है।

## डिप्टी सीएम चौधरी को जेड प्लस तो तेजस्वी जेड श्रेणी की सुरक्षा समेत पांच नेताओं की सुरक्षा बढ़ी

पटना,(ईएमएस)। बिहार में विधानसभा चुनाव करीब हैं। इससे पहले बिहार के सीएम नीतीश सरकार ने उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित पांच नेताओं की सुरक्षा बढ़ा दी है। पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, अररिया सांसद प्रदीप कुमार, बाढ़ के विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू और जदयू विधान पार्षद नीरज कुमार सिंह की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है।गृह विभाग की अधिसूचना के मुताबिक बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को जेड प्लस और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को जेड श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव, प्रदीप सिंह और ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू को वाई प्लस जबकि नीरज कुमार को वाई श्रेणी सुरक्षा दिए जाने का फैसला लिया है। विभाग ने डीजीपी को पत्र लिखकर सुरक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।बता दें कुछ दिनों पहले बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की सुरक्षा को लेकर सवाल उठे थे। नवादा से पटना लौटते समय पटना के मरीन ड्राइव के पास उनके काफिले में एक कार घुस गई थी। इससे पहले उनके काफिले में शामिल एक कार को टक्करर मारने की घटना भी हुई थी। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को हाल ही में जान से मारने की धमकी मिली थी। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव लंबे समय से अपनी सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग कर रहे थे।बता दें जेड प्लस सुरक्षा श्रेणी सबसे उच्च स्तर की सुरक्षा श्रेणी होती है। किसी व्यक्ति को यह सुरक्षा देने से पहले गृह मंत्रालय राज्य सरकार से सलाह के बाद फैसला लेता है। जेड प्लस सुरक्षा में करीब 55 जवान वीआईपी की सुरक्षा में 24 घंटे तैनात रहते हैं। यह एनएसजी के कमांडो होते हैं। यह कमांडो वीआईपी के घर से लेकर उनके दफ्तर तक उनके साथ रहते हैं।जेड श्रेणी की सुरक्षा एक हाईलेवल सुरक्षा व्यवस्था है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को यह सुरक्षा प्रदान की गई है। अब 22 सुरक्षा कर्मी तेजस्वी के साथ साए की तरह हमेशा साथ रहेंगे। इसमें एनएसजी कमांडो और पुलिसकर्मी दोनों शामिल रहते हैं। इस कैटेगरी की सुरक्षा में आईटीबीटी या सीआरपीएफ के जवान भी शामिल रहते हैं।पप्पू यादव को वाई प्लस सुरक्षा दी गई है। इस सुरक्षा श्रेणी के तहत वीआईपी की सुरक्षा में करीब एक दर्जन जवान तैनात रहते हैं। इनमें 2-4 कमांडो और तीन पीएसओ होते हैं। इसके अलावा वाई श्रेणी सुरक्षा व्यवस्था के तहत वीआईपी की सुरक्षा में करीब 8 जवान हमेशा तैनात रहते हैं। इन जवानों के लिए दो गाड़ियां रहती हैं।

## भागलपुर में गंगा में डूबने से किशोर की मौत, परिवार में पसरा मातम



भागलपुर : भागलपुर जिले के सुल्तानगंज प्रखंड अंतर्गत महेशी पंचायत के मोतीचक दियारा क्षेत्र में सोमवार को गंगा नदी में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। गंगा का जलस्तर बढ़ने के बीच यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान मोतीचक गांव निवासी मनोरंजन कुमार पिता रामबिलास मंडल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मनोरंजन अपने दोस्तों के साथ गंगा में स्नान करने गया था। इस दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही सुल्तानगंज थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, मनोरंजन बिना बताए घर से निकल गया था। बाद में ग्रामीणों से उसके गंगा में डूबने की जानकारी मिली। मृतक 9वीं कक्षा का छात्र था। महेशी पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। भागलपुर जिले के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पिछले तीन-चार दिनों में डूबने से अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें सबौर प्रखंड के ममलखा वार्ड-10 की बुजुर्ग महिला कुंती देवी, पीरपैंती के परशुरामपुर में नौ वर्षीय शिवम, सन्हौला थाना क्षेत्र के सोनूडीह गांव के 62 वर्षीय शिव यादव, परशुरामपुर दियारा पंचायत के माधोपुर गांव की सात वर्षीय आशियाना खातून और नाथनगर क्षेत्र के दो अन्य लोगों की मौत शामिल है।

## शानदार काम करने वाले पंचायतों, अंचलों और जिलों को पुरस्कार देगी नीतीश सरकार, 16 अगस्त चलेगा महा अभियान




पटना : राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्तर से पूरे राज्य में 16 अगस्त से 20 सितम्बर तक राजस्व महा-अभियान का आयोजन किया जा रहा है। बड़े स्तर पर आयोजित होने वाले इस अभियान की पहुंच घर-घर तक करने तथा इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए इस कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को पुरस्कृत करने की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही इस महा अभियान में सहभागिता करने वाले सभी जन प्रतिनिधियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इस अभियान के दौरान डिजिटाइज्ड जमाबंदियों में त्रुटियों में सुधार, छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन करने, उत्तराधिकार नामांतरण और संयुक्त संपत्तियों के बंटवारा नामांतरण हेतु आवेदन लिए जाएंगे। इस दौरान टीम घर-घर जाकर जमाबंदी की प्रति एवं आवेदन प्रपत्रों का वितरण करेगी। इसके बाद हल्का स्तर पर शिविर लगाकर आवेदन और दस्तावेजों का संकलन किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि राज्य में पहली बार बड़े पैमाने पर राजस्व महा अभियान का आयोजन कर सभी जमाबंदी को अपडेट करने की शुरुआत की जा रही है। इस महा अभियान को बेहतर ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को पुरस्कृत किया जाएगा। यह पुरस्कार तीन स्तरों पर दिया जाएगा। एसीएस सिंह ने बताया कि सभी जिलों के अंचल स्तर पर बेहतरीन काम करने वाले तीन पंचायतों का चयन कर इस कार्य में लगे सभी अधिकारियों, कर्मियों एवं जनप्रतिधियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसी तरह जिला स्तर पर बेहतरीन तीन अंचलों का चयन उनके कार्य के आधार पर करके उन्हें जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।महा अभियान की सफलता के लिए गत रविवार को अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में विभिन्न सेवा संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित संघों में बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, बिहार राजस्व सेवा संघ, यूनाइटेड राजस्व सेवा संघ, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी संघ, मुखिया संघ, पंच-सरपंच संघ, ग्राम कचहरी सचिव संघ, पंचायत सचिव संघ, बिहार राजस्व अमीन संघ, बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (गोप गुट), बिहार राज्य जिला परिषद संघ, वार्ड सदस्य संघ एवं ग्राम कचहरी न्यायमित्र संघ के प्रतिनिधियों ने महा अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता का आश्वासन देने के साथ ही इसकी सफलता के लिए कई सुझाव भी दिए थे।

### 16 अगस्त से बिहार में राजस्व महाअभियान

पटना, (ईएमएस)। बिहार में अभी भूमि सर्वेक्षण अभियान चल रहा है। लेकिन राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सामने इस अभियान में कई चुनौतियां आ रही हैं। कई जगहों पर जमीन विवादित मिल रही हैं। तो कई जगहों पर जमीन के कुल एरिया की एंट्री तो है लेकिन जमीन पर जितने प्लॉट हैं, उनके खाता-खेसरा नंबर की सही जानकारी उपलब्ध नहीं है। वहीं बड़ी संख्या में ऐसी जमीन है, जिस पर जमीन के वर्तमान मालिक के पुरखे के नाम पर जमीन है और वर्तमान पीढ़ी मौखिक बंटवारा करके जमीन पर काम कर रही है लेकिन लिखित बंटवारा नहीं है। ऐसे में इस समस्या को दूर करने के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से आगामी 16 अगस्त से राजस्व महा अभियान की शुरुआत की जा रही है, जो 20 सितंबर तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य है कि जमीन संबंधित जितने भी कागजात हैं, वह अपडेट हो जाएं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि इससे काफी हदतक जमीन बंटवारे की समस्या दूर हो जाएगी। दीपक कुमार सिंह कहते हैं कि भूमि सर्वेक्षण के दौरान हमलोगों ने यह पाया कि विभाग के पास लगभग 4.5 करोड़ जमाबंदी ऑनलाइन है लेकिन उसमें अपडेट नहीं है, उसमें कई तरीकों से सुधार की जरूरत है। पुरानी जो जमाबंदी है, उसमें बहुत सारे में खाता-खेसरा का डिटेल सही से नहीं है। उन्होंने कहा कि कई बार टोटल एरिया मेंशन है लेकिन प्लॉट वाइज कितना एरिया है, प्लॉट की चौहद्दी कितनी है, उसकी एंट्री नहीं है। कई ऐसे एंट्री है, जो कंप्यूटराइज्ड करने में अशुद्धियां हो गई। इसको परिमार्जन के माध्यम से लोग अप्लाई करते हैं। इसी तरीके से दाखिल खारिज के मामले जो की पुरखों के नाम पर जमीन है लेकिन उनके पूर्वज अब नहीं रहे और उनके वंशज जमीन का उपयोग कर रहे हैं। दीपक कुमार सिंह कहते हैं कि आपसी बंटवारा के भी जो मामले हैं, इन सभी मामलों में लोगों तक पहुंचकर और उनसे आवेदन लेने के लिए यह महाअभियान 16 अगस्त से शुरू हो रहा है। यह अभियान 20 सितंबर तक चलेगा।

# गुजरात यूनिवर्सिटी की 250 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की जमीन राधे एंटरप्राइजेज को पट्टे पर दे दी

### गुजरात विश्वविद्यालय के अधिकारियों के भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त और राज्यपाल को ज्ञापन देंगे : कांग्रेस

अहमदाबाद (ईएमएस)। गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. पार्थिवराजसिंह कठवाडिया ने कहा कि गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा जिस तरह से भूमि चोरी घोटाला किया जा रहा है, वह बेहद शर्मनाक है। गुजरात विश्वविद्यालय की 250 करोड़ रुपये से ज़्यादा कीमत की 15,000 वर्ग फुट की जगह राणिप स्थित राधे एंटरप्राइजेज को ग्यारह महीने के लिए किराए पर दे दी गई। जब कॉमन एक्ट का काला क़ानून लागू हुआ, तो बार-बार चिंता जताई गई कि अगर विश्वविद्यालयों में लोकतंत्र ख़त्म हो गया, तो अधिकारी विश्वविद्यालय की जमीन बेच देंगे। मुझे समझ नहीं आ रहा कि इतनी कीमती जमीन बिना किसी टेंडर के राधे एंटरप्राइजेज को क्यों आवंटित कर दी गई? राधे एंटरप्राइजेज को कैसा प्यार आ गया है कि बिना किसी टेंडर के, सिर्फ़ एक चिट्ठी पर इतनी कीमती जमीन लीज़ पर दे दी। क्या 11 महीने के कॉन्ट्रैक्ट पर लीज़ पर दी गई जमीन किसी गांधीनगर के आका के कहने पर दी गई है? क्या महाजनों द्वारा दान की गई जमीनों का ऐसे ही व्यापार होगा? छात्रों और शिक्षा के लिए दी गई जमीन का इस्तेमाल अलग-अलग उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। क्या इस जगह को देने से पहले उद्देश्य पर चर्चा की गई थी? क्या वहाँ कोई निजी फ़ूड मार्केट होगा? क्या छात्रों की जमीन का इस्तेमाल किसी मनोरंजन पार्क के लिए किया जाएगा? क्या ये जमीन शिक्षा मंत्री के कहने पर दी गई है? क्या इसमें शिक्षा मंत्री या उनका कोई सहयोगी शामिल है? कभी सरकारी सिंडिकेट का कोई सदस्य रंगदारी मांगता है, कभी सरकारी सिंडिकेट का कोई सदस्य गुजरात विश्वविद्यालय की जमीन चुरा लेता है और घोटाला सामने आता है और अब बिना



टेंडर के जमीन 11 महीने के लिए लीज़ पर दे दी गई है। क्या सिंडिकेट की बैठक में जमीन को लेकर कोई फ़ैसला हुआ? राधे एंटरप्राइजेज को 29 मार्च 2025 तक विश्वविद्यालय की जमीन के लिए आवेदन करना चाहिए और कुलपति महोदय पाँच महीने में जमीन आवंटित कर दें। वाह दाता गुजरात विश्वविद्यालय वाह! गुजरात विश्वविद्यालय जमीन पर ऐसे बैठा है मानो विरासत में मिली हो। एक तरफ़, युवाओं के पास रोज़गार नहीं है और गुजरात विश्वविद्यालय के कुलपति बार-बार अपने चहेतों को ऊँचे पदों पर बिठाते रहे हैं। अगर गुजरात विश्वविद्यालय के अधिकारी ऐसे अत्याचारों पर शर्मिंदा हों, तो यह शिक्षा जगत के लिए अच्छा होगा। आने वाले समय में, गुजरात विश्वविद्यालय के अधिकारियों के भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त और राज्यपाल को ज्ञापन दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा-
## कुत्तों को पकड़कर शेल्टर होम भेजें

नई दिल्ली(ईएमएस)। दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर के नागरिक प्रशासन को सख्त निर्देश जारी किए हैं, जिनमें आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने और उन्हें आश्रय गृह में रखने के निर्देश शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में अड़ंगा डालता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। लोगों पर आवारा कुत्तों के हमलों और रेबीज संक्रमण के कई मामले सामने आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर इस मामले पर सुनवाई शुरू की थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि एनसीटी-दिल्ली, एमसीडी, एनएमडीसी तुरंत आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू करें और खासकर उन इलाकों में जहां आवारा कुत्तों का खतरा ज्यादा है। पीठ ने स्थानीय निकायों को निर्देश दिया कि 8 हफ्तों में वे आवारा कुत्तों को रखने के लिए आश्रय स्थल बनाने की जानकारी दें।

## पति की गला रेतकर हत्या, पत्नी और प्रेमी समेत तीन गिरफ्तार

शामली (ईएमएस) यूपी के शामली जिले के कैराना में 32 वर्षीय असलम की गला रेतकर हत्या के आरोप में उसकी पत्नी आसमीन, प्रेमी इंतजार और साले हारुन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का दावा है कि प्रेम प्रसंग में बाधक बनने पर तीनों ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से यह वारदात की। पुलिस जांच में सामने आया कि इंतजार, जो टैंपो चलाता है, का आसमीन से करीब छह साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इंतजार की पत्नी की डेढ़ साल पहले मौत हो चुकी थी, जिसके बाद उसका असलम के घर आना-जाना बढ़ गया। बताया गया कि असलम जुआ खेलने और कर्ज में डूबा हुआ था और बच्चों की परवरिश पर ध्यान नहीं देता था। ऐसे में इंतजार ही आसमीन के बच्चों का खर्च उठाता था। बीती शाम असलम घर से निकला और वापस नहीं लौटा। सुबह कांधला मार्ग स्थित आम के बाग में उसका शव मिला, जिसका गला धारदार हथियार से रेत दिया गया था। एसपी रामसेवक गौतम ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पत्नी, प्रेमी और साले को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल किया गया छूरा और घटना में प्रयुक्त टैंपो बरामद कर लिया गया है। पूछताछ में तीनों ने अपराध कबूल किया और बताया कि असलम उनके रिश्ते में बाधा बन रहा था, इसलिए उसकी हत्या की योजना बनाई गई।

## युवक के ऊपर टूटकर गिरी एचटी लाइन, मौत

लखीमपुर खीरी (ईएमएस)। जिले के संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के ग्राम इब्राहीमपुर कॉलोनी में सोमवार सुबह घर के पास नहाते समय ऊपर से गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। गांव इब्राहिमपुरी निवासी जितेंद्र गुप्ता पुत्र रमाशंकर गुप्ता कॉस्मेटिक सामान की फेरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। सोमवार सुबह वह नहा रहे थे, तभी ऊपर से निकला हाईवोल्टेज बिजली का तार अचानक टूटकर गिर पड़ा। करंट लगते ही वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर गए। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## प्रेमी के शादी से इन्कार करने पर प्रेमिका ने फांसी लगा दी जान

लखीमपुर खीरी (ईएमएस)। जिले के निघासन कस्बे के पढ़ुआ थाने के एक गांव में प्रेमी के शादी से इंकार किए जाने से क्षुब्ध 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक गांव प्रमोधापुर निवासी उत्तम का पुत्र विशाल और काजल के बीच पिछले चार वर्षों से प्रेम संबंध था। करीब दो माह पहले काजल के परिवार ने शादी का प्रस्ताव भेजा था, जिस पर सहमति भी बनी थी। रविवार शाम विशाल ने अचानक शादी से मना कर दिया। इससे आहत होकर काजल ने सोमवार सुबह करीब नौ बजे घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की खबर मिलते ही आरोपी और उसके घर वाले अपने घरों से भाग निकले। मृतक काजल के पिता ने आरोप लगाया कि विशाल आर्थिक रूप से संपन्न है और दहेज न मिलने के कारण उसने शादी से इंकार किया। उनका कहना है कि युवक के परिवार ने कई बार उन्हें धमकाया भी था। मृतका दो बहनों में छोटी थी, बड़ी बहन की शादी पहले ही हो चुकी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## पति ने चारपाई पर सो रही पत्नी की गला रेतकर की हत्या

हरदोई (ईएमएस)। जिले में शक करने वाले पति ने कमरे में चारपाई पर सो रही पत्नी की गला रेत कर हत्या कर दी। बेहटा गोकुल गांव की पुरानी बाजार में इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाला हत्यारा पति अंधेरे में ही भाग गया। घटना की जानकारी होते ही पुलिस और वहां पहुंची फॉरेंसिक टीम जांच-पड़ताल में जुट गई है। सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह का कहना है कि हत्यारोपी पति को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमों को तैनात किया गया है। बताया गया है कि बेहटा गोकुल थाने के उसी गांव में पुरानी बाजार में रहने वाला रीत कुमार उर्फ रामचन्द्र पुत्र राजेंद्र पेशे से मजदूर है। रविवार की शाम को वह घर लौटा तो उसके सामने खड़ी उसकी 42 वर्षीय पत्नी रीता पूरी तरह से तैयार थी, पूछने पर रीता ने बताया कि वह गांव के कालसेन मंदिर दर्शन करने जा रही है। लेकिन पत्नी की तैयारी देख कर उसके पति का माथा ठनका और उसने मना कर दिया, पति के मना करने पर रीता का पारा चढ़ गया और उसका पति से झगड़ा होने लगा,उसी बीच रीता ने यूपी-112 पर काल करते हुए पुलिस बुला ली। लेकिन इस बीच पति रीत कुमार उर्फ रामचन्द्र भाग निकला।

## नेपाल सीमा से अवैध तरीके से घुस रहा चीनी नागरिक गिरफ्तार

महराजगंज (ईएमएस)। यूपी के महराजगंज में भारत-नेपाल सीमा पर सोनौली इलाके में 62 वर्षीय एक चीनी नागरिक को बिना वीजा और वैध दस्तावेजों के भारत में प्रवेश करने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार नेपाल से भारत आ रहे झांग योंग को बीती शाम सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने सोनौली इलाके में नियमित जांच के दौरान गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि उसके पास चीन का पासपोर्ट था, लेकिन भारत में प्रवेश के लिए वैध वीजा और दस्तावेज नहीं थे। चीनी नागरिक के पास मिला पासपोर्ट 14 नवंबर 2034 तक के लिए वैध है और उसके पास से नेपाल का पर्यटक वीजा भी मिला है जिसकी वैधता 25 जुलाई 2025 तक ही थी। चीनी नागरिक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है और पूछताछ जारी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या वह किसी आपराधिक गतिविधि से जुड़ा है और भारत में प्रवेश करने का उसका तरीका क्या था। खुफिया ब्यूरो को मामले की जानकारी दे दी गई है।

## बच्ची को मुक्का मारा, सिर दीवार पर पटका

नोएडा(ईएमएस)। उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के डे केयर सेंटर में 15 माह की बच्ची से क्रूरता का सीसीटीवी सामने आया है। आरोप एक नाबालिग सहायिका पर है। सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि उसने बच्ची को बुरी तरह से पीटा। उसने बच्ची के मुंह में खिलौना ठूंस दिया। दो बार जमीन पर पटका। पीठ पर थप्पड़, सीने पर मुक्का मारा। सिर दीवार से टकरा दिया। जांघ पर दांत से काट लिया। इस दौरान बच्ची चीखती-चिल्लाती रही। यह फुटेज 10 मिनट 30 सेकेंड का है। घटना 4 अगस्त 2025 की है। बच्ची की मां की शिकायत पर सेक्टर-142 कोतवाली में डे केयर संचालिका चारु और नाबालिग सहायिका के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सहायिका की उम्र का एफआईआर में जिक्र नहीं है। सोसाइटी में रहने वाली मोनिका देवी का आरोप है कि वह अपनी बेटी वेदांशी पटेल को रोजाना क्लिपी डे केयर में दो घंटे भेजती हैं। चार अगस्त को जब उसे घर लेकर आई तो वह जोर-जोर से रो रही थी।

# अमित शाह को पत्र लिखकर संजय राउत ने पूछा जगदीप धनखड़ कहां हैं?

### अफवाह है कि पूर्व उपराष्ट्रपति को उनके घर में किया गया है कैद

नई दिल्ली(ईएमएस)। शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेटर लिखा है। उन्होंने पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मौजूदा स्थिति और पते की जानकारी मांगी है। राउत ने लेटर में सवाल उठाया है कि आखिर धनखड़ साहब कहां हैं, उनकी सेहत कैसी है और क्या वे सुरक्षित हैं। राउत ने पत्र में लिखा कि हमारे उपराष्ट्रपति (जगदीप धनखड़) के साथ आखिर हुआ क्या है? वे कहां हैं? उनकी तबीयत कैसी है? क्या वे सुरक्षित हैं? देश को इन सवालों का सच जानने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अफवाहें फैल रही हैं कि धनखड़ को उनके घर में कैद कर दिया गया है और उनकी सुरक्षा को लेकर आशंका जताई जा रही है। 2 दिन पहले राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा था कि पहली बार है जब 'लापता उपराष्ट्रपति' के बारे में सुना है।

धनखड़ की स्वास्थ्य स्थिति बिल्कुल ठीक थी

राउत ने बताया कि 21 जुलाई को संसद का सत्र शुरू हुआ था। सुबह 11 बजे उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कार्यवाही की शुरुआत की। उस दौरान वे पूरी तरह सामान्य दिख रहे थे और सदन का संचालन भी सामान्य तरीके से किया। सत्र के दौरान उनकी विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से बहस भी हुई, जिसके बाद कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। उस समय धनखड़ की तबीयत बिल्कुल ठीक थी। लेकिन उसी दिन शाम 6 बजे के बाद अचानक यह खबर आई कि उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दे दिया है। यह खबर सभी के लिए चौंकाने वाली थी। उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा के कुछ सदस्य धनखड़ से संपर्क करने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन सफल नहीं हुए। उनके स्टाफ से भी कोई संवाद नहीं हो पाया, जो गंभीर चिंता का विषय है।

कुछ सांसद कोर्ट जाने पर विचार कर रहे

राउत ने यह भी कहा कि राज्यसभा के कुछ सदस्य सुप्रीम कोर्ट में हैबियस कॉर्पस याचिका दाखिल करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि धनखड़ की मौजूदगी और सुरक्षा की पुष्टि हो सके। उन्होंने लिखा कि सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने से पहले मैंने सोचा कि यह जानकारी आपसे लेना उचित होगा। उम्मीद है कि आप मेरी भावना को समझेंगे और धनखड़ साहब की मौजूदा स्थिति, सुरक्षा और सेहत को लेकर सही जानकारी देंगे।

## अकाली दल में दो फाड़

अमृतसर(ईएमएस)। पंजाब की पंथक राजनीति में सोमवार को बड़ा बदलाव हुआ। श्री अकाल तख्त की गठित शिरोमणि अकाली दल दोफाड़ हो गई है। अकाल तख्त की भर्ती कमेटी ने नई पंथक पार्टी का गठन किया है, जिसका लीडर पूर्व जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह को बनाया गया है। वहीं, बीबी सतवंत कौर को पंथक कमेटी का चेयरपर्सन घोषित किया गया है। 5 मेंबरी कमेटी ने एक पंथक और दूसरा सियासी धड़ा बनाया है। सियासी पार्टी को प्रधान ज्ञानी हरप्रीत सिंह संभालेंगे। वहीं, बीबी सतवंत कौर पंथक कमेटी को संभालेंगी। दोनों अलग-अलग काम करेंगे। ये धड़े सुखबीर बादल की सियासी पार्टी शिरोमणि अकाली दल और पंथक शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के समानांतर काम करेंगे।

### पीएम मोदी ने विपक्ष पर कसा तंज, कहा-
# कुछ लोग कोसी टावर को बिहार चुनाव के चश्मे से देखेंगे

नई दिल्ली (ईएमएस)। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सांसदों के लिए नए फ्लैट्स के उद्घाटन के दौरान विपक्ष पर तंज कसा। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग सांसदों के लिए बने बहुमंजिला फ्लैटों के कोसी टावर को बिहार विधानसभा चुनावों के चश्मे से देखेंगे। बाबा खड़क सिंह मार्ग पर बने 184 नए टाइप-7 बहुमंजिला फ्लैट्स के एक टावर का नाम बिहार की कोसी नदी के नाम पर है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि परिसर के चार टावरों के नाम कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली नदियों के नाम पर रखे गए हैं। मुझे संसद में अपने सहयोगियों के लिए आवासीय परिसर का उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला। चार टावरों के नाम कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली हैं, जो भारत की चार महान नदियां हैं। कुछ लोगों को कोसी नाम के टावर से असहजता महसूस होगी। वे इसे नदी के रूप में नहीं, बल्कि बिहार चुनावों के चश्मे से देखेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि अब दिल्ली में सांसदों को रहने में आसानी होगी। सांसदों के लिए घरों की उपलब्धता बढ़ेगी। मैं इन फ्लैटों के निर्माण में लगे इंजीनियरों और कर्मचारियों को बधाई देता हूं। हमारे सांसदों को नए आवासों में कोई परेशानी नहीं होगी। वे अपने काम पर ज्यादा ध्यान दे पाएंगे। इन बहुमंजिला इमारतों में 180 से अधिक सांसद एक साथ रह सकेंगे। 2014 से अब तक 350 सांसद आवास बनाए जा चुके हैं।

पीएम ने कहा कि जैसा कि मैंने पहले कहा था कि किराये के भवनों में चलने वाले मंत्रालयों के किराये पर सरकार को सालाना लगभग 1500 करोड़ रुपये का खर्च आता था। इसी तरह पर्याप्त संख्या में सांसद आवासों के अभाव में सरकारी खर्च बहुत ज्यादा था। सांसद आवासों की कमी के बावजूद 2014 से 2024 तक कोई नया आवास नहीं बनाया गया। हमने इस काम को एक अभियान




की तरह लिया। 2014 से अब तक लगभग 350 सांसद आवास बनाए जा चुके हैं।

### पीएम मोदी ने सिंदूर का पौधा लगाया

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर बने 184 नए टाइप-7 बहुमंजिला फ्लैट्स का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने सिंदूर का पौधा भी लगाया। साथ ही फ्लैटों के पीछे काम करने वाले श्रमजीवियों से भी बातचीत की। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, और केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी उपस्थित थे।

### हर फ्लैट का क्षेत्रफल 5000 वर्ग फुट

यह परिसर सांसदों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। प्रत्येक फ्लैट में 5,000 वर्ग फुट क्षेत्रफल है, जिसमें कार्यालय और स्टाफ के लिए जगह भी है। यह परियोजना गृह 3-स्टार रेटिंग और राष्ट्रीय भवन संहिता के अनुरूप है। इमारतें भूकंपरोधी हैं और दिव्यांगों के लिए अनुकूलित हैं। जानकारी के अनुसार इस परिसर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है और यह संसद सदस्यों की कार्यात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक सुविधाओं की पूरी श्रृंखला से सुसज्जित है।

हरित प्रौद्योगिकी को सम्मिलित करते हुए, यह परियोजना जीआरआईएचए 3-स्टार रेटिंग के मानकों का पालन करती है और राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) 2016 का अनुपालन करती है। कार्यालयों, कर्मचारियों के आवास और एक सामुदायिक केंद्र के लिए समर्पित क्षेत्रों को शामिल करने से संसद सदस्यों को जन प्रतिनिधि के रूप में अपनी उत्तरदायित्वों को पूरा करने में मदद मिलेगी। परिसर के सभी भवनों का निर्माण आधुनिक संरचनात्मक डिजाइन मानदंडों के अनुरूप भूकंपरोधी बनाया गया है। सभी निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक और सुदृढ़ सुरक्षा तंत्र कार्यान्वित किया गया है।

## चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया, 65 लाख नामों की अलग सूची पब्लिश करने की जरूरत नहीं


नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर स्पष्ट किया है कि कानून के तहत उसे मसौदा मतदाता सूची से बाहर किए गए नामों की अलग सूची बनाने या प्रकाशित करने की कोई बाध्यता नहीं है। आयोग ने यह भी कहा कि मसौदा सूची में शामिल न किए जाने के कारणों को सार्वजनिक करने की भी कानूनी आवश्यकता नहीं है। दरअसल, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने बिहार की मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए करीब 65 लाख नामों की जानकारी मांगी थी। इसके जवाब में चुनाव आयोग ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम मसौदा सूची में नहीं हैं, उनकी जानकारी पहले ही राजनीतिक दलों के साथ साझा की जा चुकी है। यदि एडीआर चाहे तो वह राजनीतिक दलों से संपर्क कर यह जानकारी प्राप्त कर सकता है। चुनाव आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि मसौदा सूची से नाम गायब होने का अर्थ यह नहीं है कि किसी को स्थायी रूप से मतदाता सूची से हटा दिया गया है। मसौदा सूची केवल उस स्थिति को दर्शाती है कि गणना चरण के दौरान संबंधित व्यक्ति का विधिवत भरा हुआ गणना फॉर्म आयोग को प्राप्त हुआ है या नहीं। आयोग ने बताया कि मसौदा सूची में नाम जोड़ने के लिए कोई जांच प्रक्रिया नहीं होती, और जिनका गणना फॉर्म मिला है, उन्हें बिना किसी अपवाद के सूची में शामिल किया जाता है। इसलिए मसौदा सूची से बाहर करने के कारणों का अलग से रिकॉर्ड तैयार या साझा करना आवश्यक नहीं है।

## कर्नाटक में मंत्री राजन्ना का इस्तीफा
### कहा था- वोटर लिस्ट गड़बड़ी कांग्रेस की नाकामी;

बेंगलुरु(ईएमएस)। राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनावों में कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र (बेंगलुरु सेंट्रल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है) में भाजपा के लिए 'वोट चुराए' थे। वहीं इसको लेकर चुनाव आयोग ने राहुल को नोटिस भेजा था। हालांकि राहुल को कर्नाटक सरकार में मंत्री एन राजन्ना ने आइना दिखाया और कहा कि वोटर लिस्ट कांग्रेस के समय में बनी थी। हालांकि अब सीएम सिद्धारमैया ने राजन्ना से इस्तीफा ले लिया है। राजन्ना का इस्तीफा मंजूर भी हो गया है।

राहुल गांधी के आरोपों पर अपने बयान पर कर्नाटक के मंत्री के एन राजन्ना ने कहा था कि अगर हम ऐसी बातों पर यूं ही बात करने लगेंगे, तो अलग-अलग राय सामने आएंगी। मतदाता सूची कब तैयार हुई थी? यह तब तैयार हुई थी जब हमारी अपनी सरकार सत्ता में थी। उस समय क्या सब लोग आंखें बंद करके चुपचाप बैठे थे? ये अनियमितताएं हुई थीं। यह सच है। इसमें कुछ भी झूठ नहीं है। ये अनियमितताएं हमारी आंखों के सामने हुईं, हमें शर्म आनी चाहिए। हमने उस समय इस पर ध्यान नहीं दिया। इसलिए हमें भविष्य में सतर्क रहना होगा।

# कोतवाली पुलिस ने मोर गली में हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 08 जुआरियों को पकड़ा



ग्वालियर ( ईएमएस ) । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर जिले में जुआरियों व सटोरियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में थाना कोतवाली पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि मोर गली में कुछ लोग हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी लश्कर श्रीमती किरण अहिरवार के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली उनि0 मोहिनी वर्मा ने थाना बल की टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर कार्यवाही करने हेतु भेजा गया। पुलिस टीम ने मोर गली में जाकर देखा तो आठ लोग हार जीत का दांव लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेलते दिखाई दिये। जिन्हे पुलिस टीम द्वारा चारों ओर से घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये जुआरियों से नाम व पता पूछने पर क्रमशः (1) संदीप प्रकाश भगत पुत्र प्रकाश भगत उम्र 40 साल निवासी चितौराओली नंदी अपार्टमेन्ट फ्लैट न 2 माधौगंज, (2) संतोष शर्मा पुत्र स्व0 सुदामा प्रसाद उम्र 28 साल निवासी न्यू पारस बिहार कॉलोनी, (3) किरन शिवानी हजारे पुत्र शिवाजी हजारे उम्र 33 साल निवासी मामा का बाजार, (4) हिम्मत साहजी कदम पुत्र साहजी कदम निवासी मामा का बाजार, (5) जीवन आनंदा पुत्र आनंदा कोलेकर उम्र 33 साल निवासी डॉक्टर आहूजा वाली गली कोतवाली, (6) सुनील यादव पुत्र सुभाष यादव उम्र 32 साल निवासी मामा साहब का बाजार हैदरगंज, (7) लोकेश साहू पुत्र रतन लाल साहू उम्र 22 साल निवासी लाला का बाजार, (8) कृष्णा जाधव पुत्र बजरंग जाधव उम्र 34 साल निवासी मामा का बाजार ग्वालियर बताया।

पकड़े गये जुआरियों के पास से एवं सामने फड़ से कुल रकम 14,300/- रूपये एवं एक ताश की गड्डी मिली, पकड़े गये आरोपीगणों का यह कृत्य धारा 13 जुआ एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से कुल रकम 14,300/- रूपये एवं एक ताश की गड्डी को विधिवत जप्त किया गया। पकड़े गये जुआरियों के खिलाफ थाना कोतवाली में अपक्र0- 84/25 धारा 13 पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।


## जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, जामताड़ा
### (जिला भू-अर्जन कार्यालय)

### आदेश

भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, द्वारा संचालित राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 419 के कि.मी. 8.56 (रूपनारायणपुर) से कि.मी. 43.800 (पोखरिया मोड) तक के पथांश में Widening to 2-Lane with Paved Shoulder निर्माण हेतु अर्जित भूमि के एवज में मुआवजा भुगतान हेतु जामताड़ा अंचल अन्तर्गत निम्नांकित मौजों के रैयतों से अभिश्रव प्राप्त करने हेतु तिथिवार शिविर का आयोजन किया गया है, जो निम्नवत हैः-

| क्रमांक | मौजा का नाम | तिथि | समय | स्थल | प्रतिनियुक्त कर्मी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोदमा | 18.08.2025 सोमवार | 11:00AM-2:00 PM | पंचायत भवन बोदमा | श्री आजाद मुर्मू (प्रधान लिपिक) श्री महादेव पाल (मोर्थ के प्रतिनिधि) राजेश कुमार सुमन (अमीन) एवं संबंधित हल्का उप निरीक्षक / अंचल निरीक्षक, संबंधित मौजा के ग्राम प्रधान अथवा पंचायत के मुखिया |
| 2 | गायछाँद | 20.08.2025 बुधवार | 11:00AM-2:00 PM | हरि मंदिर, गायछाँद | |
| 3 | बुधुडीह | 22.08.2025 शुक्रवार | 11:00AM-2:00 PM | स्कूल भवन बुधुडीह | |
| 4 | चक खरना कनाली | 23.08.2025 शनिवार | 11:00AM-2:00 PM | स्कूल भवन चक खरना कनाली | |

उपरोक्त प्रतिनियुक्त कर्मियों को आदेश दिया जाता है कि तिथिवार आयोजित शिविर में संबंधित रैयतों से अभिश्रव/आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करेंगे। अंचल अधिकारी, जामताड़ा अपने स्तर से संबंधित ग्राम प्रधान/मुखिया/ग्राम पंचायत सदस्य को उक्त शिविर के आयोजन की सूचना प्रदान करेंगे।

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी,
जामताड़ा

PR 359357 District(25-26).D

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हाउस अरेस्ट?

देश के राजनीतिक गलियारों में इन दिनों सबसे चौंकाने वाली चर्चा, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की कथित 'गुमशुदगी' को लेकर है। विपक्ष ने अब धनखड के जरिए सरकार को घेरने और निशाना साधने की तैयारी कर ली है। बीते दिनों सपा से राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने एक बयान देकर सरकार को घेरने के लिए नया दांव चल दिया है। सिब्बल ने आरोप लगाया है, पूर्व उप राष्ट्रपति धनखड़ इस्तीफा देने के बाद से सार्वजनिक रूप से उनका कोई भी वजूद दिखाई नहीं दे रहा है। उनका फोन नहीं लग रहा, उनके परिवार की ओर से भी कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ रही। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई, तो वह कोर्ट में हेबियस कॉर्पस याचिका दाखिल कर सकते हैं। इस प्रकार कपिल सिब्बल अदालत के माध्यम से धनखड़ को सामने लाने की रणनीति अपना सकते हैं। कपिल सिब्बल के इस बयान के बाद सरकार को या तो जगदीप धनखड़ के बारे में जानकारी देनी होगी। यदि कोई उनसे संपर्क नहीं कर पा रहा है, जिसके लिए सिब्बल हेवियस कॉरपस के माध्यम से उन्हें देश के सामने लाने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं रह गया है। कपिल सिब्बल का बयान सतही तौर पर नरम लेकिन राजनीतिक रूप से बेहद सख्त था। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह पर सीधा निशाना साधते हुए कहा, जब सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को ढूंढ सकती है, तब देश के पूर्व उपराष्ट्रपति का पता क्यों नहीं लगा पा रही है? जगदीप धनखड़ इस्तीफा देने के बाद से चुप क्यों हैं। क्या सरकार ने उन्हें हाउस अरेस्ट कर रखा है। क्या उनसे जबरदस्ती इस्तीफा लिखवाया गया है। सरकार जल्दबाजी में उपराष्ट्रपति का चुनाव क्यों करा रही है? इस तरह के कई सवाल देशभर में उठने लगे हैं। यह सवाल अपने आप में संकेत है, मामला सिर्फ बीमारी या निजी कारणों तक सीमित नहीं है, बल्कि राजनीतिक दबाव या साजिश का हिस्सा हो सकता है। सिब्बल ने अपने बयान में विदेशी उदाहरण भी दिया। जैसे चीन या अन्य देशों में नेताओं का अचानक लापता हो जाना, साधारण घटना मान ली जाती है। वह कहां चले गए इसका पता किसी को नहीं लगता है। ऐसा ही कुछ धनकड़ साहब के साथ तो नहीं हुआ? ऐसी आशंका व्यक्त करके उन्होंने एक राजनीतिक तूफान खड़ा करने की कोशिश की, उनका यह बयान इसी रूप में देखा जा रहा है। भारतीय लोकतंत्र में इस तरह के बयान असामान्य और चिंताजनक हैं। सिब्बल ने यह भी संकेत दिया, धनखड़ को संभवतः जानबूझकर अलग-थलग करके रखा गया है। इस्तीफे के बाद कोई भी उनसे संपर्क स्थापित नहीं कर पा रहा है। नाही सरकार उनके बारे में बोलने के लिए तैयार है। धनखड का अचानक सार्वजनिक जीवन से पूरी तरह गायब हो जाना कई सवाल खड़े कर रहा है। अगर वह बीमार हैं, तो उनकी स्थिति पर आधिकारिक जानकारी सरकार और उनके परिवार द्वारा क्यों नहीं दी जा रही?

इसी बीच पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें उन्होंने अपने ऊपर हुए कथित उत्पीड़न का जिक्र करते हुए कहा है, ईमानदार नेताओं को अब सरकार द्वारा फंसाया जा रहा है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल में जिस तरह से उनकी मृत्यु हुई है। सरकार ने उनके इलाज और अंतिम संस्कार में जिस तरह की उपेक्षा की है। यह बयान कहीं न कहीं सिब्ब्ल द्वारा जो आशंका व्यक्त की गई है, उसको मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। सत्ता से असहमति रखने वाले या अप्रिय हो चुके नेता दबाव और अलगाव की नीति के शिकार होने की ओर इशारा करता है। यह मामला, अब महज़ व्यक्तिगत स्वास्थ्य या निजी गोपनीयता का नहीं रहा। यह सवाल लोकतांत्रिक पारदर्शिता, संवैधानिक पदों की गरिमा और राजनीतिक एवं निजी स्वतंत्रता से जोड़ने की कोशिश विपक्ष कर रहा है। अगर पूर्व उपराष्ट्रपति जैसी ऊंची संवैधानिक हैसियत रखने वाले व्यक्ति को लेकर इस तरह के सवाल उठ रहे हैं तो फिर आम आदमी के बारे में कल्पना करना ही व्यर्थ है। कपिल सिब्बल ने धनखड को लेकर जो कहा है, वह आगे चलकर सरकार की मुसीबतें बढ़ा सकता है। सरकार को चाहिए, वह पूर्व राष्ट्रपति जगदीप धनखड को लेकर आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक करे। कपिल सिब्बल की हेबियस कॉर्पस की चेतावनी राजनीतिक भूचाल ला सकती है। सरकार को इसे गंभीरता से लेना होगा। जगदीप धनखड़ सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य भी हैं। उनका पेशेवर और राजनीतिक कैरियर है। जब सरकार चुनाव आयोग और वोट चोरी जैसे आरोपों से घिरी हो, ऐसे समय पर सरकार को कपिल सिब्बल के इस बयान को गंभीरता से लेना होगा। अन्यथा एक नया मोर्चा सरकार के खिलाफ खुलने जा रहा है। विपक्ष इस समय बहुत आक्रामक है। विपक्ष अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहा है। कुछ ऐसी ही स्थिति अब सरकार की भी बनने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की लोकप्रियता में लगातार गिरावट देखी जा रही है। सरकार को अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए कई मोर्चों पर एक साथ लड़ना पड़ रहा है। यह मुद्दा सिर्फ धनखड या न्यायालय तक सीमित नहीं रहेगा। विपक्षी दल इस बात को समझ चुके हैं। विपक्षी दलों को अब न्यायपालिका में विश्वास नहीं रहा। न्यायालय जाने से उन्हें न्याय मिलेगा? विपक्षी दलों को संदेह था कि न्यायपालिका सरकार के दबाव में काम करती है। अब वह विश्वास में बदल चुका है। न्यायालय सरकार के दबाव में सरकार का बचाव करते हुए नजर आते हैं। ऐसी स्थिति में विपक्षी दलों ने अब जनता की अदालत में लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। न्यायपालिका की आड़ में अभी तक सरकार हर मामले में बच जाती थी। भविष्य में शायद सरकार के लिए यह संभव नहीं रहेगा। न्यायपालिका के प्रति वह विश्वास आम जनता के मन में नहीं रहा जो, पहले होता था। चुनाव आयोग के मामले में जिस तरह की नूरा कुश्ती सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग और सरकार के बीच में देखने को मिल रही है। न्यायपालिका में तारीख पर तारीख देकर मामलों को किस तरह से लटकाया जाता है। उसके बाद विपक्ष ने यह मान लिया है, उसे संविधान के चौथे स्तंभ आम जनता की अदालत में जाने के अलावा अब कोई विकल्प नहीं रह गया है। विपक्ष लगातार इसी तरह की बात कर रहा है। जो सरकार के लिए आगे चलकर बड़ी मुसीबत बन सकता है। कुछ ऐसी ही स्थिति 1975 में देश में देखने को मिली थी। 50 साल बाद एक बार फिर वही स्थिति बनती हुई दिख रही है। आगे क्या होगा इसका भगवान ही मालिक है।

(चिंतन-मनन)


## जीवन के चार आधार

सुसंस्कारिता के चार आधार हैं- समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी। इन्हें आध्यात्मिक-आंतरिक वरिष्ठता की दृष्टि में उतना ही महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए जितना शरीर के लिए अन्न, जल, वस्त्र और निवास अनिवार्य समझा जाता है। समझदारी का अर्थ है- दूरदर्शी विवेकशीलता अपनाना। आमतौर से लोग तात्कालिक लाभ को सब कुछ मानते हैं और उसे पाने के लिए कोई गलत कदम उठाने में भी संकोच नहीं करते। इससे भविष्य अंधकारमय बन जाता है। अपराधी तत्वों में से अधिसंख्य इसी मनोवृत्ति के होते हैं। दूरदर्शिता, विवेकशीलता उस अनुभवी किसान की गतिविधियों जैसी हैं, जिनके अनुसार खेत जोतने, बीज बोने, खाद पानी देने, रखवाली करने में आरंभिक हानि और कष्ट सहने को शिरोधार्य किया जाता है। दूरदर्शिता बताती है कि इसका प्रतिफल उसे समयानुसार मिलने ही वाला है। एक बीज के दाने के बदले कई गुना दाने मिलने वाले हैं। संयम और सत्कार्य ऐसी ही बुद्धिमत्ता है। पुण्य परमार्थ में भविष्य को उज्ज्वल बनाने वाली संभावनाएं निहित हैं। संयम का प्रतिफल वैभव और पौरुष के रूप में दृष्टिगत होने ही वाला है। दूरबीन के सहारे दूर तक की वस्तुओं को देखा जा सकता है और उस जानकारी के आधार पर अधिक बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। अध्यात्म की भाषा में इसी को तृतीय नेत्र खुलना कहते हैं, जिसके आधार पर विपत्तियों से बचना और उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं का सृजन संभव है। कथनी-करनी को एक सा रखना ईमानदारी है। सहयोग व सद्भाव अर्जित करने के लिए ईमानदारी प्रमुख आधार है। इसे अपने व्यवसाय में अपनाकर अनेक लोगों ने छोटी स्थिति से उठकर बड़ी सफलता पाई है। बड़े उत्तरादायित्वों को उपलब्ध करने और उसका निर्वाह करने में ईमानदार ही सफल होते हैं। सुसंस्कारिता का तीसरा पक्ष है- जिम्मेदारी। गैर जिम्मेदार उत्तरदायित्वों से निर्लज्जतापूर्वक इंकार कर सकते हैं,पर जिम्मेदार लोगों को अपने उत्तरदायित्वों का नियमबद्ध होकर समय पर निर्वाह करना पड़ता है। जो स्वास्थ्य सुरक्षित रखने की, जीवन संपदा का श्रेष्ठतम सदुपयोग करने की, लोक परलोक उत्कृष्ट बनाने की जिम्मेदारी निभाते हैं, वे ही संतोष, यश आरोग्य का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। चौथा व अंतिम चरण है-बहादुरी।

# भारत के महान वैज्ञानिक विक्रम साराभाई जैन को नमन

जन्मदिन पर विशेष

विजय कुमार जैन



भारत माता के महान सपूत जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया में देश का नाम ऊंचा किया ऐसे विक्रम अंबालाल साराभाई जैन का 12 अगस्त 1912 को जन्म हुआ था। जन्म दिवस के अवसर पर हम उन्हें स्मरण कर रहे हैं।। डॉ विक्रम साराभाई के नाम को अंतरिक्ष कार्यक्रम से अलग नहीं किया जा सकता यह बात दुनिया को पता है की वह विक्रम साराभाई ही थे, जिन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाया।आपका जन्म अहमदाबाद में श्री अंबालाल साराभाई के प्रतिष्ठित जैन परिवार में हुआ था। आपकी माता जी श्रीमती सरला साराभाई थी। आपकी माता सरला साराभाई ने प्रारंभिक शिक्षा मैडम मारिया मांटेसरी की तरह शुरू हुए पारिवारिक स्कूल में दिलाई।गुजरात कॉलेज में इंटरमीडिएट तक विज्ञान की शिक्षा पूरी करने के बाद वे सन 1937 में कैंब्रिज इंग्लैंड चले गए, जहां 1940 में प्रणमाकृतिक विज्ञान में ट्रायपोज डिग्री प्राप्त की। द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने पर वे भारत लौट आए और बेंगलूरू स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान में नौकरी करने लगे।जहां पर वह सी. वी. रमन के निरीक्षण में कॉस्मिक रेंज पर अनुसंधान करने लगे। द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति पर वे कॉस्मिक रेज भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में अपनी डॉक्ट्रेट पूरी करने के लिए कैंब्रिज लौट गए। सन् 1947 में उष्णकटिबंधीय अक्षांश ट्रॉपीकल लैटीट्यूड्स मैं कैंब्रिज विश्वविद्यालय ने उन्हें डॉक्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित किया गया।

डॉं विक्रम साराभाई को भारत के महान संस्थान निर्माता माना जाता है। उनके द्वारा स्थापित लोकप्रिय संस्थानों में प्रमुख हैं भौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला पीआरएल अहमदाबाद, भारतीय प्रबंध संस्थान आई आई एम अहमदाबाद, सामुदायिक विज्ञान केंद्र अहमदाबाद,दर्पण अकादमी फॉर परफॉर्मिंग आट्र्स अहमदाबाद, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र तिरुअनंतपुरम्, डॉ विक्रम साराभाई सांस्कृतिक गतिविधियों में भी गहरी रूचि रखते थे। वे संगीत, फोटोग्राफी, पुरातत्व, ललित कलाओं और अन्य अनेक क्षेत्रों से जुड़े रहे। डॉक्टर विक्रम साराभाई के व्यक्तित्व का सर्वाधिक उल्लेखनीय पहलू उनकी रुचि की सीमा और विस्तार तथा ऐसे तरीके थे, जिन्होंने अपने विचारों को संस्था में परिवर्तित किया।सृजनशील वैज्ञानिक, सफल और दूरदर्शी उद्योगपति, उच्च कोटि के प्रवर्तक, महान संस्थाओं के निर्माता, अलग किस्म के शिक्षाविद, कला पारखी, सामाजिक परिवर्तन के ठेकेदार, अग्रणी प्रबंध प्रशिक्षक आदि ऐसी अनेक विशेषताएं उनके व्यक्तित्व में समाहित थी। उनकी सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह थी कि वे एक ऐसे उच्च कोटि के इंसान थे जिसके मन में दूसरों के प्रति असाधारण सहानुभूति थी, जो भी उनके संपर्क में आता उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रहता था। धर्मपत्नी श्रीमती मृणालिनी साराभाई के साथ मिलकर उन्होंने मंच कलाओं की सांस्कृतिक संस्था दर्पण का गठन किया। उनकी बेटी मल्लिका साराभाई बड़ी होकर भरतनाट्यम् और कुचिपुड़ी की प्रसिद्ध नृत्यांगना बनी। डॉक्टर होमी जे भाभा की जनवरी 1966 में मृत्यु के बाद डॉक्टर साराभाई को परमाणु ऊर्जा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया। साराभाई ने सामाजिक और आर्थिक विकास की विभिन्न गतिविधियों के लिए अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में छुपी हुई व्यापक क्षमताओं को पहचान लिया था। इन गतिविधियों में संचार, मौसम विज्ञान संबंधी भविष्यवाणी और प्राकृतिक संसाधनों के लिए अन्वेषण आदि सम्मिलित हैं।भारत के महान वैज्ञानिक बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉक्टर विक्रम साराभाई का 30 दिसंबर 1971 को कोवलम्, तिरुअनंतपुरम् केरल में आसामयिक स्वर्गवास हो गया।इस महान वैज्ञानिक के सम्मान में तिरुअनंतपुर में स्थापित थुंबा एक्वेटोरियल रॉकेट लॉन्चिंग स्टेशन टी आर एल एस और संबंधी अंतरिक्ष संस्थाओं का नाम बदलकर विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र कर दिया गया। यह केंद्र एक प्रमुख भारतीय अंतरिक्ष केंद्र के रूप में उभरा है। सन 1974 में सिडनी स्थित अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान संघ ने निर्णय लिया कि सीआफ सेरेनिटी पर स्थित बेसल नामक मून क्रेटर अब साराभाई क्रेटर के नाम से जाना जाएगा। डॉ विक्रम साराभाई को भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का जनक माना जाता है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को भारतवासी हमेशा याद रखेंगे।उनका जीवन एवं अनुसंधान कार्य आज की युवा पीढ़ी के लिए निश्चित ही प्रेरणादायक है जन्मदिन पर हम डॉक्टर विक्रम साराभाई को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं

# अमेरिका भारत टकराए-चीन भारत करीब आए-रूस ने ध्रुवीकरण के समीकरण बनाए- पश्चिमी विश्व के लिए भू- राजनीतिक भूचाल लाए

एडवोकेट किशन सनमुखदास

वैश्विक स्तरपर वैसे तो अमेरिका की अनेक देशों के साथ टकराहट, फिर उनके ऊपर आर्थिक सामायिक प्रतिबंधों को लगाना, वैश्विक वित्तीय संस्थाओं का मुंह मोड़ना, जैसे अनेक किस हम सुनते रहते हैं, जिसके कारण वे देश आर्थिक खस्ताहाली क़े शिकार हो जाते हैं पर परंतु वर्तमान भारत अमेरिका के हालातो को देखते हुए,मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र,आज 45 वर्षों के लेखन कार्य के इतिहास में व शायद भारत- अमेरिका दोस्ती के इतिहास में पहली बार इतनी टकराहट देख रहा हूं, कि भारत पर 50 पेर्सेंट टैरिफ लगाना व इसके बढ़ाने की धमकी देना तथा फिर प्रतिबंधों की बारी भी आ सकती है,जिससे हमारे प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिकल व फार्मेसी इत्यादि क्षेत्रों में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। जिसपर मेरा मानना है कि इस संभावित होने वाले प्रभाव पर रणनीतिक रूप से काम करना शुरू हो गया होगा? इसके साथ ही भारत क़ा अपनी रणनीति कूटनीति पर भी काम शुरू हो गया होगा। अभी पीएम की रूसी राष्ट्रपति से बात हुई,संभवत वे नवंबर दिसंबर में भारत दौरे पर आ सकते हैं। वही हमारे पीएम 28 से 30 अगस्त 2025 को जापान, फिर 31 अगस्त से 1 सितंबर 2025 को एससीओ सम्मिट में चीन जाएंगे,जिसमे चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय पीएम के आने की उत्सुकता है,व संभावना है कि इस टैरिफ रूपी आपदा को अवसर के रूप में बदलने की रणनीति हो सकती है, जिसनें अमेरिका को भी सख़्तें में डाल दिया है?क्योंकि मुझे ऐसा लग रहा है कि जिस सोच क़े साथ ट्रंप ने भारत पर इतनी भारी मात्रा में टैरिफ लगाया है, वह सोच शायद उल्टी पड़ रही है? और हो सकता है कि बातचीत को हथियार बनाकर टैरिफ को हटा भी दिया जाए तो आश्चर्य वाली बात नहीं होगी !परंतु भारत तो अपनी तैयारी में लग गया है, अगर इस बार रूस चीन भारत ब्राजील ईरान इत्यादि देशों का ग्रुप बन गया तो, वैश्विक कूटनीति व भू-राजनीतिक समीकरण में एक नया मोड़ आ जाएगा जो पश्चिमी विश्व के लिए भू-राजनीतिक भूचाल ला सकताहै।इसलिए आज हम मीडिया में उपयोग जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यमसे चर्चा करेंगे,सुनिए बाबूजी! यह भारत है-अमेरिका भारत डायरेक्ट टकराहट अंतर्राष्ट्रीय शक्ति संतुलन की दिशा को प्रभावित कर सकता है।

साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ का प्रभाव भू-राजनीतिक प्रभाव पर पढ़ने की करें तो,अंतरराष्ट्रीय राजनीति में आर्थिक हथियारों का इस्तेमाल कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब यह हथियार दुनियाँ की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, यानी अमेरिका, चलाता है तो उसके प्रभाव वैश्विक होते हैं। हाल ही में अमेरिका ने भारत पर टैक्स लगाने का फैसला किया और साथ ही प्रतिबंध लगाने की संभावना के संकेत भी दिए। यह कदम न केवल भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव का कारण बन रहा है,बल्कि इसके पीछे एक और बड़ा खतरा छिपा है-भारत, चीन और रूस का संभावित ध्रुवीकरण। यह गठजोड़, यदि मजबूत हुआ, तो अमेरिका के लिए एक ऐसी भू-राजनीतिक चुनौती बन सकता है जो उसके दशकों से कायम आर्थिक और रणनीतिक प्रभुत्व को हिला देगी। अमेरिका और भारत के बीच हाल के समय में बढ़ता तनाव वैश्विक कूटनीति और भू- राजनीतिक समीकरणों में एक नए मोड़ की आहट देता है। अमेरिका -भारत डायरेक्ट मामले पर जो मतभेद उभर कर आए हैं, वे केवल द्विपक्षीय विवाद तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि यह पूरी अंतरराष्ट्रीय शक्ति-संतुलन की दिशा को प्रभावित कर सकते हैं। इस मुद्दे ने जहां भारत और अमेरिका के बीच अविश्वास की रेखा को गहरा किया है, वहीं दूसरी ओर यह चीन के लिए अवसर का द्वार खोलता दिख रहा है। अगर भारत और चीन अपने पुराने मतभेदों को किनारे रखकर किसी साझा रणनीति पर आगे बढ़ते हैं, तो पश्चिमी वर्ल्ड की राजनीतिक-आर्थिक बुनियाद पर गहरा असर पड़ सकता है।

साथियों बात अगर हम अमेरिका टकराव को अमेरिका का सबसे बड़ा राजनीतिक दुष्परिणाम होने की करें तो,भारत पर लगाए गए अमेरिकी टैक्स का असर केवल व्यापारिक संतुलन तक सीमित नहीं रहेगा। यह एक ऐसा संदेश है जो अमेरिकी नीति-निर्माताओं की सोच को दर्शाता है-वे किसी भी देश के साथ अपने हितों के विरुद्ध जाने पर कठोर आर्थिक कदम उठा सकते हैं।लेकिनभारत जो पिछले कुछ वर्षों में न केवल वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने की स्थिति में आया है, बल्कि पश्चिमी देशों के लिए भी एक रणनीतिक साझेदार बनकर उभरा है, इस तरह के दबाव को आसानी से स्वीकार करने वाला नहीं है। भारत की आर्थिक नीतियों और रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर देने की प्रवृत्ति अमेरिका की उम्मीदों से मेल नहीं खाती, और यही टकराव की जड़ है।अमेरिका के इस कदम का सबसे बड़ा रणनीतिक दुष्परिणाम यह हो सकता है कि भारत और चीन-दोनों एशियाई दिग्गज, जिनके बीच पिछले वर्षों में सीमा विवाद और भू- राजनीतिक तनाव रहे हैं -आर्थिक और रणनीतिक मुद्दों पर एक साझा मंच पर आ सकते हैं। चीन पहले से ही अमेरिका के टैरिफ और प्रतिबंधों का सामना कर रहा है, और वह हर उस साझेदार की तलाश में है जो उसकी अमेरिका-विरोधी रणनीति को मजबूती दे सके। यदि भारत, अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए, अमेरिका के दबाव से निकलकर चीन के साथ कुछ क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाता है, तो यह अमेरिकी रणनीति के लिए बड़ा झटका होगा जिससे उबरने में उसे वक्त लगेगा। साथियों बात अगर हम भारत रूस पहलू को नजरअंदाज नहीं करने की करें तो, रूस और भारत के ऐतिहासिक रूप से मजबूत संबंध हैं,चाहे वह रक्षा सौदे हों, ऊर्जा व्यापार हो या अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पारस्परिक समर्थन। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस पहले से ही अमेरिका और यूरोपीय प्रतिबंधों का सामना कर रहा है, और उसने चीन के साथ अपना आर्थिक और रणनीतिक तालमेल बढ़ा लिया है। यदि भारत भी इस त्रिकोण में सक्रिय रूप से शामिल हो जाता है, तो भारत-चीन-रूस का यह ध्रुवीकरण न केवल एक मजबूत आर्थिक शक्ति बन सकता है, बल्कि एक वैकल्पिक वैश्विक शक्ति केंद्र के रूप में उभर सकता है, जो अमेरिकी नेतृत्व वाली पश्चिमी व्यवस्था को चुनौती देगा।इस संभावित गठजोड़ के आर्थिक प्रभाव गहरे होंगे। भारत, चीन और रूस मिलकर वैश्विक ऊर्जा संसाधनों, विनिर्माण क्षमता और तकनीकी विकास के बड़े हिस्से पर नियंत्रण रखते हैं।

# युवाः वर्तमान की क्रांति एवं शांति के वाहक

ललित गर्ग

अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस केवल एक कैलेंडर की तारीख नहीं है, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि आज की दुनिया में परिवर्तन का सबसे बड़ा वाहक युवा हैं। यह दिन संयुक्त राष्ट्र ने युवाओं के अधिकार, अवसर और योगदान को मान्यता देने के लिए तय किया है, लेकिन इसकी वास्तविक सार्थकता तभी है जब हम युवाओं को केवल 'भविष्य के नेता' कहकर टालें नहीं, बल्कि उन्हें वर्तमान का निर्णायक शक्ति केंद्र मानें। आज भारत की आबादी में लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम उम्र का है। यह केवल सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि संभावनाओं का महासागर है। लेकिन इन संभावनाओं को दिशा देने के लिए केवल शिक्षा या नौकरी पर्याप्त नहीं; दृष्टि, मूल्यों और संकल्प की भी उतनी ही आवश्यकता है। क्योंकि युवा क्रांति का प्रतीक है, ऊर्जा का स्रोत है, इस क्रांति एवं ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक एवं सृजनात्मक हो, इसी ध्येय से सारी दुनिया प्रतिवर्ष में सन् 2000 में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन आरम्भ किया गया था। यह दिवस मनाने का मतलब है कि युवाशक्ति का उपयोग विध्वंस में न होकर निर्माण में हो। युवा, शांति और सुरक्षा पर सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव 2250 (9 दिसंबर 2015) शांति को बढ़ावा देने और उग्रवाद का मुकाबला करने में युवा शांति निर्माताओं को शामिल करने की तत्काल आवश्यकता की अभूतपूर्व स्वीकृति का प्रतिनिधित्व करता है, और स्पष्ट रूप से युवाओं को वैश्विक प्रयासों में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थान देता है।

स्वामी विवेकानंद का आह्वान आज भी गूंजता है-'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।' इस अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर हमें न केवल युवाओं की सराहना करनी है, बल्कि उन्हें जिम्मेदारी सौंपनी है, क्योंकि वे सिर्फ कल के नहीं, बल्कि आज के भी निर्माता हैं। स्वामी विवेकानन्द ने भारत के नवनिर्माण के लिये मात्र सौ युवकों की अपेक्षा की थी। क्योंकि वे जानते थे कि युवा 'विजनरी' होते हैं और उनका विजन दूरगामी एवं बुनियादी होता है। उनमें नव निर्माण करने की क्षमता होती है। नया भारत निर्मित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी युवाशक्ति को आगे लाना होगा। युवा किसी भी देश का वर्तमान और भविष्य हैं। वो देश की नींव हैं, जिस पर देश की प्रगति और विकास निर्भर करता है। लेकिन आज भी बहुत से ऐसे विकसित और विकासशील राष्ट्र हैं, जहाँ नौजवान ऊर्जा व्यर्थ हो रही है। कई देशों में शिक्षा के लिए जरूरी आधारभूत संरचना की कमी है तो कहीं प्रछन्न बेरोजगारी जैसे हालात हैं। युवा अनेक विसंगतियों एवं बुराइयों से घिरे हैं।युवाओं में जोश होता है, लेकिन बिना दिशा का जोश आग भी लगा सकता है और दीपक भी जला सकता है। यह चुनाव हमारे हाथ में हैकृहम उन्हें सृजनशील बदलाव के शिल्पी बनाते हैं या अराजकता के उपकरण। महात्मा गांधी ने कहा थाकृष्आप वह बदलाव बनें जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।' युवा इस वाक्य को केवल नारा न बनाएं, बल्कि अपने जीवन का सूत्रवाक्य बनाएं। आज के युवा के सामने बेरोजगारी, मानसिक तनाव, नशे की लत, डिजिटल व्यसन, और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियां हैं। लेकिन इन्हीं के बीच नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति, डिजिटल क्रांति, और वैश्विक मंच पर पहचान बनाने के अनगिनत अवसर भी हैं। जरूरत है-आत्मनिर्भर सोच की, नैतिकता आधारित नेतृत्व की और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता की। जब जलवायु परिवर्तन, शांति स्थापना, मानवाधिकार, और वैश्विक न्याय जैसे मुद्दों की बात आती है, तो दुनिया युवाओं की आवाज सुनना चाहती है। स्वीडन की ग्रेटा थनबर्ग से लेकर भारत के अनगिनत सामाजिक नवप्रवर्तकों तक-युवा यह साबित कर रहे हैं कि उम्र कोई बाधा नहीं, दृष्टि और साहस ही असली पूंजी है। युवाओं के हाथ में केवल भविष्य की मशाल नहीं, बल्कि वर्तमान की बागडोर भी है। अगर वे खुद को केवल दर्शक बनाकर रखेंगे, तो इतिहास उनके बिना आगे बढ़ जाएगा। लेकिन अगर वे सक्रिय भागीदारी करेंगे, तो इतिहास उन्हें अपने पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज करेगा।अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाते हुए मूल प्रश्न है कि क्या हमारे आज के नौजवान भारत को एक सक्षम देश बनाने का स्वप्न देखते हैं? या कि हमारी वर्तमान युवा पीढ़ी केवल उपभोक्तावादी संस्कृति से जन्मी आत्मकेन्द्रित पीढ़ी है? दोनों में से सच क्या है? दरअसल हमारी युवा पीढ़ी महज स्वप्नजीवी पीढ़ी नहीं है, वह रोज यथार्थ से जूझती है, उसके सामने भ्रष्टाचार, आरक्षण का बिगड़ता स्वरूप, महंगी होती जाती शिक्षा, कैरियर की चुनौती और उनकी नैसर्गिक प्रतिभा को कुचलने की राजनीति विसंगतियां जैसी तमाम विषमताओं और अवरोधों की ढेरों समस्याएं भी हैं। उनके पास कोरे स्वप्न ही नहीं, बल्कि आंखों में किरकिराता सच भी है। इन जटिल स्थितियों से लौहा लेने की ताकत युवक में ही हैं। क्योंकि युवक शब्द क्रांति का प्रतीक है। विचारों के नभ पर कल्पना के इन्द्रधनुष टांगने मात्र से कुछ होने वाला नहीं है, बेहतर जिंदगी जीने के लिए मनुष्य को संघर्ष आमंत्रित करना होगा। वह संघर्ष होगा विश्व के सार्वभौम मूल्यों और मानदंडों को बदलने के लिए। सत्ता, संपदा, धर्म और जाति के आधार पर मनुष्य का जो मूल्यांकन हो रहा है मानव जाति के हित में नहीं है। दूसरा भी तो कोई पैमाना होगा, मनुष्य के अंकन का, पर उसे काम में नहीं लिया जा रहा है। क्योंकि उसमें अहं को पोषण देने की सुविधा नहीं है। क्योंकि वह रास्ता जोखिम भरा है। क्योंकि उस रास्तें में व्यक्तिगत स्वार्थ और व्यामोह की सुरक्षा नहीं है।युवापीढ़ी पर यह दायित्व है कि संघर्ष को आमंत्रित करे, मूल्यांकन का पैमाना बदले, अहं को तोड़े, जोखिम का स्वागत करे, स्वार्थ और व्यामोह से ऊपर उठे। युवा दिवस मनाने का मतलब है- एक दिन युवकों के नाम। इस दिन पूरे विश्व में युवापीढ़ी के संदर्भ में चर्चा होगी, उसके ह्रास और विकास पर चिंतन होगा, उसकी समस्याओं पर विचार होगा और ऐसे रास्ते खोजे जायेंगे, जो इस पीढ़ी को एक सुंदर भविष्य दे सकें। इसका सबसे पहला लाभ तो यही है कि संसार भर में एक वातावरण बन रहा है युवापीढ़ी को अधिक सक्षम और तेजस्वी बनाने के लिए।युवकों से संबंधित संस्थाओं को सचेत और सावधान करना होगा और कोई ऐसा सकारात्मक कार्यक्रम हाथ में लेना होगा, जिसमें निर्माण की प्रक्रिया अपनी गति से चलती रहे। विशेषतः राजनीति में युवकों की सकारात्मक एवं सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करना होगा। अर्नाल्ड टायनबी ने अपनी पुस्तक 'सरवाइविंग द फ्यूचर' में नवजवानों को सलाह देते हुए लिखा है 'मरते दम तक जवानी के जोश को कायम रखना।' उनको यह इसलिये कहना पड़ा क्योंकि जो जोश उनमें भरा जाता है, यौवन के परिपक्व होते ही उन चीजों को भावुकता या जवानी का जोश कहकर भूलने लगते हैं। वे नीति विरोधी काम करने लगते है, गलत और विध्वंसकारी दिशाओं की ओर अग्रसर हो जाते हैं। इसलिये युवकों के लिये जरूरी है कि वे जोश के साथ होश कायम रखे। इसीलिये सुकरात को भी नवयुवकों पर पूरा भरोसा था। वे जानते थे कि नवयुवकों का दिमाग उपजाऊ जमीन की तरह होता है। उन्नत विचारों का जो बीज बो दें तो वही उग आता है। एथेंस के शासकों को सुकरात का इसलिए भय था कि वह नवयुवकों के दिमाग में अच्छे विचारों के बीज बोने की क्षमता रखता था। आज की युवापीढ़ी में उर्वर दिमागों की कमी नहीं है मगर उनके दिलो दिमाग में विचारों के बीज पल्लवित कराने वाले स्वामी विवेकानन्द और सुकरात जैसे लोग दिनोंदिन घटते जा रहे हैं।कला, संगीत और साहित्य के क्षेत्र में भी ऐसे कितने लोग हैं, जो नई प्रतिभाओं को उभारने के लिए ईमानदारी से प्रयास करते हैं? हेनरी मिलर ने एक बार कहा था- ''मैं जमीन से उगने वाले हर तिनके को नमन करता हूं। इसी प्रकार मुझे हर नवयुवक में वट वृक्ष बनने की क्षमता नजर आती है।'' महादेवी वर्मा ने भी कहा है ''बलवान राष्ट्र वही होता है जिसकी तरुणाई सबल होती है।'' इसीलिये युवापीढ़ी पर यह दायित्व है कि वह युवा दिवस पर कोई ऐसी क्रांति घटित करे, जिससे युवकों की जीवनशैली में रचनात्मक परिवर्तन आ सके, हिंसा-आतंक-विध्वंस की राह को छोड़कर वे निर्माण की नयी पगडंडियों पर अग्रसर हो सके।

# सही दिशा में रखें जरुरी दस्तावेज

अतीत, वर्तमान, भविष्य के लिए कुछ जरूरी कागजात सभी के साथ लगे होते हैं।

ऐसे में इंश्योरेन्स, इंकम टैक्स, सेल्स टैक्स, वसीयत, जमीन की रजिस्ट्री के कागज, कोर्ट कचहरी के कागज, गिरबी एवं ब्याज के कागज, व्यापारिक दस्तावेज, मेडिकल फाईल, चेक बुक, पासबुक, एफ.डी, धार्मिक किताबें, शिक्षित योग्यता (मार्कशीट, रिजल्ट इत्यादि) शादी-विवाह का निमंत्रण पत्र, सम्मानित किया हुआ प्रशंसा पत्र इत्यादि को अपने घर या ऑफिस में किस स्थान पर रखें। यह भी बेहद अहम होता है अन्यथा नुकसान की संभावना रहती है।

वास्तुशास्त्र के संपूर्ण ज्ञान से चारो फल धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है यही मानव के लक्ष्य हैं।

हर एक दस्तावेज अपनी अहमियत रखता है। सबसे पहले भूखंड कि दिशाओं के बारे में आपको जानकारी दे दें। मुख्य दिशाएं चार होती है पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण। चार विदिशाएं होती है – आग्नेय, नैऋत्य, वायव्य और ईशान। अलग-अलग दिशाओं मे रखने के लिए अलग-अलग दस्तावेज होते हैं। विद्वानों ने मार्गदर्शन दिया है सर्वप्रथम संपति-अनादिकाल से ही सम्पति बनाना, संपत्ति का संचय करना चला आ रहा है। प्राचीन काल में हाथी, घोड़े सम्पति का एक भाग होता था। श्रेष्ठी की पहचान करने में इनकी गिनती बोली जाती थी। समय का चक्र बदलता चला गया। आज संपत्ति का तात्पर्य सोना-चांदी, रुपए-पैसे, जमीन-जायदाद माना जा रहा है। प्राचीन समय से ही विद्वानों के मतान्तर रहे हैं कुछ विद्वानों का मत नैऋत्य कोण है। कुछ विद्वानों का मत उत्तर के मध्य कुबेर स्थान है। वैसे ज्यादातर नैऋत्य कोण में संपति रखने के परिणाम अच्छे पाए जाते हैं।

### नैऋत्य कोण में कागजात रखते समय विशेष रखना चाहिए –



तिजोरी का मुख उत्तर की तरफ हो। तिजोरी जमीन से लगी हुई न हो।
तिजोरी लकड़ी के आसन पर विराजमान हो।
तिजोरी दीवार से लगी नहीं होनी चाहिए एवं दीवार के अंदर नहीं होनी चाहिए।
तिजोरी में इतर, सेंट, नेलकटर, छुरी-कैची, सरौता इत्यादि नहीं रखना चाहिए।
तिजोरी के ऊपर नीचे अगल-बगल में टॉयलेट, किचन नहीं आना चाहिए।
तिजोरी के ऊपर एवं अंदर काला एवं लाल रंग नहीं होना चाहिए।
नैऋत्य की तिजोरी धन संपत्ति को रोककर एंव संभाल कर रखने में सहायक होती है। उदाहरण के तौर पर सोना-चांदी, रुपए-पैसे, जमीन-जायदाद के कागजात, वसीयत के पेपर, एफ डी इंश्योरेंस इत्यादि।

### वायव्य दिशा में क्यों ?

वायव्य दिशा में रखने का अर्थ हवा की तरह भागना है। इकंम टैक्स, सेल्स टैक्स, कोर्ट कचहरी के कागज जो किसी कारण वश आगे नहीं बढ़ पा रहा हो या उस जमीन-जायदाद का वायव्य कोण में रखना चाहिए। वायव्य कोण में रखने से उपरोक्त कार्य में आगे बढ़ने की चंचलता आ जाती है।

आपका प्रयास सफल हो जाता है। सम्मानित मान-पत्र प्रशंसापत्र वायव्य में लगाने से ख्याति फैलती है।

### ईशाण कोण में क्यों ?

इंकम टैक्स, सेल्स टैक्स, कोर्ट-कचहरी इत्यादि जिसमें हमारा पक्ष कमजोर हो, हमें जीत की संभावना कम हो उन्हें ईशाण कोण में रखने से लाभ प्राप्त होता है। कोई जायदाद क्रय करने के बाद उसमें कई प्रकार की कानूनी अड़चने आने लग जाती हैं उन कागजातों को भी ईशाण कोण में रखना चाहिए। धार्मिक किताबें, धार्मिक चित्र इत्यादि ईशान कोण में शोभित होते हैं।

## आज का राशिफल



**शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, भादो कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, शुक्रोदय, पश्चिमी तिथि, तीज, मंगलवार, पू.भाद्रपद नक्षत्रे, शुभ योगे, विव करणे, मीन की चंद्रमा, भद्रा, गणेश चौथ व्रत, बहुला चौथ, संकट चौथ, चंद्रोदय रात्रि 8.36 मि. समा. रात्रि तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी|**

### आज जन्म लिए बालक का फल..........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, जिद्दी-हठी, बाडी मेंकर, मैकेनिक, इंजीनियर, धनीमानी, ट्रकवान, चालक होगा।

मेष :- उन्नति, कार्यसिद्ध, वाहनभय, शरीर कष्ट, घरु प्रवास से सफलता मिल सकती है।

वृष :- खर्च, सिद्धी, बाधा, शुभ कार्य, कष्ट, मानसिक कार्य एवं सफलता का योग है।

मिथुन :- राज से हानि, घरु विरोध, अपव्यय, लेखन कार्य में रुकावट अवश्य होगी।

कर्क :- संतान कष्ट, आर्थिक कष्ट, खर्च शत्रु भय, धार्मिक कार्य एवं शुभ कार्य का योग है।

सिंह :- सफलता का हर्ष, भय-दबाव, विवाद, कुछ प्रसन्नता का योग बनेगा, पारिवारिक सुख होगा।

कन्या :- हानि, अपव्यय योग, रोग, मातृ कष्ट, शिक्षा जगत में संतोष रहेगा।

तुला :- लाभ, संतान सुख, रोगभय, झंझट, लेखन, कार्य सामान्य प्रगति कारक रहेगा।

वृश्चिक :- अभिष्ट सिद्धी, स्वजन कार्य कष्ट, यश, संतान पक्ष अपेक्षाकृत अच्छा रहे, प्रसन्नता बनेगी।

धनु :- राजभय, स्त्रीकष्ट, कार्यसिद्धी, धन लाभ, सामाजिक कार्य में व्यवधान के साथ सफलता मिलेगी।

मकर :- विवाद, कष्ट, बाधा हानि, घरु कष्ट, नौकरी की स्थिति सामान्य अवश्य रहेगी।

कुम्भ :- यश, सुख, कार्य-मुकदमे से लाभ, धार्मिक तथा कुछ अच्छे कार्य भी हो सकते हैं।

मीन :- रोगभय, अभिष्ट सिद्धी, अल्प हानि, नौकरी में अनबन हो सकती है, ध्यान रखें।

# भोजन करने संबंधी कुछ जरूरी नियम

सनातन ध्रर्म में आहार ग्रहण करने के दौरान भी कुछ नियमों का पालन करना जरुरी माना गया है। माना गया है कि जिसप्रकार हम आहार करेंगे वैसे ही हमारे विचार भी होंगे।

सर्वप्रथम : भोजन करने से पूर्व हाथ पैरों व मुख को अच्छी तरह से धोना चाहिये।

भोजन से पूर्व अन्नदेवता, अन्नपूर्णा माता की स्तुति करके उनका धन्यवाद देते हुए तथा सभी भूखों को भोजन प्राप्त हो, ईश्वर से ऐसी प्रार्थना करके भोजन करना चाहिए। वहीं भोजन बनाने वाला स्नान करके ही शुद्ध मन से, मंत्र जप करते हुए ही रसोई में भोजन बनाएं और सबसे पहले 3 रोटियां (गाय, कुत्ते और कौवे हेतु) अलग निकालकर फिर अग्निदेव को भोग लगाकर ही घर वालों को खिलाएं।



### भोजन के समय

प्रातः और सायं ही भोजन का विधान है, क्योंकि पाचनक्रिया की जठराग्नि सूर्योदय से 2 घंटे बाद तक एवं सूर्यास्त से 2.30 घंटे पहले तक प्रबल रहती है।

जो व्यक्ति सिर्फ एक समय भोजन करता है वह योगी और जो दो समय करता है वह भोगी कहा गया है

एक प्रसिद्ध लोकोक्ति है सुबह का खाना स्वयं खाओ, दोपहर का खाना दूसरों को दो और रात का भोजन दुश्मन को दो

### भोजन की दिशाः

भोजन पूर्व और उत्तर दिशा की ओर मुंह करके ही करना चाहिए। दक्षिण दिशा की ओर किया हुआ भोजन प्रेत को प्राप्त होता है। पश्चिम दिशा की ओर किया हुआ भोजन खाने से रोग की वृद्धि होती है।

### ऐसे में न करें भोजनः

शैया पर, हाथ पर रखकर, टूटे-फूटे बर्तनों में भोजन नहीं करना चाहिए।

मल-मूत्र का वेग होने पर, कलह के माहौल में, अधिक शोर में, पीपल, वटवृक्ष के नीचे भोजन नहीं करना चाहिए।

परोसे हुए भोजन की कभी निंदा नहीं करनी चाहिए।

ईर्ष्या, भय, क्रोध, लोभ, रोग, दीनभाव, द्वेषभाव के साथ किया हुआ भोजन कभी पचता नहीं है।

खड़े-खड़े, जूते पहनकर सिर ढंककर भोजन नहीं करना चाहिए

### ये भोजन न करेंः

गरिष्ठ भोजन कभी न करें।

बहुत तीखा या बहुत मीठा भोजन न करें।

किसी के द्वारा छोड़ा हुआ भोजन न करें।

आधा खाया हुआ फल, मिठाइयां आदि पुनः नहीं खाना चाहिए।

खाना छोड़कर उठ जाने पर दुबारा भोजन नहीं करना चाहिए।

जो ढिंढोरा पीटकर खिला रहा हो, वहां कभी न खाएं।

पशु या कुत्ते का छुआ, रजस्वला स्त्री का परोसा, श्राद्ध का निकाला, बासी, मुंह से फूंक मारकर ठंडा किया, बाल गिरा हुआ भोजन न करें।

अनादरयुक्त, अवहेलनापूर्ण परोसा गया भोजन कभी न करें।

*कंजूस का, राजा का, वेश्या के हाथ का, शराब बेचने वाले का दिया भोजन और ब्याज का धंधा करने वाले का भोजन कभी नहीं करना चाहिए।

### भोजन करते वक्त क्या करेंः

भोजन के समय मौन रहें।

रात्रि में भरपेट न खाएं।

बोलना जरूरी हो तो सिर्फ सकारात्मक बातें ही करें।

भोजन करते वक्त किसी भी प्रकार की समस्या पर चर्चा न करें।

भोजन को बहुत चबा-चबाकर खाएं।

गृहस्थ को 32 ग्रास से ज्यादा न खाना चाहिए।

सबसे पहले मीठा, फिर नमकीन, अंत में कड़वा खाना चाहिए।

सबसे पहले रसदार, बीच में गरिष्ठ, अंत में द्रव्य पदार्थ ग्रहण करें।

थोड़ा खाने वाले को आरोग्य, आयु, बल, सुख, सुंदर संतान और सौंदर्य प्राप्त होता है।

### भोजन के पश्चात क्या न करेंः

भोजन के तुरंत बाद पानी या चाय नहीं पीना चाहिए। भोजन के पश्चात घुड़सवारी, दौड़ना, बैठना, शौच आदि नहीं करना चाहिए।

### भोजन के पश्चात क्या करेंः

भोजन के पश्चात दिन में टहलना एवं रात में सौ कदम टहलकर बाईं करवट लेटने अथवा वज्रासन में बैठने से भोजन का पाचन अच्छा होता है। भोजन के एक घंटे पश्चात मीठा दूध एवं फल खाने से भोजन का पाचन अच्छा होता है।

### क्या-क्या न खाएंः

रात्रि को दही, सत्तू, तिल एवं गरिष्ठ भोजन नहीं करना चाहिए।

दूध के साथ नमक, दही, खट्टे पदार्थ, कटहल का सेवन नहीं करना चाहिए।

शहद व घी का समान मात्रा में सेवन नहीं करना।दूध-खीर के साथ खिचड़ी नहीं खाना चाहिए।

# घर का माहौल खुशनुमा बनाने करें ये उपाय



अगर घर का माहौल अच्छा नहीं रहता और लगातार कलह बना रहता है तो कुछ उपाय कर इसे ठीक किया जा सकता है। इसके लिए घर के लोग जिस बर्तन से पानी पीते हैं, उस बर्तन में से एक लोटा पानी भरकर घर के चारों कोनों और घर के बीचों बीच छिड़क दें। यह उपाय आपको रात के 12 से 3 बजे के बीच करना चाहिए।

अगर घर का कोई सदस्य बहुत लंबे समय से बीमार चल रहा है तो रात के समय उसके तकिए के नीचे एक सिक्का रख दें और सुबह उस सिक्के को श्मशान में फेंक आएं।

गेंदे के फूल पर रोजाना कुमकुम लगाकर इसे तुलसी पर अर्पण करें। ऐसा करने से पति-पत्नी के बीच का तनाव कम होता है।

शनिवार के दिन सरसों के तेल में मीठे भजिए तलकर गरीबों को खिलाइए। शनि ग्रह से संबंधित कुंडली में जितनी भी बाधाएं हैं, सब शांत हो जाएंगी।

पुत्री की विदाई के समय एक लोटे पानी में हल्दी और एक सिक्का डालकर लड़की के आगे फेंक दें। ऐसा करने से उसका विवाहित जीवन सुखी और खुशहाल रहेगा।

अगर किसी जरूरी कार्य के लिए घर से बाहर जा रहे हैं तो सबसे पहले चार कदम विपरीत दिशा की ओर बढ़ाएं और फिर अपने काम के लिए निकलें।

घर में जब भी खाना बने तो पहली रोटी गाय के लिए और अंतिम रोटी कुत्ते के लिए निकाल लें। ऐसा करने से सभी परेशानियों का नाश होगा।

सूखे नारियल के आधे भाग में चीनी भरकर उसे जमीन में गाड़ दें। ऐसा करने से देवी लक्ष्मी की कृपा आपके ऊपर बरसेगी और आपके जीवन से धन संबंधी परेशानियां समाप्त हो जाएंगी।

अगर घर के छोटे बच्चे को बुरी नजर से बचाना चाहते हैं तो हनुमान जी के बाएं पैर से सिंदूर लेकर बच्चे के मस्तक पर नियमित रूप से लगाएं। ऐसा करने से बच्चे पर आने वाली हर बुरी नजर टल जाएगी।

वास्तु विज्ञान की मानें तो परिवार के सदस्यों की तस्वीर लगाने के लिए घर की उत्तर दिशा, पूर्व दिशा और उत्तर-पूर्व दिशा का प्रयोग किया जाना चाहिए। यह तीनों दिशाएं परिवार के सदस्यों की तस्वीरें लगाने के लिए सही हैं, इसके अलावा इन दिशाओं में करीबी रिश्तेदारों की तस्वीर भी लगाई जा सकती है। परंतु इसके अलावा किसी भी दिशा में परिवार के सदस्यों की तस्वीर नहीं होनी चाहिए।घर की दक्षिण, पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम दिशा मृत परिजनों की तस्वीर लगाने के लिए इस्तेमाल की जानी चाहिए।

# सावन माह में महाकालेश्वर मंदिर के दिव्य दर्शन

### महाकालेश्वर मंदिर का पौराणिक व आध्यात्मिक महत्व

धन्य-धन्य है वह धरा है,जहाँ पतित पावनी गंगा युग युगातरों से र्निमल, निश्चल धारा बह रही है,तो वही दूसरी ओर पवर्तराज हिमालय देश के दुशमनों से रक्षा करने के अपना कर्त्तव्य निर्वाह करने को सैदव तत्पर है।ऐसी पवित्र पावन भारत भूमि में जन्म लेने के मानव को तरसते है। बड़ भागी है हम और आप जो जन्म भुमि को भारत माता कहकर पुकारते है।यहाँ के पवित्र कण कण भगवान का वास है,तो हर कंकर में शंकर की दिव्य उपस्थित की झलक दिखती है।इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हमारे धर्मशास्त्रों व वेद उपनिषदों में उल्लेख मिलता है।तभी तो इस पवित्र धरा पर स्वयं राम,कृष्ण,नानक,बुद्ध, महाबीर,कबीर आदि ऋषि-मुनियों,संत-महापुरुषों ना केवल जन्म लिया बल्कि इस पवित्र भूमिअपनी तपोस्थली बनाते हुए सम्पूर्ण श्रृष्टि का जनकल्याण किया है।इसका स्वंय साक्षी बनने का विगत दिनो मध्यप्रदेश के उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर मंदिर के दिव्य दर्शन के दौरान अपने मीडिया मित्रों के संग स्वर्णिम पल का सुःखद आनंद मिला,वे भी सावन के पवित्र माह में स्वयं कालो के काल महाकाल का दर्शन करने का,ऐसा मैने अक्सर कहते हुए सुना है कि जब आप के पुण्य प्रताप एकत्रित होते है,स्वंय प्रभु ही आप को किसी न किसी को माध्यम बनाकर आप को दर्शन देते है।मेरे साथ भी कुछ ऐसे ही हुआ है।मेरे पास एक परिचित बन्धु का फोन आया कि भाई साहब महाकाल का दर्शन करना चाहेगें आप ?,मैने अचानक बिना सवाल किये कहा कि क्यूँ नही,सदाशिव सदगुरू का दर्शन वे भी सावन के पवित्र माह में।आज मै आप सभी कालों के काल महाकाल अथार्त महाकालेश्वर मंदिर के दिव्य दर्शन के बारे में बता रहा हूँ।यूँ तो यह हमारी नेशनल मीडिया यात्रा थी,हम सभी एक अधिकृत अधिकारी के कुशल नेतृत्व में दिल्ली से इन्दौर हवाई मार्ग से पहुँच गए,जहाँ रानी अहिल्यावाई होल्कर हवाई अड्डे के बाहर हम सभी का आपस मेंऔपचारिक परिचय व स्वागत के बाद सड़क मार्ग से विश्राम स्थल पर पहुँचे,जहाँ हमने दोपहर का भोजन का आनंद लिया।इसके बाद इन्दौर से हमारी मीडिया टीम अपने कर्मक्षेत्र ताजपुर रेलवें पर पहुंचे गए।सर्वविदित रहे कि यहाँ भारतीय रेलवे द्वारा इस स्टेशन पर पायलेट प्रोजेक्ट के अर्न्तगत डायरेक्ट ड्राईव इन्टर लाकिंग सिस्टम परियोजना के प्रयोग के लिए आयोजित की गई थी।यहाँ हमें रेलवे के नवीन तकनीकीयों की बारिकियों के बारे में तथा इस नई तकनीक की जानकारी परियोजना के सम्बन्धित अधिकारी से मिली।यहाँ के अन्य स्थानीय अधिकारीयों व कर्मचारियों के संग हम सभी ने चाय की चुस्कियों का आनंद लेते हुए उनके नए व पुरानें कार्य प्रणाली जैसे रेल फाटक लॉक सिस्टम,रेल आगमन- प्रस्थान की सुचना,हरी झंडी आदि कायों को नजदीक से देखने का मौका मिला।इसमें रेलवे की नई सुरक्षा प्रणाली, रेलगाड़ी अभी किस स्टेशन पर से गुजर रही है-कहाँ पहुँचने वाली आदि सुचनाएँ कन्ट्रोल रूम में लगे हुए मॉनिटर पर देखा।आज के पूर्व निंधारित कार्य से निवृत होकर यहाँ से सभी मीडिया मित्र अपने चेहरों पर थकान की लकीरें सिमट हुए हमारा काफिला ताजपुर रेलवे स्टेशन से इन्दौर के लिए वापसी के लिए रवाना हुई।तभी मेरी कार में हमारे सहयात्री सुश्री रानी सिंह राजपुत व विभागीय अधिकारी जिसका नाम घनश्याम सिंह यादव जी,जो काफी ही शांत स्वाभाव व एक सुलझें व अनुभवी अधिकारी से जो कि एकअच्छे व्यक्ति है।उन्होंने हमदोनों की चेहरे की थकान को भापते हुए कहा कि आपलोग अभी ही थक गए हो,अभी तो आपको महाकाल के दर्शन भी कराने है।तभी मेरे मुँह से हाँ निकाला,मुझसे आपनें वादा किया है।शुक्रिया साहब आपका,तभी तपाक से रानी मैडम बोली कि क्या हमलोगों यहाँ से महाकालेश्वर मंदिर का दर्शन करनें जायेंगे।मंदिर दर्शन के नाम से हम तीनों की आज थकान दुर हो गई।तभी मैने हाँ,मैने तो अपने लिए भारतीय वस्त्र भी लाये है।जिसे धारण कर हमअपने सद्गुरु शंकर अर्थात कालों के काल महाकाल महाकालेश्वर के दिव्य मंदिर दर्शन करने जायेंगे।आप को नही चलना मैडम जी है क्या।तपाक से रानी मैडम ने हम दोनों इंगित करते हुए कहा कि क्यों नही हम जायेंगे क्यूँ नहीं,हम जायेंगे-जायेंगें , - - लेकिन आपलोग स्वार्थी हो।जब आप को पता था विनोद सर कि प्रेस कवरेज के बाद हम सभी को बाबा महाकालेश्वर का दर्शन करने हेतू मंदिर जाने वाले है तो आप ने हमें क्यो नही बतलाया !अगर मुझे भी पता होता तो हम भी भारतीय वस्त्र व परिधान अपने संग अपने आराध्य प्रिय भगवान भोलेनाथ के दिव्य ज्योति स्वरूप महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन करते।मै आप से बहुत ही नाराज हूँ।आपको इसके लिए पैलेन्टी लगेगी।क्यूँ सर ?इस पर दोनों सहयात्री इस पर एकमत थें। मैने वस्तुस्थित व मैडम की मनोस्थित को भापते हुए बड़े ही चालाकी व चुतराई से काम लेते हुए कहा कि बॉस आपके आदेश का अरक्षण पालन होगा।किन्तु मेरे पास तो आप का चलन्त-फिरन्त यंत्र सम्पर्क अंक अर्थात मोबाईल न०तो था नही, अभी भी नही है।इतने में हम तीनों के आज थकान दुर हो गई।मैआपको बताना भुल गए कि हमारी इस मात्रा 8 कारों का काफिला था।जिसमें मेरे कार का न०2 था।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 746 , निफ्टी 221 अंक ऊपर आया




मुंबई (ईएमएस)। टैरिफ के डर से निकलकर भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही विदेशी पूंजी निवेश के साथ ही तेल, ऑटो और बैंकिंग शेयरों में भारी खरीदारी से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 746.29 अंक करीब 0.93 फीसदी बढ़कर 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 221.75 अंक तकरीबन 0.91 फीसदी की बढ़त के साथ ही 24,585.05 पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब एक फीसदी की तेजी रही। आज सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, इटर्नल, ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर लाभ में रहे। दूसरी ओर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारती एयरटेल और मारुति के शेयरों में गिरावट रही। बाजार में पिछले तीन महीने के बाद निचले स्तर से उबरा है जिससे निवेशकों को राहत मिली है। निवेशक इस सप्ताह होने वाले अमेरिका-रूस शिखर सम्मेलन को लेकर भी उत्साहित हैं और उनका मानना है कि इससे तनाव में तेजी का सकती है। आज एशियाई बाजारों में, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग ऊपर आया जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। जापान में छुट्टी के कारण बाजार बंद रहे। यूरोपीय बाजारों में अधिकतर गिरावट रही जबकि शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई, जिसमें पीएसयू बैंक शेयरों की तेजी ने खास भूमिका निभाई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 122 अंक की बढ़त के साथ 79,980 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 42 अंक की मजबूती के साथ 24,405 पर कारोबार कर रहा था। अमेरिकी बाजारों में टेक स्टॉक्स में तेजी रही, जबकि एशियाई बाजार भी सकारात्मक रुख के साथ खुले।

## संक्षिप्त खबरें

### एयर इंडिया ने शुरू की बोइंग 787 विमानों की रेट्रोफिटिंग

नयी दिल्ली (ईएमएस)। टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमानों की रेट्रोफिटिंग शुरू हो गई है। कंपनी ने बताया कि 26 बी 787-8 विमानों की रेट्रोफिटिंग (विमान में नये उपकरण या कलपुर्जे आदि जोड़ने का काम) की उसकी योजना है। इसके लिए पहला विमान जुलाई में अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित बोइंग के केंद्र में गया था और अब उसकी रेट्रोफिटिंग शुरू हो गयी है। इसी उद्देश्य के लिए अक्टूबर में एक और विमान कैलिफोर्निया जायेगा और दोनों के दिसंबर तक वापस परिचालन के लिए आने की उम्मीद है।

### बेमौसम बारिश से एयर कंडीशनर कंपनियों के राजस्व में 34 फीसदी गिरावट

नई दिल्ली (ईएमएस)। बेमौसम बारिश और पिछली तिमाही के उच्च आधार के कारण जून तिमाही में सूचीबद्ध रूम एयर कंडीशनर (आरएसी) कंपनियों के राजस्व में भारी गिरावट दर्ज की गई है। वोल्टास, ब्लू स्टार, हैवेल्स जैसे प्रमुख ब्रांडों के राजस्व में 13 से 34 प्रतिशत तक की कमी आई है, जिससे उनके मुनाफे और संचालन पर अल्पकालिक दबाव महसूस हुआ है। वोल्टास ने तिमाही में अपने आरामदायक और व्यावसायिक उपयोग वाले उत्पादों से 24.57 फीसदी की गिरावट के साथ 2,868 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया। वहीं, हैवेल्स के लॉयड्स व्यवसाय का राजस्व 34.4 फीसदी घटकर 1,262 करोड़ रुपये रह गया। कंपनियों के अनुसार, 2025 की गर्मी देर से आई, हल्की और अचानक समाप्त हो गई, जिससे एयर कंडीशनर की मांग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। पिछले साल इसी तिमाही में तेज और भीषण गर्मी के कारण रिकॉर्ड बिक्री हुई थी, जो इस बार उच्च आधार के रूप में सामने आया और गिरावट को और बढ़ा दिया। हालांकि, कुछ निर्माताओं ने बताया कि उनके वाणिज्यिक एयर कंडीशनिंग व्यवसाय ने बेहतर प्रदर्शन किया है, जो इस गिरावट को आंशिक रूप से कम करता है।

### सीसीआई ने आरसीएफ पर महाराष्ट्र में जबरन उत्पाद बिक्री की जांच शुरू की

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने सरकारी कंपनी राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स (आरसीएफ) के खिलाफ महाराष्ट्र में यूरिया के साथ अन्य उत्पादों की कथित जबरन बिक्री को लेकर जांच का आदेश दिया है। एक शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरसीएफ किसानों और डीलरों पर दबाव डाल रही है कि वे यूरिया के साथ गैर-सरकारी सब्सिडी वाले उत्पाद भी खरीदें। सीसीआई ने कहा है कि यह व्यवहार प्रतिस्पर्धा अधिनियम के तहत 'प्रभावशाली स्थिति के दुरुपयोग' और 'प्रतिस्पर्धा-विरोधी समझौतों' के नियमों का उल्लंघन हो सकता है। आयोग ने अपनी जांच शाखा को 60 दिनों में रिपोर्ट सौंपने को कहा है। शिकायत में सरकारी विभागों, डीलर संघों के पत्र, मीडिया रिपोर्ट्स और वीडियो के सबूत भी शामिल हैं, जो कथित जबरन बिक्री को दर्शाते हैं। यह जांच प्रारंभिक है और अंतिम निर्णय बाद में होगा।

### श्रीजी शिपिंग का 411 करोड़ रुपये का आईपीओ लॉन्च

नई दिल्ली (ईएमएस)। श्रीजी शिपिंग ग्लोबल लिमिटेड ने अपने 411 करोड़ रुपये के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 240 से 252 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। यह आईपीओ 19 अगस्त से 21 अगस्त तक निवेशकों के लिए खुला रहेगा, जबकि एंकर निवेशक 18 अगस्त को बोली लगा सकेंगे। कंपनी पोत परिवहन और लॉजिस्टिक सेवाएं प्रदान करती है। इस आईपीओ के तहत कुल 1.63 करोड़ इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे, जिसमें कोई बिक्री पेशकशशामिल नहीं है। यदि बोली मूल्य के ऊपरी स्तर पर बंद होता है, तो कंपनी को इससे लगभग 411 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है।

### जेडएस ने हैदराबाद में नया कार्यालय खोला

नई दिल्ली (ईएमएस)। वैश्विक प्रबंधन परामर्श और प्रौद्योगिकी कंपनी जेडएस ने हैदराबाद के रहेजा आईटी पार्क में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की है। यह 50 हजार वर्ग फुट में फैला कार्यालय भारत में स्वास्थ्य सेवा और जीवन विज्ञान वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के लिए समर्पित होगा। इसमें लगभग 550-600 कर्मचारी काम करेंगे। कंपनी का उद्देश्य इस कदम के माध्यम से भारत में अपनी सेवा और नवाचार क्षमताओं को बढ़ाना है। जेडएस का यह नया केंद्र स्वास्थ्य सेवा और जीवन विज्ञान क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ तकनीकी उन्नति में भी योगदान देगा। यह पहल कंपनी के लिए भारतीय बाजार में अपनी मौजूदगी मजबूत करने और वैश्विक स्तर पर अपनी विशेषज्ञता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय प्रतिभाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

### अगस्त में ही कार कंपनियों ने दी भारी छूट

नई दिल्ली (ईएमएस)। कार कंपनियों ने त्योहारों से पहले अपने पुराने स्टॉक को निकालने के लिए अगस्त में ही भारी छूट देना शुरू कर दिया है। रक्षाबंधन और गणेश चतुर्थी जैसे त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कंपनियां यात्रियों को आकर्षित करने के लिए 40,000 से 1 लाख तक की छूट दे रही हैं। इस बार कंपनियां मुख्य रूप से कम बिकने वाले मॉडलों और पिछले मॉडल-वर्ष की कारों पर छूट दे रही हैं। लोकप्रिय हैचबैक और सिडान कारों पर 40,000 से 80,000 तक का लाभ मिल रहा है, जबकि चुनिंदा एसयूवी और एमपीवी पर 1 लाख से अधिक की छूट दी जा रही है। डीलरों का कहना है कि यह रणनीति बढ़ती ब्याज दरों और कमजोर मांग के बीच ग्राहकों को राहत देने के लिए अपनाई गई है।

# अगस्त में ही कार कंपनियों ने दी भारी छूट

### नए मॉडल से पहले स्टॉअगस्त में ही कार कंपनियों ने दी भारी छूट



क हटाने की होड़

नई दिल्ली (ईएमएस)। कार कंपनियों ने त्योहारों से पहले अपने पुराने स्टॉक को निकालने के लिए अगस्त में ही भारी छूट देना शुरू कर दिया है। रक्षाबंधन और गणेश चतुर्थी जैसे त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कंपनियां यात्रियों को आकर्षित करने के लिए 40,000 से 1 लाख तक की छूट दे रही हैं। इस बार कंपनियां मुख्य रूप से कम बिकने वाले मॉडलों और पिछले मॉडल-वर्ष की कारों पर छूट दे रही हैं। लोकप्रिय हैचबैक और सिडान कारों पर 40,000 से 80,000 तक का लाभ मिल रहा है, जबकि चुनिंदा एसयूवी और एमपीवी पर 1 लाख से अधिक की छूट दी जा रही है। डीलरों का कहना है कि यह रणनीति बढ़ती ब्याज दरों और कमजोर मांग के बीच ग्राहकों को राहत देने के लिए अपनाई गई है। जुलाई में कारों की बिक्री में मामूली मासिक बढ़त जरूर हुई, लेकिन पिछले साल की तुलना में गिरावट आई है। अब सभी मॉडलों पर नहीं बल्कि चुनींदा कारों पर टारगेटेड ऑफर दिए जा रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि कंपनियां लाभप्रदता बनाए रखते हुए बिक्री बढ़ाने पर ध्यान दे रही हैं। सितंबर से नवंबर के बीच यदि खुदरा मांग में सुधार होता है तो साल के अंत तक इन छूटों में कटौती संभव है। खरीदारों के लिए अभी कार खरीदना फायदेमंद साबित हो सकता है।

## जुलाई में किराना दुकानों और सुपरमार्केट में 3 अरब यूपीआई लेनदेन




नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2025 में किराना दुकानों और सुपरमार्केट में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से तीन अरब से अधिक लेनदेन किए गए, जिनकी कुल राशि 64,881.98 करोड़ रही। यह पहली बार है जब एनपीसीआई ने इतनी विस्तृत श्रेणीवार जानकारी साझा की है। एक समीक्षा से पता चलता है कि लेनदेन की मात्रा के आधार पर किराना और सुपरमार्केट की श्रेणी ने जुलाई में कुल पीयर-टु-मर्चेंट यूपीआई लेनदेन का लगभग एक चौथाई हिस्सा दर्ज किया। वहीं ऋण वसूली एजेंसियां मूल्य के आधार पर शीर्ष पर रहीं, जिन्होंने 16.13 करोड़ लेनदेन के जरिये 93,857 करोड़ की वसूली की। यह दर्शाता है कि यूपीआई अब केवल खरीदारी तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि वित्तीय सेवाओं में भी इसका उपयोग बढ़ रहा है। जुलाई में यूपीआई के जरिए कुल 19.46 अरब लेनदेन हुए, जिनकी कुल राशि 25.08 लाख करोड़ रही। इनमें से 63.63 फीसदी लेनदेन व्यापारियों को किए गए, जबकि शेष व्यक्ति-से-व्यक्तिलेनदेन थे। व्यापारी लेनदेन की संख्या 12.38 अरब रही, जिनका मूल्य 7.34 लाख करोड़ रहा। यूपीआई से भुगतान की प्रमुख श्रेणियों में राशन, दवा, ईंधन, रेस्तरां, बिजली और अन्य जरूरी सेवाएं शामिल हैं। हर 10 में से 7 लेनदेन इन्हीं श्रेणियों में किए जाते हैं। एनपीसीआई समय-समय पर ऐसे आंकड़े जारी करता है ताकि बैंक, फिनटेक और अन्य वित्तीय संस्थाएं डिजिटल भुगतान के बदलते रुझानों को समझ सकें और अपनी रणनीतियां तय कर सकें।

## टाटा समूह के शीर्ष अधिकारियों के वेतन में औसतन 19 फीसदी वृद्धि




नई दिल्ली (ईएमएस)। वित्त वर्ष 2025 में टाटा समूह की विभिन्न कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के वेतन में औसतन 19.2 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। समूह की वार्षिक रिपोर्ट्स से यह साफ होता है कि वेतन वृद्धि मुख्य रूप से कंपनियों के बेहतर मुनाफे, प्रदर्शन आधारित बोनस, और रणनीतिक जिम्मेदारियों के विस्तार के कारण हुई है। उपभोक्ता उत्पाद, आतिथ्य और तकनीक क्षेत्र की कंपनियों में वेतन वृद्धि सबसे अधिक रही। ट्रेंट के एमडी का वेतन लगभग दोगुना होकर 13.5 करोड़ हो गया, जबकि टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के सीईओ का वेतन 28.4 फीसदी बढ़कर 13 करोड़ हुआ। इंडियन होटल्स के एमडी पुनीत चटवाल का वेतन 19.2 फीसदी बढ़कर 23 करोड़ पर पहुंच गया। तेजस नेटवर्क्स के सीईओ का वेतन सबसे अधिक 343 फीसदी की वृद्धि के साथ 16.8 करोड़ हो गया। हालांकि कंपनी ने स्पष्ट किया कि पिछले वर्ष के आंकड़ों में वैरिएबल वेतन शामिल नहीं था। आईटी सेक्टर में, टीसीएस के सीईओ का वेतन मात्र 4.6 फीसदी बढ़कर 26.5 करोड़ हुआ, जबकि टाटा स्टील के एमडी का वेतन 0.9 फीसदी घटकर 17.3 करोड़ रहा। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि टाटा समूह में वेतन वृद्धि, क्षेत्रीय प्रदर्शन और नेतृत्व की जिम्मेदारियों के अनुरूप तय की जा रही है। नोएल टाटा की टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन के रूप में नियुक्ति से नेतृत्व स्तर पर बड़ा बदलाव भी देखने को मिला है।

## देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने तत्काल भूमि सुधार जरूरीः सीआईआई

### भारत में संपत्ति पंजीकरण की प्रक्रिया जटिल और महंगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने 2047 तक भारत को एक अग्रणी मैन्युफैक्चरिंग और निवेश केंद्र बनाने के लिए बड़े और तत्काल भूमि सुधारों की जरूरत पर बल दिया है। सीआईआई ने कहा कि जबकि देश ने कई क्षेत्रों में तेजी से सुधार किए हैं, भूमि संबंधित चुनौतियां औद्योगिक विकास में बाधा उत्पन्न कर रही हैं और निवेशकों को हतोत्साहित कर रही हैं। सीआईआई के अनुसार, भारत का मजबूत नीतिगत ढांचा, विशाल घरेलू बाजार, युवा कार्यबल और औद्योगिक क्षमता इसे वैश्विक निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाते हैं। हालांकि, इन अवसरों का पूर्ण लाभ उठाने के लिए भूमि सुधार आवश्यक हैं। सीआईआई ने सुझाव दिया है कि केंद्र और राज्यों के बीच भूमि नीति के समन्वय के लिए जीएसटी जैसी परिषद बनाई जाए, क्योंकि भूमि प्रशासन राज्य के अधिकार क्षेत्र में आता है। औद्योगिक भूमि बैंक को केवल सूचना टूल से अपग्रेड कर एक डिजिटल राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म बनाना चाहिए, जो सीधे डिजिटल माध्यम से भूमि आवंटन करे। भारत में संपत्ति पंजीकरण की प्रक्रिया जटिल और महंगी है। इसमें नौ प्रक्रियाएं शामिल हैं, 58 दिन लगते हैं और लागत लगभग 8 फीसदी होती है, जबकि न्यूजीलैंड जैसे देशों में यह प्रक्रिया केवल 3.5 दिनों में पूरी हो जाती है। सीआईआई ने प्रत्येक राज्य में आवंटन, बदलाव, विवाद समाधान और जोनिंग के लिए एकीकृत भूमि प्राधिकरण स्थापित करने की भी सिफारिश की है। इसके अलावा, भूमि उपयोग बदलाव को डिजिटल बनाने, स्टाम्प शुल्क को सभी राज्यों में 3-5 प्रतिशत तक युक्तिसंगत करने और भूमि विवादों को कम करने के लिए निर्णायक भूमि स्वामित्व बदलाव की जरूरत पर जोर दिया गया है। सीआईआई ने कहा कि भूमि विवादों के कारण निवेशकों को अनिश्चितता का सामना करना पड़ता है, जिसे कम करना जरूरी है। सीआईआई का मानना है कि इन सुधारों से भारत 2047 तक वैश्विक औद्योगिक और निवेश केंद्र के रूप में स्थापित हो सकता है।

## भारतीय आईटी कंपनियों में वरिष्ठ कर्मचारियों पर बढ़ता दबाव, हजारों की छंटनी

### 7,000 से अधिक वरिष्ठ कर्मचारी कंपनी छोड़ चुके

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय आईटी सेक्टर में वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों पर दबाव तेज होता जा रहा है। धीमी कारोबारी गति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव के चलते कंपनियां खर्च कम करने के लिए मझोले स्तर के कर्मचारियों की जगह वरिष्ठ कर्मियों पर भी कार्रवाई कर रही हैं। एक्सफेनो के आंकड़ों के मुताबिक, देश की सात बड़ी आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस), इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक, कॉग्निजेंट, एलटीआईमाइंडट्री और टेक महिंद्रा में पिछले एक साल में 15 साल से अधिक अनुभव वाले 7,000 से अधिक वरिष्ठ कर्मचारी कंपनी छोड़ चुके हैं। यह कुल वरिष्ठ कर्मचारियों का लगभग 4 प्रतिशत है। छंटनी के बाद निकाले गए कर्मचारियों में लगभग 43 प्रतिशत ने दूसरी बड़ी या मझोली आईटी कंपनियों में नौकरी हासिल की है, जबकि 48 प्रतिशत ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) में वरिष्ठ पदों पर स्थानांतरित हुए हैं। बाकी कर्मचारी गैर-जीसीसी या अन्य तकनीकी व गैर-तकनीकी कंपनियों में गए हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं कि कितने कर्मचारी स्वेच्छा से निकले और कितनों को कंपनी ने नौकरी से मुक्त किया।

## अमेरिका के 50 फीसदी शुल्क बढ़ाने पर भारत ने निर्यातकों के लिए उठाए कदम

नई दिल्ली (ईएमएस)। अमेरिका द्वारा भारत से आयातित उत्पादों पर 50 फीसदी शुल्क बढ़ाने की घोषणा के बाद भारत सरकार ने निर्यात क्षेत्र को हुए संभावित नुकसान से निपटने के लिए तुरंत कदम उठाना शुरू कर दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे प्रमुख निर्यातक राज्यों को श्रम-आधारित उद्योगों के लिए विशेष समर्थन देने का निर्देश दिया है। सरकार की एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अमेरिका की इस निर्णय से इन राज्यों में रोजगार पर गंभीर असर पड़ सकता है। इसलिए सरकार निर्यातकों को राहत देने के विकल्प तलाश रही है और संबंधित राज्यों को जल्द ही इसके लिए औपचारिक पत्र भी भेजेगी। वित्त वर्ष 2025 में भारत का कुल निर्यात 437 अरब डॉलर रहा, जिसमें गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी करीब तीन चौथाई थी। गुजरात का निर्यात पेट्रोलियम उत्पाद, अभियांत्रिकी सामान, रत्न एवं आभूषण, और परिधान में केंद्रित है। महाराष्ट्र में अभियांत्रिकी सामान, रत्न-आभूषण, रसायन, कृषि उत्पाद और परिधान का वर्चस्व रहा। वहीं, तमिलनाडु से अभियांत्रिकी सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा और चमड़ा निर्यात प्रमुख रहे हैं। शेष रूप से परिधान और चमड़ा से जुड़े उत्पादों को अमेरिकी शुल्क वृद्धि से सबसे ज्यादा नुकसान होने की आशंका है। निर्यातकों ने भी इस कदम को गंभीर चुनौती बताया है।

# राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के तहत बकाया सब्सिडी जल्द मिलेगी

### 200 करोड़ से अधिक की लंबित सब्सिडी भुगतान की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की तैयारी




नई दिल्ली (ईएमएस)। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के तहत अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन परियोजनाओं के लिए 200 करोड़ रुपये से अधिक की लंबित सब्सिडी भुगतान की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की तैयारी कर रहा है। इस सब्सिडी वितरण में पिछले कुछ समय से देरी चल रही थी, जिसका मुख्य कारण पहले के सख्त नियम थे। पिछले नियमों के अनुसार, संयंत्रों को लगातार तीन महीने तक 80 प्रतिशत क्षमता से काम करना जरूरी था। यह शर्त कई परियोजनाओं के लिए कठिन साबित हुई क्योंकि बिना उचित खरीद व्यवस्था के संयंत्र अपनी पूरी क्षमता पर नहीं चल पाए। वे आमतौर पर 60 से 70 प्रतिशत क्षमता पर ही संचालित होते रहे। मंत्रालय ने इस समस्या को समझते हुए 27 जून को दिशानिर्देशों में संशोधन किया। नए नियमों के तहत टिकाऊ उत्पादन के बजाय संयंत्र की क्षमता और कुशलता के आधार पर सब्सिडी प्रदान की जाएगी। अब एक दिन के निरीक्षण के आधार पर भी सब्सिडी जारी की जा सकेगी। इससे निवेशकों को राहत मिलेगी और सब्सिडी वितरण की प्रक्रिया तेज होगी। अधिकारीयों ने बताया कि अब सब्सिडी वितरण फिर से शुरू हो गया है और कुछ महीनों में लगभग 200 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान कर दिया जाएगा। बायोमास पेलेट डेवलपर्स ने बताया कि मॉनसून के दौरान संयंत्र को पूरी क्षमता से चलाना मुश्किल होता है, इसलिए निरीक्षण मॉनसून के बाद किया जाएगा। निरीक्षण के बाद भुगतान में लगभग एक महीने का समय लगेगा। यह बदलाव न केवल अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि निवेशकों का भरोसा भी बढ़ाएगा, जिससे देश में स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी।

# रूस के कुरिल द्वीप में आया भूकंप जापान में फटा ज्वालामुखी

### तीन हजार किमी ऊपर तक उठा राख का गुबार, लोगों को सतर्क रहने की सलाह



टोक्यो,(ईएमएस)। जापान के किरिशिमा पर्वत श्रृंखला में स्थित शिनमोएडके ज्वालामुखी में रविवार सुबह विस्फोट हो गया। इस विस्फोट से तीन हजार मीटर से ज्यादा ऊंचाई तक राख का गुबार उठा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले जापान के पड़ोस में मौजूद रूस के कुरिल द्वीप पर भूकंप के झटके लगे। कागोशिमा और मियाजाकी प्रांतों की सीमा पर स्थित यह ज्वालामुखी 27 जून से रुक-रुक कर फट रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को हुए विस्फोट से निकली राख उत्तर-पूर्व की ओर बह रही है और यह मियाजाकी प्रांत के तकानाबे तक पहुंच सकती है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने चेतावनी दी है कि मियाजाकी प्रांत के कोबायाशी और ताकाहारू और कागोशिमा प्रांत के किरिशिमा में मध्यम स्तर की राख गिरने की संभावना है। छोटी ज्वालामुखी चट्टानें क्रेटर के उत्तर-पूर्व में करीब 14 किलोमीटर की दूरी तक गिर सकती हैं एजेंसी ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। ज्वालामुखी के क्रेटर से तीन किलोमीटर के दायरे में बड़े ज्वालामुखी चट्टानों और दो किलोमीटर के दायरे में गर्म राख के प्रवाह से सावधान रहने को कहा है।22 जून को यह ज्वालामुखी 2018 के बाद पहली बार फटा था। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक विस्फोट के बाद राख का गुबार 500 मीटर से ज्यादा ऊंचाई तक पहुंच गया। रिपोर्टों के मुताबिक धुआं मियाजाकी प्रान्त की ओर पूर्व दिशा में बह गया था और उस समय जापान की राष्ट्रीय प्रसारण एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक कोई ज्वालामुखी चट्टानें गिरने की पुष्टि नहीं हुई थी।ज्वालामुखी चेतावनी स्तर 2, जो क्रेटर के पास प्रवेश को प्रतिबंधित करता था, उस क्षेत्र में कुछ समय तक लागू रहा। अधिकारियों ने क्रेटर के 2 किलोमीटर के दायरे में सावधानी बरतने की सलाह दी, क्योंकि करीब एक किलोमीटर के दायरे में बड़े ज्वालामुखी चट्टानों और पायरोक्लास्टिक प्रवाह का खतरा था। निवासियों को सतर्क रहने को कहा गया है, विशेष रूप से हवा की विपरीत दिशा में, जहां राख और छोटे पत्थर लंबी दूरी तक विस्फोट के साथ जा सकते हैं। देश की मौसम एजेंसी ने बताया कि पिछले वर्ष, दक्षिण-पश्चिमी जापान के कागोशिमा प्रान्त में सकुराजिमा नामक ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ था, जिसके कारण शिखर से 3,400 मीटर ऊपर तक धुआं उठ रहा था।

## 40 लाख बाइकर्स के साथ भारत पर हमला, 'पेट्रोल खत्म सोशल मीडिया पर उड़ने लगी पाकिस्तानी गवर्नर की खिल्ली

### सोशल मीडिया पर वीडियो के आने के बाद लोग खूब हंसी-मजाक कर रहे

इस्लामाबाद (ईएमएस)। सेना के द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर का खौफ अभी भी पाकिस्तानियों में है। इस बीच, पाकिस्तान के सिंध के गवर्नर कामरान खान टेसोरी ने वीडियो में भारत को गीदड़ भभकी दी कि अगर भारत ने फिर उकसाया, तब वे 40 लाख बाइकर्स के साथ सीमा पार करेंगा। अपनी आवाम को खुश करने के लिए उन्होंने 10-20 लोगों के साथ एक बाइक रैली भी निकाली। वह अपने 70 सीसी वाली बाइक पर बैठकर रैली निकाल रहे थे। लेकिन थोड़ी दूर चलने के बाद ही उनकी गाड़ी का तेल खत्म हो गया। इस घटना का वीडियो आया, जिसमें एक शख्स कहता है, 'पेट्रोल खत्म।सोशल मीडिया पर इस वीडियो के आने के बाद लोग खूब हंसी-मजाक कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'पाकिस्तान की नई युद्ध रणनीति है। 40 लाख बाइकर्स, बिना नंबर प्लेट और हेलमेट, भारत पर हमला करने को तैयार। उनका यह बयान तब आया जब भारतीय एयरफोर्स ने खुलासा किया कि उनके पांच फाइटर जेट्स भारत ने मार गिराए। वहीं एक हाईटेक अवाक्स विमान भी मारा गिराया। एस-400 फाइटर जेट्स ने इस कारनामे को अंजाम दिया था। खास बात है कि भारत ने 300 किमी दूर से इन विमानों को धूल चटा दी। इस हार के बाद कामरान का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे 40 लाख बाइकर्स के साथ भारत पर 'चढ़ाई' की धमकी दे रहे हैं, जिसका लोग सोशल मीडिया पर मजे ले रहे हैं।अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इसके जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर लांच कर पाकिस्तान के 11 हवाई ठिकानों को निशाना बनाया। सैटेलाइट तस्वीरों में दिखा कि भोलारी हवाई अड्डे पर एफ-16 जेट अपने हैंगर में ही तबाह हो गया। पाकिस्तान को जब पता चल गया कि भारत ने सबूतों और सैटेलाइट तस्वीरों के जरिए साबित किया है कि उसने बड़ी तबाही मचाई, तब पाकिस्तान के रक्षामंत्री पागल गए। ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि उनका कोई भी विमान नहीं गिरा। हालांकि इस तरह झूठ बोलना पाकिस्तान की पुरानी आदत है।वहीं भारतीय विमानन कंपनियों के लिए पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र बंद होने से पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण को दो महीने में 4.1 अरब रुपये का नुकसान हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों में इसकी जानकारी दी गई। आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान और भारत ने एक-दूसरे की विमानन कंपनियों के लिए अपने-अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए थे। भारत ने छह मई की रात 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया। पाकिस्तानी अखबार ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को नेशनल असेंबली को सूचित किया कि भारत में पंजीकृत विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद होने से पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण को 4.1 अरब रुपये का नुकसान हुआ है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### लो अब, अपने की पूर्व राष्ट्रपतियों की तस्वीरें वाइट हाउस से हटवा रहे डोनाल्ड ट्रंप

#### बराक ओबामा और जॉर्ज डब्ल्यू. बुश के चित्र हटवा दिए

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों अजग-गजब फैसलों के कारण सुर्खियों में हैं। दुनियाभर के कई देशों पर मनमाफिक टैरिफ लगाने के बाद उनके निशाने पर उनके ही देश के पूर्व राष्ट्रपति आ चुके हैं। ट्रंप प्रशासन ने उनके आधिकारिक आवास वाइट हाउस के प्रवेश द्वार पर लगे पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और जॉर्ज डब्ल्यू. बुश के चित्र हटवा दिए हैं और उन्हें ऐसी जगह पर लगवाया गया है जो कम इस्तेमाल में आता है या जहां बहुत कम लोगों का आना-जाना होता है।एक रिपोर्ट में बताया गया हैं कि वाइट हाउस के प्रवेश द्वार की एक प्रमुख विशेषता रहे पूर्व राष्ट्रपति ओबामा के आधिकारिक चित्र को अब एक कम प्रमुख स्थान पर लगाया गया है, जो 44वें और 47वें राष्ट्रपतियों के बीच वर्षों से चले आ रहे तनाव को दिखाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ विवादास्पद संबंध रखने वाले अन्य हालिया पूर्ववर्तियों, पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू.बुश और उनके पिता जॉर्ज एच. डब्ल्यू. बुश के चित्रों को भी हटाया गया है।रिपोर्ट में बताया गया है कि ट्रंप ने अपने कर्मचारियों को ओबामा की तस्वीर को ग्रैंड स्टेयरकेस के सबसे ऊपर ले जाने का निर्देश दिया, जो अधिकत्तर उनके परिवार, चुनिंदा कर्मचारियों और सीक्रेट सर्विस एजेंटों के लिए ही सीमित था। एक सूत्र ने पुष्टि की कि बुश की तस्वीरें भी अब वहीं रख दी गई हैं। ट्रंप के इस कदम से अब रोजाना वहां आने-जाने वालों की नजरों से ओबामा या बुश जैसे पूर्व राष्ट्रपतियों की तस्वीरें दूर हो गई हैं।कई सूत्रों ने कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप वाइट हाउस के रख-रखाव और सौंदर्यीकरण से जुड़े करीब हर काम में, चाहे वह बड़ा हो या छोटा, सीधे हस्तक्षेप कर रहे हैं। वाइट हाउस की परंपरा और प्रोटोकॉल के मुताबिक, हाल के राष्ट्रपतियों के चित्रों को कार्यकारी भवन के प्रवेश द्वार पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाता रहा है, जहाँ से आधिकारिक अतिथि और सार्वजनिक पर्यटक आते-जाते हैं। ओबामा का चित्र अब निजी आवास के पास सीढ़ियों के ऊपर, लैंडिंग पर लगाया गया है, जो जनता की पहुँच से दूर है।रिपोर्ट में कहा गया है कि ओबामा की तस्वीर को पुनः स्थापित करने से पहले अप्रैल में एक और कदम उठाया गया था, जब इस ग्रैंड फ़ोयर में स्थानांतरित किया गया था और उसकी जगह एक पेंटिंग लगाई गई थी, जिसमें पेंसिलवेनिया के बटलर में ट्रंप पर हुए हमले में उनके जीवित बचे होने का चित्रण किया गया है।

### ऑस्ट्रेलिया के पीएम ने किया ऐलान सितंबर में फिलिस्तीन को देंगे मान्यता

कैनबरा,(ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज ने ऐलान किया है कि उनका देश सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिलिस्तीनी राज्य को औपचारिक मान्यता देगा। यह कदम दो हफ्ते पहले उनकी उस बात से उलट है, जिसमें उन्होंने कहा था कि निकट भविष्य में वह ऐसा कोई कदम नहीं उठाएंगे। अल्बानीज ने कैबिनेट बैठक के बाद कहा कि फिलिस्तीनी प्राधिकरण (पीए) की प्रतिबद्धताओं के आधार पर हम फिलिस्तीनी लोगों के अधिकार को स्वीकार करेंगे। हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर इसे साकार करने के लिए काम करेंगे।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम एंथनी अल्बानीज ने इस कदम को एक वैश्विक प्रयास का हिस्सा बताया जो मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने में मददगार साबित होगा। उन्होंने साफ कहा कि हमास को किसी भी फिलिस्तीनी राज्य में कोई जगह नहीं दी जाएगी। साथ ही उन्होंने इजराइल पर गाजा में मानवाधिकारों के उल्लंघन और अंतरराष्ट्रीय कानून की अनदेखी करने का आरोप लगाया। गाजा की स्थिति को उन्होंने दुनिया की सबसे भयानक स्थिति से भी ज्यादा बदतर बताया है।पीएम अल्बानीज ने कहा कि फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने कुछ अहम वादे किए हैं, जिनके आधार पर यह फैसला लिया गया है। इनमें हमास को सरकार से बाहर रखना, गाजा का विसैन्यीकरण और 2006 के बाद से लंबित चुनाव कराना शामिल है। इसके अलावा, फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने इजराइल के शांति और सुरक्षा के अधिकार को स्वीकार करने, उकसावे पर रोक लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय निगरानी और आतंकवादियों के परिवारों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता को बंद करने का आश्वासन दिया है।अल्बानीज का मानना है कि मध्य पूर्व में हिंसा के चक्र को तोड़ने और गाजा में संघर्ष, पीड़ा और भुखमरी को खत्म करने का सबसे बेहतर रास्ता है। उन्होंने पिछले दो हफ्तों में ब्रिटेन, फ्रांस, न्यूजीलैंड, जापान, इजराइल और फिलिस्तीनी प्राधिकरण अध्यक्ष महमूद अब्बास के साथ इस मुद्दे पर बातचीत की। नेतन्याहू के साथ उनकी चर्चा सभ्य और लंबी रही, लेकिन उन्होंने कहा कि इजराइली पीएम के तर्क पुराने हैं।

### पाकिस्तान पंजाब प्रांत में बारिश ने मचाई तबाही, अब तक 166 की मौत

लाहौर,(ईएमएस)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बारिश के कारण हुई मौतों की संख्या 166 हो गई है। सियालकोट और झेलम में दो और लोगों की मौत के बाद यह आंकड़ा बढ़ा है। इस दौरान प्रांत के कई शहरों में मूसलाधार बारिश ने तबाही मचाई है।पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक सियालकोट में सबसे ज्यादा 78 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद लाहौर में 43.4, गुजरांवाला में 36.8, चकवाल 23 मिमी, अटक 13.6, मंगला 12.2, गुजरात 10.6, नारोवाल, रावलकोट 4, इस्लामाबाद एयरपोर्ट 3.9 मिमी और मंडी बहाउद्दीन 0.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है।प्रांतीय अधिकारियों ने 8 अगस्त के आंकड़ों के आधार पर बताया कि इस मानसून सीजन में 164 लोगों की मौत हुई है और 82 लोग घायल हुए। इसके अलावा पंजाब में 121 पशुधन मारे गए हैं और 216 घर नष्ट हो गए हैं। मॉडल टाउन, कोट लखपत, पेको रोड, टाउनशिप, ग्रीन टाउन, फैक्ट्री एरिया, मुस्लिम टाउन और गार्डन टाउन सहित कई इलाकों में जल जमाव की सूचना है। निश्तार पार्क स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बाढ़ के कारण 'इंडिपेंडेंस फैमिली फन रेस' को रद्द कर दिया गया है साथ ही बारिश के कारण लाहौर में 120 से अधिक फीडर ट्रिप होने से बिजली आपूर्ति भी बाधित रही।प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने कई नदियों में निम्न-स्तरीय बाढ़ की चेतावनी जारी की है। वहीं सिंधु नदी पर चश्मा बैराज में निम्न-स्तर की बाढ़ की सूचना मिली है, लेकिन तरबेला, कालाबाग, तौनसा, गुड्डू, सक्खर और कोटरी बैराज में जल प्रवाह सामान्य है। रावी नदी के बसंतर नाले में मामूली बाढ़ है, लेकिन मुख्य धारा अप्रभावित है।

## भारतीय-अमेरिकी मेगाडोनर आशा मोटवानी ने भारत को दी सलाह



वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने से व्यापारिक तनाव बढ़ गया है। इससे भारतीय मूल की अमेरिकी निवेशक और रिपब्लिकन पार्टी की इकलौती मेगाडोनर आशा जडेजा मोटवानी ने भारत को सलाह दी है कि वह ट्रंप के इरादों और सोच को समझने के लिए सीधे संवाद करें और अगर ट्रंप ने भारत–पाकिस्तान शांति के लिए पहल की है तो उन्हें 'थैंक्यू' बोलने में कोई हर्ज नहीं है।मोटवानी का कहना है कि कूटनीति में आभार जताना रिश्तों को मजबूत करता है, चाहे पहल पूरी तरह सफल रही हो या नहीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- मैं रिपब्लिकन पार्टी की एकमात्र भारतीय-अमेरिकी मेगाडोनर हूं। मैं 100 फीसदी सही न रहूं, लेकिन ट्रंप के दिमाग में क्या चल रहा है उसके काफी करीब जरूर रहूंगी।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आशा मोटवानी ने कहा कि ट्रंप ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और सीनेटर मार्को रुबियो को भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने का काम सौंपा था। उनका कहना है कि यह सफल हुआ या नहीं यह मुद्दा नहीं है, उनकी नीयत नेक थी। हमें उन्हें एक फूल और कार्ड देकर 'थैंक्यू' कहना चाहिए। शायद मैं यह भारत की ओर से कर दूं। उन्होंने ट्रंप की आर्मेनिया–अजरबैजान शांति पहल की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह नेताओं के बीच बैठे, हाथ थामे। इससे पता चलता है कि शांति उनके दिल के करीब है अगर इसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार मिलता है तो यह रूस–यूक्रेन में भी शांति प्रयासों को बल देगा।मोटवानी ने ट्रंप से अपील की कि भारत के साथ व्यापारिक समझौते को प्राथमिकता दी जाए। उनका तर्क है कि भारत का विशाल बाजार अमेरिका के लिए रणनीतिक रूप से अहम है और यह अवसर किसी अन्य एशियाई देश के मुकाबले अलग है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत रूस–यूक्रेन में शांति की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है जो अमेरिका के हित में है। फेडरल इलेक्शन रिकॉर्ड के मुताबिक 31 मई 2024 को आशा मोटवानी ने रिपब्लिकन नेशनल कमिटी को 1,23,900 अमेरिकी डॉलर का दान दिया था। वह सिलिकॉन वैली स्थित एक प्रसिद्ध निवेशक और बिजनेसमैन हैं, जो टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप इकोसिस्टम में सक्रिय भूमिका निभाती हैं।आशा मोटवानी मानती हैं कि अंतरराष्ट्रीय रिश्तों में आभार जताना और पहल की सराहना करना बातचीत के नए रास्ते खोल होता है। उनके मुताबिक भारत को न सिर्फ टैरिफ विवाद में, बल्कि अन्य वैश्विक मुद्दों पर भी ट्रंप के नजरिये को समझना चाहिए ताकि दोनों देशों के रिश्तों में नई ऊर्जा आ सके।

### परिजनों ने तीसरी बार लगाई याचिका कहा, निमिषा प्रिया को तत्काल दें फांसी

सना,(ईएमएस)। यमन की अदालत भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को फांसी की सजा सुना चुकी है। लेकिन इस सजा को कुछ समय से लिए टाल दया गया था। अब तीसरी बार मृतक महदी के परिजनों ने याचिका दायर कहा है कि अपराधी प्रिया को किसी भी हालत में माफी नहीं देना है, बल्कि उसे तत्काल प्रभाव से फांसी की सजा दी जानी चाहिए।केरल की नर्स निमिषा प्रिया जिस शख्स की हत्या के जुर्म में यमन की जेल में कैद है, उस मृतक के भाई ने तीसरी बार याचिका दायर कर निमिषा प्रिया को फांसी देने की मांग की है। मृतक तलाल अब्दो महदी के भाई अब्दुल फत्ताह महदी ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा है कि उसने निचली अदालत द्वारा निमिषा को दी गई सजा के तुरंत क्रियान्वयन की मांग को लेकर यमन के डिप्टी अटॉर्नी जनरल (एजी) से तीसरी बार आवेदन दिया है और उनसे मुलाकात की है।

## गाजा में खाने के लिए कतारों में खड़े 26 फिलिस्तीनियों पर बरसाई गोलियां, मौत



दीर अल-बलाह,(ईएमएस)। गाजा पट्टी में खाने के लिए कतारों में खड़े 26 फिलिस्तीनी नागरिकों को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। मीडिया रिपोर्ट में अस्पताल के अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमास के कब्जे में मौजूद इजराइली बंधकों के परिजनों ने गाजा पट्टी में सैन्य अभियान तेज करने की पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की योजनाओं के खिलाफ प्रदर्शन का आह्वान किया।अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास गाजा पट्टी में खाद्य आपूर्ति काफिले के मार्गों और निजी सहायता वितरण केंद्रों के पास मदद की आस में कतारों में खड़े लोगों के शव लाए गए। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में वे 10 लोग शामिल हैं, जो नवनिर्मित मोराग कॉरिडोर के पास सहायता ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। यह कॉरिडोर दक्षिणी शहर राफा और खान यूनिस को अलग करता है।गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय और अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक उत्तरी गाजा में जिकिम क्रॉसिंग के पास खाद्य सहायता का इंतजार कर रहे छह लोग भी गोलीबारी में मारे गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मध्य गाजा में उन्होंने पहले चेतावनी स्वरूप चलाई गई गोलियों की आवाज सुनी, जिसके बाद गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन की ओर से संचालित एक खाद्य वितरण केंद्र के पास लोगों की भीड़ पर गोलीबारी की गई। शरणार्थी शिविर स्थित आवदा अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि इजराइली गोलीबारी में चार लोग मारे गए। मध्य गाजा में जीएचएफ के खाद्य वितरण केंद्र से कुछ दूरी पर मदद का इंतजार कर रहे शख्स ने कहा कि पहले इजराइली सैनिकों ने हवा में गोली चलाई, फिर वे लोगों पर गोलियां बरसाने लगे।अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि खान यूनिस और राफा में जीएचएफ स्थलों तक पहुंचने का प्रयास करते समय छह अन्य फलस्तीनियों की मौत हो गई। अस्पतालों ने बताया कि गाजा शहर में एक बंदरगाह के पास हवाई हमले में तीन लोग, जबकि खान यूनिस में एक तंबू पर हुए हमले में चार लोग मारे गए हैं। इजराइली सेना ने हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन हमास पर नागरिक क्षेत्रों से हमले करने का आरोप लगाया है।

## अमेरिका का एफ-35 विमान में आई खराबी, जापान में की आपात लैंडिंग

### ट्रंप चाहते हैं भारत खरीदें एफ-35 स्टेल्थ फाइटर, वायुसेना कर रही इनकार



टोक्यो,(ईएमएस)। अमेरिका का फाइटर जेट विमान एफ-35 फिर एक बार तकनीकी खामी के कारण सुर्खियों में है। ताजा मामला जापान का है जहां ब्रिटेन के स्वामित्व वाले एक अमेरिकी एफ-35बी स्टेल्थ फाइटर ने रविवार को इमरजेंसी लैंडिंग की। जापान के कागोशिमा प्रांत के एक हवाई अड्डे पर विमान में अचानक आई तकनीकी खराबी के कारण उतारना पड़ा।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह विमान ट्रेनिंग मिशन पर था और ब्रिटिश कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ तैनात था। इस घटना ने एक बार फिर एफ-35 की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ये पहला मौका नहीं है। करीब दो महीने पहले एक ब्रिटिश एफ-35बी को 'टेक्निकल स्नैग' के कारण केरल के कोचीन एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी थी। वह विमान कई हफ्तों तक वहीं कोचीन एयरपोर्ट पर ही खड़ा रहा, क्योंकि उसके स्पेयर पार्ट्स और तकनीकी टीम को लाने में लंबा समय लग गया। तब भी अंतरराष्ट्रीय मीडिया में एफ-35 की तकनीकी जटिलताओं और रखरखाव पर भारी लागत की चर्चा हुई थी।बता दें अमेरिका लंबे समय से चाहता है कि भारत एफ-35 स्टेल्थ फाइटर खरीदे, लेकिन भारतीय वायुसेना इसके पक्ष में नहीं है। इसके पीछे वजहें साफ हैं कि इस विमान की अत्यधिक रखरखाव लागत, बार-बार तकनीकी खराबी और लॉजिस्टिक सपोर्ट में देरी। भारत पहले ही सुखोई, राफेल और स्वदेशी तेजस को लेकर काम कर रहा है और उसकी प्राथमिकता स्वदेशी एएमसीए प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाना है। ऐसे में एक ऐसा प्लेटफॉर्म खरीदना, जो लगातार तकनीकी खामियों की वजह से चर्चा में हो न तो रणनीतिक रूप से फायदेमंद है और न ही आर्थिक रूप से।ट्रंप और बाइडेन की टीम ने भारत को कई बार इस विमान को बेचने का ऑफर दिया, लेकिन रक्षा मंत्रालय ने दिलचस्पी नहीं दिखाई।

## विदेश से लौटते ही चीन के होने वाले विदेश मंत्री हुए गायब, किसने उठाया चल गया पता



बीजिंग,(ईएमएस)। चीन के वरिष्ठ राजनयिक और संभावित भविष्य के विदेश मंत्री माने जाने वाले लियू जियांचाओ विदेश लौटते ही गायब हो गए। हालांकि बाद में खबर आई कि अधिकारियों ने पूछताछ के लिए उन्हें हिरासत में लिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक लियू को यह कार्रवाई जुलाई के आखिर में विदेश दौरे से लौटने के तुरंत बाद झेलनी पड़ी। चीन की स्टेट काउंसिल इंफॉर्मेशन ऑफिस और कम्युनिस्ट पार्टी के इंटरनेशनल लायजन डिपार्टमेंट ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन यह साफ है कि हाल के सालों में किसी वरिष्ठ राजनयिक पर हुई यह सबसे बड़ी कार्रवाई है।61 साल के लियू 2022 से कम्युनिस्ट पार्टी के उस विभाग के मुखिया हैं जो दुनिया भर की राजनीतिक पार्टियों से संबंध रखते है। इस दौरान वे 20 से अधिक देशों का दौरा कर चुके हैं और 160 से ज्यादा नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। उनकी सक्रिय कूटनीति खासकर वॉशिंगटन में अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन से हुई मुलाकात इस चर्चा को हवा देती रही कि उन्हें चीन का अगला विदेश मंत्री बनाया जा सकता है।लियू की हिरासत को 2023 में पूर्व विदेश मंत्री किन गांग के पद से हटाए जाने के बाद की सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। किन गांग को निजी जीवन से जुड़े विवादों के चलते अचानक पद से हटा दिया गया था। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह घटना चीन के कूटनीतिक ढांचे में बड़े बदलाव का संकेत दे रही है।जिलिन प्रांत में जन्मे लियू ने बीजिंग फॉरेन स्टडीज यूनिवर्सिटी से अंग्रेजी में ग्रेजुएशन और ऑक्सफोर्ड से अंतरराष्ट्रीय संबंधों में पढ़ाई की। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत विदेश मंत्रालय में अनुवादक के रूप में की। इसके बाद उन्होंने ब्रिटेन मिशन में सेवा दी और फिर इंडोनेशिया व फिलीपींस में राजदूत रहे। मंत्रालय के प्रवक्ता रहते वे अपने बेबाक लेकिन चुटीले जवाबों और चीन के हितों की सख्त पैरवी के लिए जाने जाते थे।

### फिलिस्तीनी एक्शन ग्रुप पर लगा बैन, लंदन में हुआ विरोध प्रदर्शन, 466 गिरफ्तार

लंदन,(ईएमएस)। इजराइल के गाजा सैन्य कार्रवाई और एक प्रमुख फिलिस्तीनी एक्शन ग्रुप को बैन करने के खिलाफ लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर में फिलिस्तीन समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लंदन पुलिस ने 466 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इसे लंदन के इतिहास में अब तक किसी भी विरोध प्रदर्शन के दौरान सबसे बड़ी सामूहिक गिरफ्तारी बताई जा रही है।प्रदर्शनकारियों के मुताबिक यह ब्रिटिश राजधानी में किसी एक विरोध प्रदर्शन में अब तक की सबसे बड़ी सामूहिक गिरफ्तारी है। लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारी इकट्ठा हुए। ये सभी गाजा के खिलाफ इजराइली हमलों का विरोध कर रहे थे। हाथों में तख्तियां और जुबान पर इजराइल विरोधी नारे थे। तख्तियों पर लिखा था मैं नरसंहार का विरोध करता हूं। मैं फिलिस्तीन एक्शन का समर्थन करता हूं। कुछ तस्वीरें और वीडियो भी कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड किए गए। इसमें आंदोलनकारी जमीन पर बैठकर हैण्ड्स ऑफ गाजा का नारा लगाते दिखे।कुछ वीडियो में पुलिस प्रदर्शनकारियों को पकड़कर ले जाती नजर आई और उनके इस एक्शन पर भीड़ चिल्ला-चिल्लाकर कह रही है, शर्म करो। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने भी एक्स पर इस पूरे वाकये की जानकारी दी। एक बयान में कहा गया कि पार्लियामेंट स्क्वायर पर फिलिस्तीन एक्शन का समर्थन करने के आरोप में 466 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया।

### इक्वाडोर के नाइट क्लब में गोलीबारी, 8 की मौत, 3 घायल

क्विटो,(ईएमएस)। इक्वाडोर के तटीय प्रांत गुआयास के ग्रामीण क्षेत्र सांता लूसिया स्थित एक नाइट क्लब में रविवार को हुई गोलीबारी में आठ लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यह इलाका देश के सबसे खतरनाक क्षेत्रों में से एक माना जाता है।अधिकारियों ने बताया कि हमलावर भारी हथियारों से लैस थे और मोटरसाइकिलों व दो वाहनों पर सवार होकर आए थे। गोलीबारी में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों की उम्र 20 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

# एशिया कप में हो सकती है श्रेयस की वापसी

## बुमराह को दिया जा सकता है आराम



### ऋषभ शायद ही खेल पायें

मुम्बई (ईएमएस)। अगले माह होने एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा अभी होनी है। भारतीय टीम एशिया कप में अपना पहला मैच यूएई से खेलेगी। इसके बाद भारतीय टीम का सामना पाकिस्तान से होगा। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 14 सितंबर को दुबई में होगा। एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को शामिल किये जाने की संभावना नहीं है। बुमराह को इस दौरान आराम दिया जाएगा। वहीं बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को लंबे समय के बाद टीम में वापसी की संभावना है। श्रेयस का प्रदर्शन घरेलू क्रिकेट के साथ ही आपीएल 2025 में भी काफी अच्छा रहा था। वहीं पैर के अगूठे में फैक्चर के कारण विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इसमें शायद ही खेल पाये। ऋषभ को इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज के चौथे मैच में एक गेंद लग गयी थी। एशिया कप से भारतीय टीम की 2026 टी20 विश्व कप की तैयारियों का भी पता चलेगा। विश्वकप अगले साल फरवरी में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। . ऐसे में टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम प्रबंधन के पास एक अच्छा दल तैयार करने का अच्छा अवसर रहेगा। एशिया कप में भारतीय टीम को पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और ओमान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। इसमें सूर्यकुमार यादव भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। सूर्यकुमार अभी सर्जरी के बाद (रिहैब) पुनर्वास प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। टूर्नामेंट में साई सुदर्शन, यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों को भी जगह मिल सकती है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को हालांकि वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत इस एशिया कप में आराम दिया जा सकता है।

भारत की संभावित एशिया कप 2025 टीमः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, रियान पराग, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा।

# किरमानी से मिलती है नई पीढ़ी को प्रेरणा : सिराज



हैदराबाद (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज सैयद किरमानी की आत्मकथा लाइफ बिहाइंड ऐंड बियॉन्ड द ट्वेंटी टू याड्र्स का हैदराबाद में विमोचन हुआ। किरमानी की आत्मकथा के विमोचन कार्यक्रम में मोहम्मद अजहरुद्दीन, मोहम्मद सिराज सहित कई हस्तियां शामिल हुईं। इस अवसर पर सिराज ने कहा कि 1983 विश्वकप विजेता टीम के सदस्य रहे किरमानी से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। सिराज ने कहा, सर जब आपने 1983 में विश्वकप जीता था तब हम पैदा तक नहीं हुए थे।

इस दौरान सिराज ने कहा कि आपकी कहानी हौसला बढ़ाने वाली और प्रेरक है। मैंने कई खिलाड़ियों से सुना है कि विकेट के पीछे आपके रिफ्लेक्सेज असाधारण थे। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए सब कुछ देने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।'

जवाब में इस पूर्व विकेटकीपर ने भी एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में शानदार गेंदबाजी के लिए सिराज की प्रशंसा की। किरमानी ने कहा, 'आपने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। मेरी तरफ से आपको बधाई। आपने देश को गौरव प्रदान किया है। वह आक्रामकता एकदम दिल से थी। मेरी कामना है कि आपको हर तरह की सफलता मिले।'

पूर्व कप्तान अजहर ने भी किरमानी की तारीफ करते हुए कहा, यह महत्वपूर्ण है कि उन्होंने इसे हैदराबाद में भी रिलीज किया है। वह भविष्य में बहुत से विकेटकीपरों और क्रिकेटरों का मार्गदर्शन करेंगे। मैं निश्चित तौर पर सभी युवा विकेटकीपरों से उनके पास जाने की गुजारिश करूंगा क्योंकि मेरा मानना है कि वह एक बेहतरीन विकेटकपर रहे हैं।

# एशिया कप के लिए उपकप्तान बनाये जा सकते हैं शुभमन



मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को एशिया कप के लिए भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया जा सकता है। वहीं इससे पहले ऑलरांडर हार्दिक पंड्या को उपकप्तान का दावेदार बताया जा रहा था। पंड्या की राह में बाधा उनकी फिननेस है। वहीं शुभमन की कप्तानी में भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। इससे ये सीरीज 2-2 से बराबरी पर रही। शुभमन ने इंग्लैंड दौरे में 700 से अधिक रन बनाये थे। ऐसे में उनको टी20 टीम में शामिल किया जाना तय है। इस टूर्नामेंट में पारी की शुरुआत करते हैं या तीसरे नंबर पर उतरते हैं। अभी तक टी20 में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की जोड़ी ने ही पारी की शुरुआत की है। वहीं शुभमन का प्रदर्शन आईपीएल में अच्छा रहा है। पिछले तीन सत्र में उन्होंने 890 रन 157.80 की स्ट्राइक रेट से, 426 रन 147.40 की स्ट्राइक रेट से, और 650 रन 155.88 की स्ट्राइक रेट से बनाए हैं। उनकी बेहतर स्ट्राइक रेट और निरंतर रन बनाने की क्षमता ने उनके टी20 टीम में वापसी के मामले को मजबूत किया है। एशिया कप 9 सितंबर से शुरू होगा। इसमें भारतीय टीम 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। इसके बाद टीम इंडिया 14 सितंबर को अपने दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना करेगी। वहीं सर्जरी के बाद उबर रहे टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के एशिया कप तक फिट होने की उम्मीद है।

## अब सलामी बल्लेबाज के तौर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाना चाहते हैं लाबुशेन

मेलबर्न (ईएमएस)। हाल में खराब फार्म के कारण ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम से बाहर हुए बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन का कहना है कि वह टीम में वापसी के लिए बतौर सलामी बल्लेबाज भी खेलने के लिए तैयार हैं। लाबुशेन ने ये बात इसलिए कही हैं क्योंकि टीम को आगामी एशेज सीरीज के लिए एक अच्छे सलामी बल्लेबाज की जरुरत है। ऐसे में लाबुशेन इस अवसर का इस्तेमाल करना चाहते हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटसी) 2025 के फाइनल के बाद से ही ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम से उन्हें बाहर कर दिया गया था जिससे वह परेशान हैं। अब लाबुशेन चाहते हैं कि वह पारी की शुरुआत करें क्योंकि डेविड वार्नर के संन्यास के बाद से ही टीम के पास कोई अच्छा सलामी बल्लेबाज नहीं है। अब तक स्टीव स्मिथ सहित जिसे भी अवसर दिया गया है वह असफल रहा है। लंबे समय से तीसरे नंबर पर खेल रहे इस खिलाड़ी को लगातार खराब प्रदर्शन के बाद जून और जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे से बाहर कर दिया गया था। 31 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा, मेरे लिए बाहर होने का समय मुश्किल था, क्योंकि आप कभी भी टीम से बाहर नहीं होना चाहते, लेकिन जैसे ही चयनकर्ताओं की बातें सुनी मेरा दिमाग तुरंत इस ओर चला गया। इससे मुझे सोचने का मौका मिला और मीडिया के दबाव से भी मुक्ति मिली, जो कह रहा था, मार्नस को जाना होगा। एक निर्णायक मोड़ जरूर आता है, लेकिन यही वह चीज है जिससे मैं आगे बढ़ता हूं, संदेह करने वालों को गलत साबित करना और अपने लिए रास्ता बनान। वेस्टइंडीज के उन टेस्ट मैचों में न खेल पाने से मुझे आराम से बैठकर सोचने का मौका मिला, मैं यहीं रहना चाहता हूं और मैं वहां ऐसे ही पहुंचूंगा।




उत्तरी चीन में अशरहम मैराथन में जीत के बाद पदकों के साथ इथोपीय ,चीन और केन्या के विजेता खिलाड़ी ।



मेसन में स्पेन के कोर्लोस अल्कारेज सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामिंट में रिटर्न शॉट लगाते हुए।

## अब बंगाल अंडर-23 पुरुष टीम के कोच बने साहा

कोलकाता (ईएमएस)। पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋधिमान साहा अब कोच की भूमिका में नजर आयेंगे। भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर रहे साहा को बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने अंडर-23 पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया है। साह ने कोच की जिम्मेदारी संभालते हुए पहले अभ्यास सत्र में आत्मविश्वास और टीम वर्क पर जोर दिया। साहा ने खिलाड़ियों से कहा कि एक टीम के रूप में हमें अपने कौशल पर ध्यान देना चाहिए और साथी खिलाड़ियों की सहायता करनी चाहिए। हमें अपने पर भरोसा करके और प्रशिक्षण में जो हमने किया है, उसे अपने मैचों में अमल में लाना चाहिये। इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने साल 2010 से 2021 के बीच 40 टेस्ट मैचों में भारतीय टीम की ओर से खेला है। इसके अलावा नौ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी वह शामिल रहे। पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के दौर में होने के कारण उन्हें काफी कम अवसर मिले। धोनी के संन्यास के बाद ही उन्हें आसानी से टीम में जगह मिली पर युवा ऋषभ पंत के आने के बाद से ही फिर उनके हाथ से विकेटकीपिंग निकल गयी। साहा ने करीब 170 आईपीएल मैच भी खेले हैं। वह कोलकाता नाइटराइडर्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस जैसी टीमों में रहे हैं।

## सैमसन बोले, रोहित हैं मेरे आदर्श क्रिकेटर वैभव को खेलते देखना है पसंद

मुम्बई (ईएमएस)। विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन अपना आदर्श क्रिकेटर रोहित शर्मा को मानने हैं। सैमसन ने पूर्व स्पिनर आर अश्विन से हुई एक बातचीत में ये बात कही। वहीं अधिकतर विकेटकीपर बल्लेबाजों के आदर्श महेन्द्र सिंह धोनी या ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट होते हैं क्योंकि इन्होंने अपनी शीर्ष स्तर की विकेटकीपिंग से युवा विकेटकीपर बल्लेबाजों को प्रेरित किया है। रोहित ने टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। वह पारी की शुरुआत करते हुए अपनी आक्रामक बल्लेबाज के कारण हिटमैन के नाम से लोकप्रिय हैं। अश्विन के यूट्यूब चैनल पर सैमसन से पूछा गया, आपका ऑल टाइम क्रिकेटिंग आइडल कौन है? इसके बाद सैमसन कुछ देर के लिए सोच में पड़ गए। उन्होंने फिर कहा, यह एक बड़ा सवाल है। मेरे आदर्श रोहित शर्मा हैं। अश्विन ने इसके अलावा सैमसन से पूछा कि आधुनिक क्रिकेट के एक ऐसे खिलाड़ी का नाम बताएं, जिसे खेलते हुए देखकर वह उत्साहित होते हैं। इस पर सैमसन ने कहा कि 14 साल के वैभव सूर्यवंशी उन्हें पसंद हैं। सैमसन की कप्तानी वाली रॉजस्थान रॉयल्स से ही वेभव ने आईपीएल 2025 में खेला था। वैभव ने आईपीएल में रॉयल्स की ओर से आक्रामक बल्लेबाजी कर सभी को प्रभावित किया था। आईपीएल इतिहास में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले वैभव ने सात मैचों में 252 रन बनाए। उन्होंने 206.55 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 24 छक्के और 18 चौके लगाये। वैभव ने 35 गेंदों पर ही शतक लगा दिया। वह आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय हैं। उनके आईपीएल 2026 में भी पारी की शुरुआत करने की संभावना है।

# रोहित और विराट से आगे बढ़कर युवाओं को अवसर दें चयनकर्ता : देवांग



मुम्बई (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर और चयनकर्ता रहे देवांग गांधी ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली का भारतीय क्रिकेट में अहम योगदान रहा है। इसमें किसी को भी कोई संदेह नहीं है पर भविष्य को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) रोहित शर्मा और विराट कोहली से आगे निकलकर युवाओं को अवसर दे। देवांग के अनुसार रोहित और विराट ने भारतीय क्रिकेट को काफी आगे पहुंचाया है पर समय किसी का इंतज़ार नहीं करता।

देवांग ने कहा, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, साई सुदर्शन जैसे युवाओं को आप बाहर कैसे रख सकते हैं। इस खिलाड़ियों ने साबित किया है कि वे हर प्रकार के हालातों में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। साथ ही कहा कि जब एक बार जब कोई खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर लेता है और उसके पास काफी बेहतर क्षमता आ जाती है जिसका लाभ उसे एकदिवसीय में मिलता है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि चयनकर्ता और टीम प्रबंधन एक साथ मिलकर कोई फैसला लें। ये भी देखा जाना चाहिये कि अगर रोहित और विराट को रखा जाता है तो क्या वे अगले दो साल तक खेल सकते हैं। गांधी ने कहा, अगर एक साल में हम ऐसी स्थिति में आ जाते हैं जहां उनमें से कोई एक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा है तो हमारे पास उसके जगह किसी और को शामिल करने का विकल्प होना चाहिये। कप्तानी का सवाल भी उतना ही महत्वपूर्ण है और चयनकर्ताओं को इस पर फैसला लेना होगा। शुभमन पहले ही टेस्ट मैचों में कप्तानी के लिए अपने को साबित कर चुके हैं और अपनी मौजूदा फॉर्म को देखते हुए, वह अभी देश के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाज हैं, जिनका औसत 59.04 और स्ट्राइक रेट 99.56 है। शुभमन गिल के प्रदर्शन ने उन्हें टीम का सम्मान दिलाया है, जिससे एकदिवसीय कप्तानी के लिए वह फिट बैठते हैं।

## अर्शदीप एशिया कप के पहले ही मैच में पूरे कर सकते हैं अपने 100 विकेट

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह एशिया कप के पहले ही मैच में एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर सकते हैं। एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक यूएई में खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम लीग स्तर पर दूसरे मैच में पाकिस्तान से खेलेगी। अर्शदीप के पास अपने पहले ही मैच में अपने 100 विकेट पूरे करने का अवसर है। अर्शदीप ने अबतक भारतीय टीम की ओर से 63 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 99 विकेट लिए हैं। ऐसे में अगर अर्शदीप एशिया कप में एक भी विकेट ले लेते हैं, तो वह इस प्रारुप में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। अर्शदीप सिंह के अलावा स्पिनर युजवेंद्र चहल टी20 क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय हैं, चहल ने 80 मुकाबलों में 96 विकेट लिए हैं जबकि हार्दिक पांड्या ने 114 मैचों में 94 विकेट अपने नाम किये हैं। अर्शदीप ने अब तक 63 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं।

## रदरफोर्ड और रोस्टन की पारी से वेस्टइंडीज ने दूसरे एकदिवसीय में पाकिस्तान को हराया

### सीरीज 1-1 से बराबर हुई




त्रिनिदाद (ईएमएस)। शेरफेन रदरफोर्ड और रोस्टन चेज की अच्छी बल्लेबाजी से वेस्टइंडीज ने बारिश से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय में पाकिस्तान को पांच विकेट से रहा दिया। इसी के साथ ही वेस्टइंडीज ने इस सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। इस मैच में पाक टीम के अनुभवी बल्लेबजा बाबर आजम अपना खाता भी नहीं खोल पाये। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान 37 ओवर में 7 विकेट पर 171 रन ही बना और तभी एक बार फिर बारिश आ गई, ऐसे में पाकिस्तान की पारी यहीं समाप्त हो। डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर वेस्टइंडीज को 35 ओवर में 181 रनों का संभावित लक्ष्य मिला था। जो उसने खराब शुरुआत के बाद भी रोस्टन और रदरफोर्ड की पारी से हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज की भी शुरुआत कोई खास नहीं रही. लेकिन बाद में उसके बल्लेबाज जम गए। चेज ने 47 गेंदों पर दो छक्कों और एक विजयी चौके की मदद से नाबाद 49 रन बनाए, जिससे वेस्टइंडीज 33.2 ओवर में पांच विकेट पर 184 रन बनाकर जीत हासिल करने में सफल रहा। वहीं रफोर्ड ने 33 गेंदों में तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से 45 रन बनाए। चेज और ग्रीव्स (31 गेंदों पर 26 रन) ने छठे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचा। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने आजम को शून्य पर ही आउट कर दिया। वहीं मोहम्मद रिज़वान भी असफल रहे और 23 गेंद में 4 रन ही बना पाये। इसके बाद हुसैन तलात ने पारी संभालने का प्रयास किया। वहीं अंत में हसन नवाज ने तेजी से रन बनाने का प्रयास कियाकी लड़खड़ाती शुरुआत181 के आसान दिखने वाले लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान वेस्टइंडीज टीम ने शुरुआत में ही दो विकेट खो दिये।

# मैक्सवेल के कैच से ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी20 में दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हराया



डार्विन (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया ने यहां पहले टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर दी। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने एक बेहद मुश्किल कैच पकड़कर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी से ज्यादा चर्चा मैक्सवेल के कैच की रही। इसी कैच पर दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज रियान रिकेलटन पेवेलियन लौटे। रिकेलटन ने 71 रन बनाये थे और वह टीम को जीत दिलाने जा रहे थे पर मैक्सवेल के लिए कैच ने मैच पलट दिया। इस मैच में मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका को अंतिम ओवर में जीत के लिए 21 रन चाहिए थे और उसके पास तीन विकेट थे पर वह असफल रही। बेन ड्वार्शुइस की गेंदब पर रिकेलटन ने एक ऊंचा शॉट लगाया और गेंद छह रनों के लिए जा रही थी पर तभी मैक्सवेल ने बाउंड्री लाइन के अंदर से छलांग लगाकर हवा में ही कैच लपक लिया और गिरने से पहले ही गेंद को अपने पीछे बाउंड्री के अंदर उछाल दिया। फिर संतुलन बनाते हुए मैदान में कूदकर कैच ले लिया। इस कैच को देखकर प्रशंसक ही नहीं कमेंटेट और अन्य खिलाड़ी भी हैरत में पड़ गये। इस कैच के साथ ही दक्षिण अफ्रीका के हाथ आयी जीत निकल गयी। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टिम डेविड के 83 रनों की सहायता से 178 रन बनाये जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीकी टीम 9 विकेट पर 161 रन ही बना पायी।

## ऋषभ तोड़ सकते हैं धोनी के रनों का रिकार्ड : चोपड़ा

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आने वाले समय में पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को रनों के मामले में पीछे छोड़ देंगे। ऋषभ ने अभी तक 47 टेस्ट मैचों में 44.50 की औसत से 3427 रन बनाए हैं। इसमें आठ शतक शामिल हैं। वहीं धोनी के नाम छह शतक है। धोनी ने अपने करियर में 90 टेस्ट मैच खेले हैं। चोपड़ा ने कहा, खेलों और रनों की संख्या के मामले में धोनी शीर्ष पर हैं। उन्होंने 90 मैच, 144 पारियां खेली हैं जिनमें 38.09 की औसत से 4876 रन बनाए हैं और उनके नाम छह शतक हैं। वहीं ऋषभ ने पिछले पांच सालों में छह शतक लगाए हैं। चोपड़ा ने कहा, अगर हम कुल मिलाकर देखें, तो ऋषभ पंत आठ शतक लगा चुके हैं और धोनी छह शतक लगा चुके हैं। ऋषभ रनों की संख्या के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। वह एमएस धोनी से 1400 रन पीछे हैं और लगभग आधे मैच खेल चुके हैं। अगर वह और खेलेंगे, तो तय है कि वह धोनी से आगे निकल जाएंगे। इंग्लैंड के हाल के टेस्ट दौरे की 7 पारियों में इस बल्लेबजा ने 68.42 की शानदार औसत से 479 रन बनाए जिसमें लीड्स के हेडिंग्ले में सीरीज के पहले मैच में लगाए गए दो शतक भी शामिल हैं।

# विराट , रोहित के संन्यास को लेकर अभी जल्दबाजी में फैसला नहीं करना चाहता बीसीसीआई



मुम्बई (ईएमएस)। पिछले कुछ समय से एकदिवसीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के करियर को लेकर कई सवाल उठे हैं। जिसमें एक ये भी है कि क्या ये दोनो 2027 विश्व कप खेल पायेंगे ? वहीं इस मामले में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक कोई संकेत नहीं दिये हैं। एकदिवसीय विश्वकप को अभी दो साल हैं ऐसे में बीसीसीआई का ध्यान अभी अगले साल होने वाले टी20 विश्वकप पर है। माना जा रहा है कि बीसीसीआई विराट और रोहित के एकदिवसीय करियर को लेकर अभी कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता है। ये दोनो ने ही टी20 और टेस्ट क्रिकेट को से संन्यास ले लिया है और अभी ये दोनो एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलते हैं। विराट और रोहित की मैदान पर वापसी इसी माह बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज होनी थी पर इस दौरे को ही रद्द कर दिया गया जिससे मैदान पर उतरकर खेलने का इनका इंतजार बढ़ गया है। भारतीय टीम को अब अपनी अगली एकदिवसीय सीरीज 19 से 25 अक्टूबर के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी के मैदान पर खेलनी है। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद दोनों ही एक दिवसीय क्रिकेट खेलते या नहीं। बीसीसीआई के कुछ सदस्यों का ये भी मानना है कि ऑस्ट्रेलिया सीरीज की तैयारी के लिए दोनों खिलाड़ी पहले इंडिया-ए के लिए कुछ मैच खेलें। इंडिया ए को ऑस्ट्रेलिया-ए टीम से खेलना है। ऑस्ट्रेलिया-ए टीम भारत दौरे पर तीन लिस्ट-ए मैच खेलेगी। ये मुकाबले 30 सितंबर, 3 और 5 अक्टूबर को कानपुर में खेले जाएंगे। विराट और रोहित का एकदिवसीय में जबरदस्त रिकार्ड रहा है।

इसके बाद भी उम्र इनके खिलाफ जा रही है। 2027 विश्वकप तक रोहित की उम्र 40 के करीब जबकि विराट की 39 के पास होगी। ऐसे में इन्हें अवसर अवसर मिलना बेहद कठिन हैं। ये भी कहा जा रहा है कि ये दोनो स्वयं बोर्ड को अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में बतायेंगे। अभी टीम का ध्यान फरवरी-मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप और उससे पहले की तैयारियों पर है। विराट ने हाल ही में लंदन में अभ्यास शुरु कर दिया है। उन्होंने इससे जुड़ी अपनी तस्वीरें भी सोशल मीडिया में जारी की हैं। वहीं रोहित भी कुछ ही समय में अभ्यास करने जा रहे हैं। वहीं इससे पहले एक रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि बीसीसीआई 25 अक्टूबर को सिडनी में दोनों को विदायी मैच देने पर विचार कर रहा है पर बोर्ड ने ऐसी किसी बातचीत से माना किया है।



लंदन में क्रिस्टल पैलेस व लीवरपूल के बीच मैच में जीत के बाद ट्रॉफी उठाये हुए क्रिस्टल के मार्क गुही व अन्य खिलाड़ी।

## जश्ने आजादी को लेकर रांची में उत्साह का माहौल,तिरंगे से पटी राजधानी

रांची(ईएमएस)।स्वतंत्रता दिवस को लेकर राजधानी रांची में उत्साह का माहौल है।इस दिन हजारों देश प्रेमी तिरंगा झंडे को सलामी देंगे। देश के सैनिक, पुलिस, एनसीसी समेत अन्य संस्थानों के युवा एक साथ परेड करेंगे।राष्ट्र से जुड़े कला संस्कृति को दिखाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए भव्य स्टेज बनाया जा रहा है।इसके अलावा भव्य पंडाल भी बनाया जा रहा है।जहां हजारों लोग एक मंच पर बैठेंगे।रांची शहर इस समय तिरंगे की तीन रंगों में रंगा नजर आ रहा है।शहीद चौक, अपर बाजार, मेन रोड समेत हर चौक-चौराहे पर केसरिया, सफेद और हरे रंग से सजे झंडे दुकानों में लहरा रहे हैं। तिरंगे के साथ बच्चों के लिए चुड़ियां, बैज, टोपी, कुर्ती समेत कई देशभक्ति से जुड़े सामान भी खूब बिक रहे हैं। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर दुकानों में तिरंगा झंडा साइज के हिसाब से दाम लिया जा रहा है। कम से कम 10 रूपया। वही सबसे अधिक 6 फीट लंबाई और 4 फीट चौड़ाई वाली तिरंगा 1100 रूपये में मिल रहा है। इसके अलावा बैच 10-30, टोपी 50-120, हेयरबैंड 30, स्टीकर 10, दुपट्टा 30 रूपया में मिल रहा है। दो साल से लेकर 8 साल तक के बच्चियों के लिए पहली बार फ्रॉक बाजार में उतारी गई है।

## शिबू सोरेन को भीम आर्मी प्रमुख की श्रद्धांजलि

### चंद्रशेखर आजाद ने गुरुजी के योगदान को याद किया



रामगढ़(ईएमएस)।भीम आर्मी के प्रमुख और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके पैतृक गांव नेमरा में मुलाकात की और दिशोम गुरू शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी।इस दौरान उन्होंने शिबू सोरेन की राजनीतिक विरासत और उनके योगदान को याद किया।उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन ने राजनीति को कभी सत्ता का साधन नहीं माना, बल्कि अपने लोगों के हक और अधिकारों की लड़ाई का हथियार बनाया। उन्होंने हमेशा झारखंड के लोगों के लिए आवाज उठाई और उनके अधिकारों की रक्षा की।चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि शिबू सोरेन ने झारखंड के लोगों की पहचान को हमेशा महत्व दिया। उन्होंने कहा था कि जमीन, जंगल और जल हमारी पहचान है, इसे छीनने वालों से कोई समझौता नहीं होगा।यह सोच उन्हें दिशोम गुरु बनाती है और उन्हें हमेशा एक जननायक के रूप में याद रखा जाएगा। शिबू सोरेन की विरासत हर न्यायप्रिय इंसान को संघर्ष के लिए प्रेरित करती रहेगी और हाशिये पर खड़े लोगों के लिए आवाज बनी रहेगी।

## कृषि मंत्री ने मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी की गिरफ्तारी की निंदा की

रांची(ईएमएस)।कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित इंडिया गठबंधन के सांसदों और वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी पर कड़े शब्दों में निंदा की है।मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा पिछले दिनों चुनाव आयोग से पूछे गए सवाल का अब तक जवाब नहीं मिल पाया है।राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की हेराफेरी को देश की जनता के समक्ष रखा है।वोटर लिस्ट में मृत लोगों का नाम, जीवित लोगों को मृत की सूची में डालना,एक ही पता पर सौ से दो सौ लोगों का नाम,एक ही वोटर कार्ड पर एक से अधिक राज्यों के वोटर लिस्ट में नाम होना काफी चौंकाने वाले तथ्य है।बावजूद इसके चुनाव आयोग के पास कोई जवाब नहीं है।ऐसे में कई तरह के सवाल उठ रहे है और देश की जनता चुनाव आयोग से हकीकत जानना चाहती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर एक वोटर को एक वोट का अधिकार है। अगर इसमें हेराफेरी हुई है या नहीं भी हुई है तो चुनाव आयोग को आगे आ कर अपना पक्ष रखना चाहिए।मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि क्या 2024 में चुनी गई केंद्र सरकार सही तरीके से चुनी गई सरकार है या धोखा और हेराफेरी से चुनी हुई सरकार है।चुनाव आयोग को जल्द से जल्द इन तमाम विषयों पर अपनी बात देश की जनता के समक्ष रखना चाहिए।

## यूको बैंक के पास स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम पिछले 11 दिनों से बंद पड़ा है

### एटीएम ठप होने से ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है




लोयाबाद। लोयाबाद यूको बैंक के पास स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम पिछले 11 दिनों से बंद पड़ा है।इस बार मशीन के इन्वर्टर में खराबी आई है,जिसके पाट्र्स बदलने की जरूरत है।बैंक अधिकारियों के अनुसार,आवश्यक पाट्र्स बाहर से मंगाए जा रहे हैं, जिसके बाद ही एटीएम चालू हो पाएगा।आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक,यहां रोजाना करीब दस लाख रुपये का ट्रांजेक्शन होता है,जिससे न केवल ग्राहक प्रभावित हैं,बल्कि बैंक को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है।ज्ञात हो कि लोयाबाद में एसबीआई के कुल तीन एटीएम हैं,एक बैंक परिसर में,दूसरा मदनाडीह मोड़ पर और तीसरा यूको बैंक के पास। इनमें से यूको बैंक वाला एटीएम सबसे ज्यादा ट्रांजेक्शन वाला है।गौरतलब है कि 15 जुलाई को जेवीएनएल की बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण यह एटीएम सात दिनों तक बंद रहा था।उस दौरान सुरक्षा कारणों से मुंबई से एटीएम का लिंक भी काट दिया गया था।

## जादूगोड़ा में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय, तैयारी शुरू



पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।जादूगोड़ा में दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू हो गई है। वीर ग्राम में सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक ग्राम प्रधान डॉ सुंदरलाल दास की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हर साल की तरह इस बार भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। आयोजन को सफल बनाने के लिए फनीभूषण दास को पूजा कमेटी का सचिव बनाया गया। डॉ सुंदरलाल दास ने कहा कि इस बार दुर्गोत्सव के मुख्य अतिथि जेवियर पब्लिक स्कूल के निदेशक सुनील सिंह होंगे।यहां दुर्गोत्सव की शुरुआत 2017 में की गई थी।तब से हर साल पूरे विधि-विधान व धूमधाम से पूजा हो रही है। बैठक में बादल दास, संतोष दास, प्रणव भकत, मनोज रजक, नरोत्तम महतो, लखी दास, मानिक दास, अशोक दास, गोपी दास, आकाश दास, शंकर भकत, रमेश पांडा, राजू दास, पद्योलोचन दास, विकास दास समेत वीरग्राम, बिरधा, डोरकासाई, भालुकडीह व नारायणपुर के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पिकअप के धक्के से 4 साल के बच्चे की मौत, विरोध में सड़क जाम

लातेहार(ईएमएस)।लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र से हृदय विदारक घटना सामने आई है। लाधुप गांव में तेज रफ्तार पीकअप वैन ने एक चार साल के मासूम बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया।बच्चे की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। मृत बच्चे की पहचान नायाब राय के रूप में की गयी है। वह यूनस राय का बेटा था।घटना के बाद चालक पिकअप वाहन लेकर फरार हो गया।वह पुलिस के डर से बिजुपाड़ा के पास वाहन खड़ा कर फरार हो गया। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने बच्चे के परिजनों के साथ रांची-मेदिनीनगर राष्ट्रीय उच्च पथ-39 को जाम कर दिया।जाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।सूचना मिलने पर चंदवा बीडीओ व थाना प्रभारी रंधीर कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।बीडीओ ने पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा व अन्य सुविधायें देने की बात कही।इसके बाद जाम हटा लिया गया। पुलिस ने शव को पोस्मार्टम के लिए सदर अस्पताल, लातेहार भेज दिया है।

## पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने मंडल अध्यक्षों को बांटा तिरंगा

बोकारो(ईएमएस)।बोकारो जिला भाजपा स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए हर घर तिरंगा अभियान व तिरंगा यात्रा में जुटी है। पूर्व विधायक बिरंची नारायण के सेक्टर वन स्थित आवासीय कार्यालय में तिरंगा झंडा का वितरण किया गया।बिरंची नारायण ने बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्षों के बीच तिरंगा झंडा बांटा। उन्होंने कहा कि भारतीय तिरंगा गर्व, साहस व बलिदान का प्रतीक है।उन्होंने बताया कि भाजपा की सभी मंडल समितियां अपने-अपने क्षेत्र में तिरंगा यात्रा का आयोजन कर लोगों से अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाने का आग्रह करेंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय ने सभी मंडल अध्यक्षों व प्रकोष्ठों के संयोजक को तिरंगा अभियान में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना है। मौके पर कमलेश राय, धनंजय चौबे, अनिल सिंह, ऋषभ राय, द्वारिकानाथ सिंह मुन्ना, संदीप सिंह, गोलू उपाध्याय, धीरज झा, इंद्रकुमार झा, हरिपद गोप, हरिश्चंद्र सिंह, विक्की राय आदि मौजूद थे।

## दो अलग अलग दुर्घटनाओं में चार लोग घायल, एक की हालत गंभीर

खूंटी(ईएमएस)।मुरहू सीएचसी से ड्यूटी कर लौट लौटने के क्रम में खूंटी के नामकोम सड़क मार्ग पर नशे में धुत बाइक सवार ने जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना में गनालोया निवासी नंदलाल गंझू अपनी पत्नी रिंकी कुमारी और दो बच्चों के साथ अपने घर वापस जा रहे थे। नशे की हालत में बाइक सवार ने स्कूटी सवार नंदलाल और रिंकी कुमारी को टक्कर मारी। जिससे स्कूटी सवार रिंकी कुमारी और बच्चे समेत तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को खूंटी सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल में सभी घायलों का इलाज चल रहा है। वहीं एक दूसरी घटना में हुलहुडु सिलादोन निवासी 21 वर्षीय युवक अंकित रूणडा ( पिता बर्नाबास रूणडा) दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अज्ञात लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।ायलों की जानकारी होने पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि लगातार नशे के कारण युवा वर्ग तेज रफ्तार में बाइक चलाते हैं और दुर्घटना में राहगीरों की जान तक ले लेते हैं। पुलिस प्रशासन को नशे के विरुद्ध कड़ाई से अभियान चलाना चाहिए।

## डीसी में स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

### दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

रांची(ईएमएस)।डीसी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सोमवार की शाम स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर मोरहाबादी मैदान में चल रही तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मैदान में किए जा रहे सभी व्यवस्थात्मक कार्यों का जायज़ा लिया और उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मुख्य मंच, परेड ग्राउंड, अतिथि दीर्घा, आम जनता के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सजावट, सुरक्षा प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, चिकित्सीय सुविधा एवं आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्य समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि स्वतंत्रता दिवस समारोह सुचारु रुप से संपन्न हो सके।सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कार्यक्रम स्थल के भीतर और बाहर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने यातायात पुलिस को कार्यक्रम दिवस पर विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार कर भीड़ प्रबंधन करने तथा पार्किंग स्थलों को स्पष्ट चिन्हित करने के निर्देश दिए।उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा नगर निगम के संबंधित पदाधिकारी को मैदान और आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाने, कचरा निस्तारण, पेयजल टैंकर, मोबाइल शौचालय एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा गया। उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल में एम्बुलेंस एवं चिकित्सकों की टीम तैनात रखने के निर्देश दिये। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर अन्य गतिविधियों की तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।इस दौरान उपविकास आयुक्त, रांची श्री सौरभ कुमार भुवनिया, अपर जिला दण्डाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वरनाथ आलोक, अनुमण्डल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार भगत, पुलिस अधीक्षक नगर अजीत कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय एवं अन्य संबंधित पुलिस-प्रशासनिक

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने दिशोम गुरु को दी श्रद्धांजलि

रांची(ईएमएस)।झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नेतृत्व में मारवाड़ी सहायक समिति, अग्रवाल सभा और रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल नेमरा पहुंचा, जहां स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।सभी सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर एक मिनट का मौन रखा।इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और दिवंगत शिबू सोरेन के प्रति संवेदनाएं प्रकट की। श्रद्धांजलि देने वालों में सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, रांची जिला सम्मेलन अध्यक्ष सज्जन पड़िया, महामंत्री निर्मल बुधिया, कोषाध्यक्ष कमलेश संचेती, अग्रवाल सभा सचिव अनिल अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष पवन पोद्दार, संयुक्त महामंत्री अनिल अग्रवाल, निर्भय शंकर हरित, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष ताराचंद जैन समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे। प्रतिनिधियों ने गुरुजी के योगदान को अमूल्य बताते हुए उन्हें सच्चा जननायक कहा।

## बैडमिंटन कोच यशराज ने लगाया मानसिक उत्पीड़न व वेतन में कटौती का आरोप

देवघर(ईएमएस)।देवघर के बैडमिंटन कोच यशराज गुप्ता ने जिला खेल प्राधिकरण व बैडमिंटन अकादमी पर मानसिक उत्पीड़न, वेतन में कटौती व वित्तीय अनियमितता के गंभीर आरोप लगाए हैं।उन्होंने देवघर डीसी को आवेदन देकर मामले की जानकारी देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में उन्होंने कहा कि वह पिछले चार वर्षों से देवघर के खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं, लेकिन बीते कुछ वर्षों से उनके साथ लगातार अन्याय हो रहा है। मानसिक रूप प्रताड़ित भी किया जा रहा है। पिछले फरवरी में बिना लिखित सूचना के उन्हें अकादमी में कार्य करने से मना कर दिया गया। कोच का आरोप है कि बैडमिंटन के कोषाध्यक्ष ने फोन पर अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि "हम तुम्हें नहीं रखेंगे, हटाकर अच्छा कोच लाएंगे।

कोच यशराज गुप्ता ने कहा कि उनका मासिक वेतन 15,000 से घटाकर 13,000 रुपए कर दिया गया। जबकि खिलाड़ियों की फीस 1,000 से बढ़ाकर 1,350 रुपए प्रतिमाह कर दी गई है। इसका कारण पूछने पर स्पष्ट जवाब भी नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अकादमी में करीब 70 खिलाड़ी नियमित अभ्यास करते हैं, जिससे हर माह लगभग 94,500 रुपए की आय होती है।खर्च और वेतन देने के बाद भी 48,500 की राशि बचती है. लेकिन इसकी सही जानकारी खिलाड़ियों व कोच को नहीं दी जाती है।कोच का आरोप है कि कोषाध्यक्ष के देवघर में अनुपस्थित रहने के कारण वेतन भुगतान में हमेशा देरी होती है। अगस्त में 2 तारीख को वेतन मिलना था, लेकिन 6 तारीख तक भुगतान नहीं हुआ।बैडमिंटन के उपाध्यक्ष ने खिलाड़ियों को निर्देश दिया है कि वे कोच के पैर न छुएं।कोच ने इसे व्यक्तिगत व सामाजिक अपमान बताया। कोच का कहना है कि वह झामुमो खेल मोर्चा के उपाध्यक्ष भी हैं। उनके साथ किया जा रहा व्यवहार न केवल व्यक्तिगत बल्कि संस्थागत असम्मान है। उन्होंने डीसी नमन प्रियेश लकड़ा पूरे मामले की जांच कराने की मांग ही है।साथ ही अकादमी की वित्तीय स्थिति का ऑडिट करा की भी मांग की है।

## हटिया मजदूर यूनियन का ऐलान एक भी मांग नहीं होगी कम

रांची(ईएमएस)।हटिया मजदूर यूनियन के अध्यक्ष भवन सिंह ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि फरवरी 2010, 2006 और 2011 में जो समझौते हुए थे, वे पूरी तरह लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सिर्फ कागज पर समझौते लिखने से काम नहीं चलेगा, बल्कि आदेश जारी कर उन्हें लागू करना होगा।भवन सिंह का आरोप है कि एचईसी प्रबंधन मजदूरों की मांगें टालने की कोशिश कर रहा है, जबकि मजदूर लगातार आंदोलन कर रहे हैं और यूनियन उनके साथ खड़ी है। उनके मुताबिक, प्रबंधन ठेकेदारों और कुछ नेताओं की मिलीभगत से पुराने कर्मचारियों को हटाने और नए लोगों को लाने की योजना बना रहा है, जो गलत है।उन्होंने बताया कि यूनियन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है, हटाए गए या हटाने की योजना वाले कर्मचारियों की नौकरी बचाना और उनके हक की रक्षा करना।इसी कड़ी में यूनियन 25 के तहत किसी भी कर्मचारी की छंटनी का विरोध करेगी और इसे रोकने के लिए हर कदम उठाएगी।भवन सिंह ने कहा कि यूनियन के नेतृत्व में मजदूर अपनी मांगों को लेकर मजबूती से डटे रहेंगे।आने वाले दिनों में गेट पर धरना-प्रदर्शन और तेज होगा।उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और भी बड़ा होगा।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रबंधन मजदूरों को तोड़ने के लिए झूठी कहानियां फैला रहा है और नेताओं को खरीदने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने मजदूरों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं और एकजुट रहें।भवन सिंह ने साफ कहा कि हम मजदूरों के हक के लिए हर लड़ाई लड़ेंगे। चाहे सामने कोई भी हो, गलत करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। हमारी एक भी मांग कम नहीं होगी।

## तेलंगाना में भारी बारिश का अलर्ट, सीएम ने किया बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण

हैदराबाद,(ईएमएस)। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने तेलंगाना के कई जिलों में 17 अगस्त तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, 13 अगस्त से 17 अगस्त के बीच कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है, साथ ही बिजली गिरने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस बीच, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार रात हुई मूसलाधार बारिश से प्रभावित हैदराबाद के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को जल निकासी व्यवस्था में सुधार करने और भविष्य में जलभराव रोकने के निर्देश दिए। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) ने चेतावनी जारी करते हुए आगे भी शहर के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की बात कही है, जबकि कुछ क्षेत्रों में 30-50 मिलीमीटर तक वर्षा दर्ज हो सकती है। विगत रात हुई बारिश में अंबरपेट में 11 सेंटीमीटर और हिमायतनगर में 10 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। पिछले कुछ दिनों से राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगातार भारी बारिश हो रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

## यमुना और हिंडन नदी में बढ़ रहा पानी, 32 गांवों पर मंडरा रहा खतरा

### जिला प्रशासन कर रहा निगरानी, अतिक्रमण क्षेत्र के लागों को दी चेतावनी

गाजियाबाद,(ईएएमस)। यूपी के गाजियाबाद में यमुना और हिंडन नदी के किनारे बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने गाजियाबाद में दोनों नदी के किनारे के करीब 32 गांवों में निगरानी शुरू कर दी है। इसके साथ ही डूब क्षेत्र में बने अवैध निर्माण करने वालों को भी चेतावनी दी है। हिंडन नदी गाजियाबाद से होते हुए गौतमबुद्धनगर के बाद यमुना में मिलती है। वहीं, यमुना नदी लोनी क्षेत्र से होते हुए दिल्ली से प्रवेश करती है और गौतामबुद्धनगर के रास्ते मथुरा जाती है। गाजियाबाद में यमुना और हिंडन किनारे करीब 32 से ज्यादा गांव हैं। जब भी नदियों का जलस्तर बढ़ता है तो बाढ़ का खतरा पैदा हो जाता है। इन दिनों पहाड़ों पर भारी बारिश हो रही है। इस कारण यमुना का जल स्तर खतरे के निशान के पास पहुंच गया है। बता दें रविवार को यमुना के जल स्तर 209.00 मीटर था। हथनी कुंड से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण यहां अगले दो से तीन दिन में जलस्तर बढ़ने की उम्मीद है। ऐसे में इन नदियों को तटबंधों की निगरानी की जा रही है।वहीं दूसरी ओर हिंडन नदीं में जहां पिछले दिनों 660 क्यूसेक पानी था वह रविवार को 1900 तक पहुंच गया। इससे डूब क्षेत्र में खतरा है। पिछले दो साल पहले हिंडन में दो हजार क्यूसेक से ज्यादा पानी होने से बाढ़ आ गई थी। इससे कई इलाकों में पानी भर गया था। सिटी फोरेस्ट पूरी तरह से जलमग्न था। हिंडन में पानी बढ़ने से एक बार फिर बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है।इसके मद्देनजर सिंचाई विभाग ने डूब क्षेत्र में अतिक्रमण कर निर्माण करने वालों को चेतावनी दी है। विभाग ने कहा कि इन गांवों की सीमा से सटे डूब क्षेत्र में किसी भी तरह की गतिविधि या अतिक्रमण तत्काल हटा लिया जाए। वहीं, सिंचाई विभाग के अलर्ट के बाद प्रशासन ने भी चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में किसी भी तरह की जनधन की हानि होने पर संबंधित व्यक्ति खुद जिम्मेदार होगा।सिंचाई विभाग के अधिकारी ने बताया कि बरसात के दिनों में हिंडन नदी का पानी कई किलोमीटर तक आवासीय क्षेत्र में प्रवेश कर जाता है। इसे रोकने के लिए हिंडन नदी पर तटवर्ती बंध बनाए गए हैं। नदी के बाढ़ की एक सीमा भी तय की गई। जिसे डूब क्षेत्र कहा गया। इस क्षेत्र में किसी प्रकार का अतिक्रमण या फिर पक्का निर्माण मान्य नहीं है। इसे बावजूद धीरे-धीरे नदी के डूब क्षेत्र में अतिक्रमण होता चला गया।

## एक माह से लापता युवती का शव संदिग्ध हालत में मिला, परिजनों ने दिया धरना

### पुलिस पर लगाए लापरवाही के आरोप, आरोपी को गिरफ्तार करने व मुआवजे की मांग

कोटा,(ईएएमस)। राजस्थान के कोटा जिले के ग्राम पंचायत गोयंदा की कविता कंवर (19) एक महीने पहले लापता थी, जिसका शव रविवार सुबह बुरनखेड़ी गांव में संदिग्ध हालत में मिला। शव मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण उग्र हो गए और आरोपी की गिरफ्तारी, रेप-हत्या का मामला दर्ज करने, लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग को लेकर पुलिस चौकी के सामने घंटों तक धरने पर बैठे रहे। जानकारी के मुताबिक कविता कंवर की मां तंवर बाई ने बताया कि एक माह पहले रामगंजमंडी थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। एफआईआर दर्ज होने के अगले ही दिन उन्हें पता चला कि बुरनखेड़ी निवासी हीरालाल धाकड़ उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मां का आरोप है कि वह कई बार थाने जाकर बेटी को खोजने की गुहार लगाती रहीं, लेकिन पुलिस ने उनकी नहीं सुनी।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस जांच में सामने आया कि युवती आरोपी हीरालाल धाकड़ के साथ प्रेम प्रसंग के चलते भीलवाड़ा में रह रही थी। शनिवार रात उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपी शव को लेकर बुरनखेड़ी गांव आया और अपने घर के बाहर रखकर युवती के परिजनों को फोन कर मौत की सूचना दी, फिर फरार हो गया। सुबह करीब 6 बजे गोयंदा गांव के ग्रामीण और राजपूत करणी सेना के सदस्य बुरनखेड़ी पहुंचे, जहां बुरनखेड़ी निवासी आरोपी हीरालाल धाकड़ के घर पर शव मिला। मृतका के हाथ में इलाज के दौरान लगाया गया कैलूना भी लगा था। इसके बाद ग्रामीण शव को ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर खैराबाद पुलिस चौकी के सामने पहुंचकर जाम लगा दिया।

## फतेहपुर में बवाल, पूजा करने उमड़ी भीड़ बैरिकेडिंग तोड़ मकबरे में घुसी

फतेहपुर,(ईएमएस)। यूपी के फतेहपुर में मकबर को लेकर हंगामा हो गया। बीजेपी जिलाध्यक्ष के आह्वान पर सोमवार की सुबह वहां बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। लोग पुलिस के बैरीकेड तोड़कर मकबरे के अंदर प्रवेश कर गए। हिंदू समाज के लोगों ने मकबरे पर चढ़कर तोड़फोड़ शुरू कर दी। बाद में दूसरे पक्ष के लोग भी वहां आ गए। पुलिस इससे इनकार कर रही है। पुलिस ने हालात को देखते हुए लोगों को अलग-अलग किया। सूचना पर डीएम और एसपी भी तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षो को मौके से हटा दिया है। हालांकि अभी भी लोग वहां खड़े हैं। मौके पर शांति है। वहां भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। दोनों पक्षों के लोगों से डीएम-एसपी और प्रशासन के कई अन्य अधिकारी बात कर रहे हैं।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार सुबह मौके पर करीब भारी संख्या में हिन्दू संगठन के लोग मकबरे में घुस गए जिससे दूसरा पक्ष भी वहां आ गया और दोनों और से विवाद बढ़ गया जिसके बाद पुलिस दोनों पक्षों के बीच बातचीत से मामले का हल निकालने की कोशिश कर रही थी। भीड को कंट्रोल करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई। काफी देर तक समझाने के बाद लोग वहां से हटे, लेकिन घर वापस जाने की बजाए दूर जाकर खड़े हो गए।बीजेपी जिलाध्यक्ष ने सोमवार सुबह मकबरे में पहुंचकर लोगों से पूजा, आरती करने की अपील की थी।

## राष्ट्र-विरोधी ताकतों के दबाव में काम कर रहे राहुल गांधी : शिवराज सिंह चौहान

नई दिल्ली,(ईएमएस)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी राष्ट्र-विरोधी ताकतों के दबाव में काम कर रहे हैं और इंडिया ब्लॉक लोकतंत्र को बदनाम करने की पूरी कोशिश में जुटा हुआ है। सोशल मीडिया पोस्ट में केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि राहुल गांधी और इंडिया ब्लॉक संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं। उन्होंने लिखा, राहुल गांधी राष्ट्र-विरोधी ताकतों के दबाव में हैं। राहुल गांधी और पूरा इंडिया ब्लॉक लोकतंत्र को बदनाम कर रहे हैं, उसकी धज्जियां उड़ा रहे हैं और संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं।

कृषि मंत्री चौहान ने राहुल गांधी के पुराने आरोपों का हवाला देकर कहा कि पहले उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाए, फिर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद चुप हो गए, और अब बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर अराजकता फैलाने और बार-बार झूठ बोलने का आरोप लगाया। चौहान ने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट और कैग जैसी संस्थाओं को बदनाम किया है, और यहां तक कि सेना के पराक्रम पर भी सवाल उठाए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष की चुनावी जीत पर सवाल उठाकर कहा, मैं राहुल और इंडिया गठबंधन के नेताओं से पूछना चाहता हूंः क्या कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस मतदाता सूची में अनियमितताओं के कारण जीती? क्या तेलंगाना, तमिलनाडु और झारखंड में चुनाव आयोग की गलतियों के कारण सरकारें बनीं? क्या राहुल, प्रियंका और अखिलेश यादव भी मतदाता सूची में अनियमितताओं के कारण चुनाव जीते?

चौहान की यह टिप्पणी बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदाता धोखाधड़ी के आरोपों के खिलाफ इंडिया ब्लॉक के विरोध मार्च के बीच आई है। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और इंडिया ब्लॉक के कई अन्य सांसदों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। हिरासत में लिए गए सांसदों को संसद मार्ग पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

# बीसीसीएल और सीपेट रायपुर के बीच युवाओं के कौशल विकास हेतु समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर





धनबाद। कंपनी की सीएसआर पहल के अंतर्गत 120 परियोजना प्रभावित अभ्यर्थियों को मिलेगा तकनीकी प्रशिक्षण। प्रतिष्ठित पेट्रोकेमिकल संस्थानों में मिलेंगें रोजगार के अवसर। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीपेट), रायपुर के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर संपन्न हुआ, जिसके तहत बीसीसीएल के परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के 120 अभ्यर्थियों को बीसीसीएल सीएसआर पहल के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। चार माह की अवधि के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अभ्यर्थियों को मशीन ऑपरेटर- प्लास्टिक प्रोसेसिंग, इंजेक्शन मोल्डिंग, ब्लो मोल्डिंग, प्लास्टिक एक्सट्रूज़न, टूल रूम तथा मशीन ऑपरेटर एवं प्रोग्रामर– सीएनसी मिलिंग एवं सीएनसी लेथ जैसे विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षित किया जायेगा। कोयला भवन मुख्यालय में आयोजित एमओयू हस्ताक्षर समारोह में बीसीसीएल की ओर से निदेशक (मानव संसाधन) श्री मुरली कृष्ण रमैया के अतिरिक्त महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री कुमार मनोज तथा सीएसआर टीम उपस्थित रहीं, जबकि सीपेट रायपुर की ओर से प्रबंधक (तकनीकी) श्री रविंद्र रेड्डी एवं सहायक तकनीकी अधिकारी श्री एस. पृथ्वीराज ने भाग लिया। अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) श्री मुरली कृष्ण रमैया ने कहा कि किसी भी संगठन की सफलता केवल उसके मूल कार्यों एवं निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में नहीं बल्कि उसके सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में निहित होती है, और आज का यह समझौता ज्ञापन हमारे इसी संकल्प का एक उदाहरण है। परियोजना का उद्देश्य चयनित अभ्यर्थियों को केवल तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना नहीं, बल्कि कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाना है, जो उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर के साथ उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव ला सकें। बीसीसीएल खनन गतिविधियों के साथ अपने सीएसआर प्रयासों के तहत स्थानीय नागरिकों एवं युवाओं के जीवन स्तर बेहतर करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। उल्लेखनीय है कि लगभग 82.04 लाख की अनुमानित लागत से क्रियान्वित इस परियोजना के लिए बीसीसीएल और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीपेट) रायपुर की संयुक्त टीम ने प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर संभावित उम्मीदवारों से सीधा संवाद किया, जिसके परिणामस्वरूप निर्धारित मानकों और मौजूदा एसओपी के अनुसार 120 युवाओं का चयन किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्रतिभागियों को प्रतिष्ठित पेट्रोकेमिकल संस्थानों में प्लेसमेंट सहायता भी प्रदान की जाएगी, जिससे ग्रामीण युवाओं को रोजगार के नए अवसर और वंचित परिवारों के लिए सतत आजीविका का मार्ग प्रशस्त होगा।

## पहला कदम में विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन



धनबाद । जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों के विशेष स्कूल पहला कदम में विज्ञान प्रयोगशाला का भव्य उद्घाटन किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के रजिस्ट्रार श्री प्रबोध पांडेय एवं समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के प्रोग्राम मैनेजर श्री लोकेश कुमार आर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को तिलक लगा कर। दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत से हुई। अतिथियों ने रिबन काटकर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया तथा बच्चों के साथ संवाद किया। उन्होंने प्रयोगशाला में उपलब्ध माइक्रोस्कोप, मॉडल्स, और अन्य वैज्ञानिक उपकरणों का अवलोकन किया। मुख्य अतिथि प्रबोध पांडेय ने कहा कि विज्ञान शिक्षा बच्चों में जिज्ञासा और नवाचार की भावना को बढ़ाती है और इस प्रयोगशाला से दिव्यांग बच्चों को भी वैज्ञानिक प्रयोग और सीखने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने स्कूल की सचिव अनीता अग्रवाल को इस पहल की सराहना की और आगे भी ऐसे प्रयास जारी रखने का आग्रह किया। इस अवसर पर पहला कदम स्कूल की सचिव अनिता अग्रवाल ने कहा कि "हमारा प्रयास है कि दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा के सभी आधुनिक संसाधन उपलब्ध हों, ताकि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे न रहें। विज्ञान प्रयोगशाला बच्चों में खोज, समझ और आत्मविश्वास को बढ़ाने का माध्यम बनेगी।" बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक विज्ञान से जुड़े छोटे-छोटे प्रयोग प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर अतिथियों ने उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## बांसजोड़ा 12 नंबर में पिछले 15 दिनों से निगम की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप



### पानी की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीणों ने निगम के खिलाफ नारेबाजी कर नाराजगी जाहिर की,

लोयाबाद।बांसजोड़ा 12 नंबर में पिछले 15 दिनों से निगम की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप है। सोमवार को पानी की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीणों ने निगम के खिलाफ नारेबाजी कर नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन की अगुवाई गुड्डू मिश्रा ने की।सूचना पर निगम के दो कर्मी जांच के लिए मौके पर पहुंचे,जिनके साथ निवर्तमान पार्षद महावीर पासी भी मौजूद थे।ग्रामीणों ने बताया कि करीब 20 दिन पहले पीसीसी सड़क के बीच गोफ बनने के बाद बीसीसीएल प्रबंधन ने वहां भराई कराई थी।इस दौरान जलापूर्ति पाइप क्षतिग्रस्त हो गया,जिसके बाद करीब 60 घरों में पानी की आपूर्ति बंद हो गई।ग्रामीणों ने मांग की कि जल्द मरम्मत कर पानी की आपूर्ति बहाल की जाए।निगम कर्मियों के अनुसार,भूधसान स्थल से पाइप हटाना पड़ेगा और इसके लिए नए पाइप की आवश्यकता है।वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई है।पाइप और आदेश मिलते ही मरम्मत कार्य शुरू होगा।प्रदर्शन में निवर्तमान पार्षद महावीर पासी, गुड्डू मिश्रा,हाकीम खान,मनोज सिंह, वीरेन्द्र साव, नरेश साव, रवि विश्वकर्मा, मोनू खान, रोजर शेख, पिकलू पासवान, दयाशंकर पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## धनबाद विधायक राज सिन्हा ने धनबाद शहर के महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई की





धनबाद, झारखंड - भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर के अंतर्गत आज बरटांड मंडल मे मौजूद शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई का एक विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी के साथ आयोजित किया गया था। इस अभियान का उद्देश्य महापुरुषों के प्रति सम्मान व्यक्त करना और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना है। सफाई अभियान के दौरान, सिटी सेंटर चौक स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा, धनबाद स्टेशन चौक स्थित बिनोद बिहारी महतो जी की आदमकद प्रतिमा, बेकारबाँध स्थित अमर शहीद श्रधेय चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा, एवम सिटी सेंटर चौक स्थित श्रधेय डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, डी आर एम चौक स्थित बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर, भारत रत्न गुदड़ी के लाल श्रधेय लाल बहादुर शास्त्री और अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं को श्री सिन्हा ने स्वयं पानी से धोकर साफ सफाई की.साथ ही प्रतिमा स्थल की भी सफाई की गई. साफ सफाई करने के बाद फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की.पार्टी कार्यकर्ताओं स्वयंसेवकों ने प्रतिमाओं के धूल, गंदगी को साफ किया। इसके अलावा, प्रतिमाओं के आसपास के क्षेत्र को भी साफ किया गया। इस अवसर पर झारखंड के सचेतक सह विधायक राज सिन्हा ने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाएं हमारी गौरवशाली विरासत का प्रतीक हैं। इन प्रतिमाओं को साफ-सुथरा रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें और महापुरुषों के प्रति सम्मान व्यक्त करें। यह सफाई अभियान धनबाद शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान से न केवल महापुरुषों के प्रति सम्मान व्यक्त हुआ है, बल्कि शहरवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। आज कार्यक्रम मे निवर्तमान वार्ड पार्षद अशोक पाल, सदर मंडल अध्यक्ष राजाराम दत्ता, किशोर मंडल, महामंत्री मनोज रिंकू, रितेश बहादुर सिंह,हुल्लास दास, मनोज सिंह, अमित सिंह, प्रमोद अग्रवाल, आदि उपस्थित थे ।

## बिजली के तार पर से हटायी पेड़ की डाली



धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन के निर्देश पर भूली के आजाद नगर की गफ्फार कॉलोनी में बिजली के तार पर लटकी एक पेड़ की सुखी डाली को आज हटा दिया गया। इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि आजाद नगर की गफ्फार कॉलोनी में बिजली के तार पर एक पेड़ की डाली लटकी है। पेड़ की डाल सुख चुकी थी और बिजली के तार के सहारे टिकी हुई थी। इससे कभी हादसा होने की संभावना थी। उपायुक्त ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) को तत्काल बिजली के तार पर लटकी पेड़ की सुखी डाली हटाने का निर्देश दिया। जिसके बाद जेबीवीएनएल ने उक्त स्थान पर अपनी टीम भेजकर बिजली के तार पर से पेड़ की सुखी डाली हटाई।

## कनकनी कोलियरी के गोदाम में अपराधियों ने बीती रात फिर किया सेंधमारी

### अज्ञात अपराधी वाहन लेकर पहुंचे और गोदाम से भारी मात्रा में लोहा एवं कीमती पार्ट-पुर्जे चोरी कर ले गए



लोयाबाद।कनकनी कोलियरी के गोदाम में अज्ञात अपराधीयो ने बीती रात एक बार फिर सेंधमारी किया।अज्ञात अपराधी वाहन लेकर पहुंचे और गोदाम से भारी मात्रा में लोहा एवं कीमती पार्ट-पुर्जे चोरी कर ले गए।सूचना मिलते ही सिजुआ क्षेत्रीय सीआईएसएफ की क्यूआरटी टीम मौके पर पहुंची,लेकिन तब तक अपराधी भाग चुके थे।मौके से एक भारी लोहे का गाटर छोड़ गए,जिसे देखकर सोमवार सुबह आसपास के लोग हैरत में थे।बाद में प्रबंधन ने गाटर को फिर से गोदाम में रखवा दिया और सेंधमारी स्थल की मरम्मत शुरू कर दी।सूत्रों के अनुसार, 4 अगस्त की रात भी गोदाम में सेंधमारी की कोशिश हुई थी,लेकिन प्रबंधन द्वारा दीवार के भीतर लोहे की प्लेट लगाकर उसे सुरक्षित कर दिया गया था।उस समय अपराधी असफल लौट गए थे।हालांकि, महज छह दिन बाद वे पूरी तैयारी के साथ लौटे और वारदात को अंजाम दे दिया।वही परियोजना पदाधिकारी गोपाल जी ने बताया कि चोरी गए सामान का मिलान किया जा रहा है, जिसके बाद लोयाबाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी।कर्मी सूत्रों के मुताबिक,गोदाम में पहले भी कई बार अपराधियों ने धावा बोला है।गोदाम में रखे लोहे और पार्ट-पुर्जों का कोई पुख्ता लेखा-जोखा नहीं होने से चोरी की सही मात्रा का अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता है।यही कारण है कि कई बार एफआईआर भी दर्ज नहीं हो पाती।

## हाइवा ने बीसीसीएल कर्मी को मारा जोरदार टक्कर, घटनास्थल पर ही हुई मौत

### घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने नियोजन की मांग को लेकर किया कतरास–केंदुआ मार्ग जाम,

### मृतक बीसीसीएल कर्मी थे,ऐसे में परिवार को नियोजन मिलेगा,सड़क जाम करने का औचित्य नहीं



लोयाबाद। लोयाबाद के एकड़ा चालीस धौड़ा के पास सोमवार शाम अनियंत्रित हाइवा संखया JH10CT/9400 ने बीसीसीएल मे इलेक्ट्रिकल विभाग में कार्यरत कर्मी खीरु महतो गड़ेरिया निवासी को रौंद दिया।टक्कर इतनी भीषण थी कि उनका सर पूरी तरह कुचल गया और सड़क पर खून फैल गया।इस मंजर देख मौके पर मौजूद लोग सहम गए।जानकारी के अनुसार,खीरु महतो अपनी बाइक से केंदुआ की ओर दवा लेने जा रहे थे।चश्मदीदों का कहना है कि हाइवा और बाइक दोनों लोयाबाद से केंदुआ की ओर जा रहे थे,तभी ओवरटेक के दौरान हादसा हो गया। मृतक मुनीडीह में ड्यूटी करते थे,और उनके परिवार में पत्नी व दो बेटा है।घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने कतरास–केंदुआ मार्ग जाम कर दिया।उनका आरोप था कि इस मार्ग पर हाइवा चालक बेकाबू रफ्तार से चलते हैं,भीड़भाड़ वाले इलाके में भी गति नहीं घटाते।करीब एक घंटे के बाद थाना प्रभारी पिकू प्रसाद के समझाने पर जाम हटाया गया।उन्होंने कहा कि मृतक बीसीसीएल कर्मी थे,ऐसे में परिवार को नियोजन मिलेगा,सड़क जाम करने का औचित्य नहीं है।लोयाबाद पुलिस शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन को शिव मंदिर के पास छोड़कर फरार हो गया।

## ऑटो रिक्शा चालकों को प्रदान किया परमिट





धनबाद । उप परिवहन आयुक्त सह सचिव, उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग श्री विजय कुमार की उपस्थिति में आज परिवहन कार्यालय में ऑटो रिक्शा परमिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑटो रिक्शा परमिट के लिए कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए। जिसका परमिट निर्गत कर उनको हाथों-हाथ परमिट उपलब्ध कराया गया। वहीं प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार हजारीबाग तथा मोटर यान निरीक्षक ने सभी ऑटो रिक्शा स्वामियों को जल्द से जल्द अपने वाहन का परमिट निर्गत कराकर ही वाहन के परिचालन करने की अपील की। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि कैंप का मुख्य उद्देश्य ऑटो रिक्शा वाहनों को जिले से परमिट बनवाने में होने वाली कठिनाईयों को दूर करते हुये उन्हें अपने गृह जिले से ही परमिट प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। परमिट की अनुपलब्धता या बिना परमिट के वाहन के परिचालन पर मोटरवाहन अधिनियम की सुसंगत धारान्तर्गत अधिरोपित अर्थदण्ड की राशि 10 हज़ार रुपए एवं अधिक हो सकती है। इस अवसर पर वाहन चालकों को ऑनलाइन परमिट प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

## मंगलवार को सदर अस्पताल के मेडिसिन में रहेंगे डॉ मासूम आलम

धनबाद । उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन के निर्देश पर मंगलवार को सदर अस्पताल के मेडिसिन में डॉ मासूम आलम तथा डॉ शीला रहेंगे। वहीं हड्डी रोग में डॉ हरेंद्र कुमार, सर्जरी में डॉ प्रभात कुमार, नेत्र में डॉ गोलु पिनाज, दंत रोग में डॉ सुनिता सिन्हा, शिशु रोग विभाग में डॉ उमेन्द्र, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में डॉ रुमा प्रसाद उपस्थित रहेंगे। वहीं गायनी इमर्जेंसी में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ संध्या तिवारी, दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक डॉ सुमन तथा रात 8 बजे से बुधवार सुबह 8 बजे तक डॉ अंजना कुमारी रहेंगे। जेनरल इमर्जेंसी में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक डॉ निलम बाला, दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक डॉ ईपिल टोपनो तथा रात 9 बजे से बुधवार सुबह 9 बजे तक डॉ मंगेश रहेंगे।

## ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई ने किया आठवां जिला सम्मेलन का आयोजन



धनबाद ।11 अगस्त को ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा ज्ञान विज्ञान समिति धनबाद का 8 वीं जिला सम्मेलन में शहीद खुदीराम बोस के 117 वीं शहादत दिवस , देशोम गुरु पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन जी का श्रद्धांजलि व पश्चिम बंग विज्ञान मंच द्वारा वैज्ञानिक जागरूकता का कार्यक्रम अध्यक्ष मंडली के राष्ट्रीय कार्यकारिणी रवि सिंह , शर्मिष्ठा सरकार , बालेश्वर बाउरी व रानी मिश्रा के अध्यक्षता में की गई तथा संचालन भोला नाथ राम द्वारा किया गया । इस अवसर पर शहीद खुदी राम बोस व पूर्व मुख्यमंत्रीय शिबू सोरेन जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई । जिला कार्यकारिणी बालेश्वर बाउरी द्वारा उपस्थित अतिथियों को स्वागत करते हुए कहा कि ज्ञान विज्ञान समिति साक्षरता का जन्म दाता रहा वहां से ही समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य आदि में सहयोग रहा । डॉ. काशी नाथ चटर्जी द्वारा आठवां जिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज मुझे बहुत खुशी हो रही है कि हम ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद का आठवां जिला सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे इस अवसर पर हम आज के दिन शहीद खुदीराम बोस को भी याद करते हैं , शहीद खुदी राम बोस भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के एक स्तंभ है। उनके बारे में हमें आज के सम्मेलन में बात करना बहुत जरूरी है क्योंकि आज उनका शहादत दिवस है।शहीद खुदीराम बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे युवा क्रांतिकारी थे जिन्होंने बहुत कम उम्र में देश की आज़ादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।इनका जन्मः 3 दिसंबर 1889, हबीबपुर गाँव, मिदनापुर जिला (वर्तमान पश्चिम बंगाल),इनको प्रेरणाः बाल गंगाधर तिलक और बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के "आनंदमठ" उपन्यास से प्रभावित होकर कम उम्र में ही स्वतंत्रता आंदोलन में जुड़ गए ।शहादतः 11 अगस्त 1908 को केवल 18 वर्ष 8 महीने की उम्र में उन्हें फाँसी दी गई। महत्त्वः वे भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के सबसे कम उम्र के क्रांतिकारियों में गिने जाते हैं और युवाओं के लिए साहस, देशभक्ति और बलिदान का प्रतीक बने।

साथ साथ हम झारखंड आंदोलन के प्रणेता रूपकर जल जंगल जमीन के आंदोलन करने वाला झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन जी को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके अथक संघर्ष प्रयास और त्याग से ही झारखंड राज्य बना है , आज वह हमारे बीच नहीं है लेकिन हमें उनके आदर्शों को लेकर समाज में जन - जागरण अभियान चलाना होगा। ज्ञान विज्ञान समिति धनबाद का प्रथम जिला सम्मेलन 1992 में इंडियन स्कूल ऑफ माइंस केपेन मेन हाल में आयोजित किया गया था। उसके बाद ज्ञान विज्ञान समिति धनबाद लगातार धनबाद में साक्षरता आंदोलन , महिला सशक्तिकरण , वैज्ञानिक जागरूकता का काम स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार काम करता रहा इसके साथ-साथ पंचायती राज सशक्तिकरण पर भी काम किया। धनबाद जिला के साक्षरता आंदोलन में ज्ञान विज्ञान समिति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इस आंदोलन में 50000 स्वयंसेवक सम्मिलित हुए और 5 लाख लोगों को साक्षरता केंद्र में लाया। हम कह सकते हैं कि की साक्षरता आंदोलन ग्रामीण युवकों का आवाज बना।

बड़े पैमाने पर महिलाएं आशा स्वास्थ्य कर्मी बनी हजारों नवयुवक पारा टीचर बने सैकड़ो पंचायत मुखिया और वार्ड मेंबर बने। हमें आगे लगातार काम करना है हमने कोविड काल में सैकड़ो वॉलिंटियर्स को शिक्षित किया गरीबों के बीच काम किया समझ बनाने के लिए तीन-चार तरह का सर्वे किया और उसके आधार पर रणनीति बनाया। हमें ज्ञान विज्ञान संगठन को बहुत आगे लेकर जाना है हर गांव में ज्ञान विज्ञान समिति का संगठन बनाना है। उन्होंने वर्तमान सचिव भोला नाथ राम के कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि 14 वर्ष के उम्र में स्वयंसेवक के रूप में काम करते हुए जिला सचिव बना। यह कहते हुए डॉक्टर काशी नाथ चटर्जी ने सारे व्यक्तियों को शुभकामना देते हुए आठवीं जिला सम्मेलन के सफलता के कामना करते हुए अपना वक्तव्य को समाप्त किया। प्रो. डॉ. दीपक कुमार सेन द्वारा कहा गया कि आज के दिन विज्ञान आंदोलन को जन - जन तक पहुंचना है , हजारों स्वयं सेवकों का निर्माण करना है ।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।